RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 05
फरीदाबाद, बुधवार, 08 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



बेस्ट प्लेयर के लिए भारत के दो क्रिकेट खिलाड़ी नामित

पेज - 12

## बाजार


| | | | |
|---|---|---|---|
| संसेक्स | 60,286 | ▼ | 220.86 |
| निफ्टी | 17,721 | ▼ | 43.10 |
| सोना | 57,275 | ▲ | 128 /10 gm |
| चांदी | 67,975 | ▼ | 38 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 24.00°C
न्यूनतम 11.00°C

## क्विक न्यूज

### 14 फरवरी को करनाल आएंगे अमित शाह



**चंडीगढ़।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 14 फरवरी को करनाल में आएंगे। इससे पहले भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक होने जा रही है। दो दिवसीय बैठक 10 फरवरी को शुरू होगी। पहले दिन बैठक में प्रदेश पदाधिकारी शामिल होंगे। दूसरे दिन 11 फरवरी को पूरी कार्यकारिणी के प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे। इसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी शिरकत करेंगे।

### राखी की शिकायत पर पति आदिल को किया गिरफ्तार



**मुंबई।** राखी सावंत के पति आदिल खान दुर्रानी को ओशिवारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, सोमवार रात राखी ने आदिल के खिलाफ एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर और धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए एफआइआर दर्ज कराई थी, जिसके बाद आदिल को राखी के घर से गिरफ्तार कर लिया गया। राखी ने पुलिस को ये भी कहा है कि आदिल ने उनसे शादी के नाम पर सारे गहने और पैसे ले लिए हैं। मामले में राखी ने कहा कि आदिल ने मुझसे मेरे ही घर की चाबियां छीन ली हैं और उन्हें वापस करने से मना कर रहा है, काफी समय से मुझे टॉर्चर कर रहा है। उसने बॉलीवुड में नाम कमाने के लिए मेरा इस्तेमाल किया है। वह मुझसे अलग हो गया है और अपनी गर्लफ्रेंड तनु के साथ रह रहा है।

### जम्मू-कश्मीरः पुलिस हिरासत में व्यक्ति की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में 38 साल के व्यक्ति की पुलिस हिरासत में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि उसे हिरासत में प्रताड़ित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को सोनू कुमार को कठुआ के गुंड इलाके से सात ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था। फिर उसे नगरी चौकी स्थित पुलिस हवालात में भेज दिया गया। सोमवार रात हिरासत में उसकी मौत हो गई।

### महाराष्ट्र : कांग्रेस से बालासाहेब थोरात ने दिया इस्तीफा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोरात ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। नासिक विधान परिषद चुनाव के बाद बालासाहेब थोरात और प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के बीच अनबन देखने को मिल रही थी। सोमवार को बालासाहेब थोरात ने नाना पटोले को लेकर कांग्रेस हाईकमान को पत्र लिखकर नाराजगी भी व्यक्त की थी।

## भूकंप प्रभावित देशों के लिए भारत ने राहत सामग्री की दो खेप भेजीं

# 6000 से ज्यादा मौत, तुर्किये में सात दिन का राष्ट्रीय शोक




**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** ने भूकंप की मार झेल रहे तुर्किये को भूकंप राहत सामग्री की दो खेप भेजी हैं। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई है। दरअसल, तुर्किये और सीरिया में घातक भूकंपों के कारण अब तक 6000 से अधिक लोग मारे गए हैं। मृतकों का दो से तीन गुणा होने की आशंका जताई जा रही है। इस त्रासदी की भयावहता यह है कि करीब 35 हजार से ज्यादा लोग जख्मी हैं। जहां-तहां इमारतों के मलबे में लोग दबे हुए हैं। कई लापता है। तुर्किये में सात दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है। इस्राइल और लेबनान में भी कई मौतों की आशंका जताई जा रही है।

विदित हो कि तुर्किये में 7.8, 7.6 और 6.0 तीव्रता के लगातार तीन विनाशकारी भूकंप आए थे। भारत की ओर से भेजी राहत सामग्री की खेप में एक विशेषज्ञ राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल खोज और बचाव दल शामिल है। इसमें पुरुष और महिला दोनों कर्मी, अत्यधिक कुशल डॉग स्क्वॉयड, चिकित्सा से जुड़ी चीजें, उन्नत ड्रिलिंग उपकरण और सहायता प्रयासों के लिए आवश्यक अन्य महत्वपूर्ण उपकरण शामिल थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यह जानकारी दी।

आगरा स्थित आर्मी फील्ड अस्पताल ने 89 सदस्यीय मेडिकल टीम भेजी है। टीम में अन्य मेडिकल टीमों के अलावा आर्थोपेडिक सर्जिकल टीम, जनरल सर्जिकल स्पेशलिस्ट टीम, मेडिकल स्पेशलिस्ट टीम सहित क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट टीम शामिल हैं। टीमें 30-बेड वाली चिकित्सा सुविधा स्थापित करने के लिए एक्स-रे मशीन, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र, कार्डियक मॉनिटर और संबंधित उपकरणों से लैस हैं।

याद रहे, इससे पहले भारत सरकार ने सोमवार को भूकंप प्रभावित देशों को तत्काल राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की तलाशी और बचाव टीम, चिकित्सा टीम और राहत सामग्री भेजने का फैसला किया था। यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रभावित देश को हरसंभव मदद देने के निर्देश के बाद उठाया गया था। अकेले तुर्किये और सीरिया में ही 6000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और करीब 35000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।



### दलाई लामा ने भूकंप त्रासदी पर जताया दुख



**धर्मशाला।** तिब्बत के आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने तुर्किये और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप में बड़ी संख्या में लोगों की मौत पर मंगलवार को दुख जताया। विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक को प्रेषित अपने संदेश में उन्होंने कहा, मैं उन परिवारों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अपनों को खो दिया और उन सभी लोगों के लिए प्रार्थना करता हूं, जो इस त्रासदी से प्रभावित हुए। दलाई लामा ने कहा, इस त्रासदी से प्रभावित तुर्किये और सीरिया के लोगों के साथ अपनी एकजुटता प्रदर्शित करते हुए मैंने दलाई लामा के गडेन फोदरंग फाउंडेशन से बचाव और राहत कार्य के लिए दान देने को कहा है।

भारत से हवाई जहाज के जरिए तुर्किये के लिए राहत सामग्री भेजते हुए



## राहुल ने लोकसभा में सवाल किया, अडाणी और पीएम का क्या रिश्ता, पूछा

# 'अमीरों की लिस्ट में 609वें से दो नंबर पर कैसे आए'

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**लोकसभा** में मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गौतम अडाणी और हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछे। राहुल ने 45 मिनट की स्पीच की शुरुआत भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पूछे गए लोगों के सवालों से की। फिर इन्हीं सवालों का हवाला देते हुए गौतम अडाणी के मुद्दे पर आ गए। राहुल ने कहा, 2014 में गौतम अडाणी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 609वें नंबर पर थे। कुछ ही साल में न जाने क्या जादू हो गया, अडाणी इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए।

इस स्पीच के दौरान एनडीए मेंबर्स ने ऐतराज भी जाहिर किया कि आप प्रधानमंत्री पर बिना आधार के आरोप लगा रहे हैं। आपको इसका सबूत देना चाहिए और अगर नहीं है तो देश से माफी मांगनी चाहिए। हालांकि राहुल की स्पीच इन छोटे-मोटे हंगामों के बीच भी चलती रही और ये अडाणी पर बयानों, सवालों और दावों पर ही फोकस थी।

राहुल गांधी के आरोपों पर भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार को लोकसभा में पलटवार किया। रविशंकर ने कहा कि राहुल ने पीएम मोदी के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाए हैं। कांग्रेस नेता उन सभी बड़े घोटालों में शामिल थे, जिन्होंने भारत की छवि को धूमिल किया। मैं राहुल गांधी को याद दिलाना चाहता हूं कि वे, उनकी मां और उनका बहनोई जमानत पर हैं। बोफोर्स में तो राजीव गांधी पर घोटाले का आरोप है।

मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि नेशनल हेराल्ड और अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले क्या हैं? वाड्रा डीएलएफ घोटाले में क्या हुआ। विजय माल्या को किसने बढ़ाया, उसे लोन पर लोन किसने दिया। नीरव मोदी और मेहुल चोकसी के इवेंट्स में कौन जाता था, आप जाते थे राहुल गांधी। आपकी भी तस्वीरें सामने आ रही हैं।



उधर, लोकसभा में सवालों की बौछार के बीच राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए कहा, एक सवाल तमिलनाडु, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, केरल सब जगह सुनने को मिला। वो नाम था अडाणी। युवाओं ने मुझसे पूछा अडाणी बिजनेस में चले जाते हैं, सफल होते हैं, कभी फेल नहीं होते? अडाणी पहले एक-दो बिजनेस करते थे और अब 8-10 सेक्टर्स में काम करते हैं? 2014 से लेकर 2022 तक 8 बिलियन डॉलर से अब 140 बिलियन डॉलर तक कैसे पहुंच गए? युवाओं ने कहा कि मोदी स्टार्टअप की बात करते हैं, हमें भी सक्सेस प्राप्त करनी है? आप बताइए?

### प्रधानमंत्री मोदी से पूछे सात सवाल

- हिंडनबर्ग रिपोर्ट में लिखा गया कि देश के बाहर अडाणी जी की शेल कंपनिया हैं, सरकार बताए ये कंपनियां किसकी हैं?
- शेल कंपनियों से आ रहा पैसा किसका?
- अडाणी जी हिंदुस्तान के पोर्ट्स-एयरपोर्ट, डिफेंस को डॉमिनेट करते हैं। शेल कंपनीज के बारे में हिंदुस्तान की सरकार ने कोई सवाल नहीं उठाया? ये राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है।
- प्रधानमंत्री आपकी फॉरेन ट्रिप्स पर अडाणी कितनी बार साथ गए?
- कितनी बार आपकी विदेश यात्राओं में अडाणी ने आपसे मुलाकात की?
- प्रधानमंत्री के विदेश दौरों के बाद उस देश में अडाणी कितनी बार गए?
- अडाणी ने कितने पैसे भाजपा को दिए हैं? इलेक्टोरल बॉन्ड में अडाणी जी ने कितने पैसे दिए हैं?

## सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

# हल्द्वानी के चार हजार घर मंदिर-मस्जिद अभी नहीं टूटेंगे

**एजेंसी।** देहरादून

**सुप्रीम** कोर्ट में हल्द्वानी में रेल प्रशासन के दावे वाली जमीन से कब्जाधारियों को हटाने के उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई हुई। उत्तराखंड सरकार और रेलवे ने एससी से मामले का समाधान खोजने के लिए समय मांगा, जिसके बाद कोर्ट ने कहा कि हल्द्वानी के अतिक्रमण आठ हफ्ते तक नहीं हटाए जाएंगे।

मामले में अगली सुनवाई दो मई को होगी। मामला जस्टिस एसके कौल, जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच में था। इसके पहले भी पांच जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में उत्तराखंड हाईकोर्ट के अतिक्रमण फैसले पर रोक लगा दी थी। हल्द्वानी के बनभूलपुरा में रेलवे की 29 एकड़ जमीन पर लोग रहते हैं। रेलवे ने नोटिस जारी कर अतिक्रमणकारियों को एक हफ्ते के अंदर यानी नौ जनवरी तक कब्जा हटाने को कहा था। उत्तराखंड की नैनीताल हाईकोर्ट ने इस अवैध कब्जे को गिराने का आदेश दिया था। इसके बाद करीब चार हजार से अधिक कच्चे-पक्के मकानों को तोड़ा जाना था, लेकिन कोर्ट के आदेश के खिलाफ दिसंबर में कुछ लोगों ने प्रदर्शन किया और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि पांच जनवरी को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के अतिक्रमण हटाने के आदेश पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि सात दिन में 50 हजार लोगों को विस्थापन संभव नहीं है।

### रेलवे ने नोटिस जारी कर नौ जनवरी तक अतिक्रमण हटाने के लिए कहा था



### एडीजे पूनम त्यागी की कार का एक्सीडेंट, मौत

**गाजियाबाद।** मंगलवार सुबह आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर नगला खंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत माइल स्टोन 65 के समीप मैनपुरी में तैनात जज पूनम त्यागी (एडीजे) मैनपुरी (46) की कार हादसे में मौत हो गई। दो दिन की छुट्टी बिताने के बाद पूनम त्यागी गाजियाबाद स्थित घर राजननगर, मोदीनगर से अपनी कार से मैनपुरी जा रही थीं। जब उनकी कार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर 65.700 माइल स्टोन के समीप पहुंची, तभी चालक को नींद आ गई, जिससे कार आगे जा रहे ट्रक में घुस गई। कार को सचिन पुत्र संतराम निवासी कस्तला थाना इंचोली जिला मेरठ चला रहा था। घायलों को पीजीआई सैफई भेजा, जहां डॉक्टरों ने पूनम त्यागी को मृत घोषित कर दिया।

# पुजारियों ने कहा, मौलवियों को सैलरी तो हमें क्यों नहीं

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निवास के बाहर मंगलवार को पुजारियों ने धरना प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि मस्जिद के मौलानाओं को जिस तरह से सरकार सैलरी देती है तो फिर उन्हें क्यों नहीं मिलती।

भाजपा मंदिर प्रकोष्ठ ने मंदिर के पुजारियों की इस मांग को लेकर विरोध दर्ज किया। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष करनैल सिंह ने कहा, जब हिंदुओं के टैक्स के पैसे से मौलवियों को वेतन मिल सकता है तो फिर हिंदुओं को भी मिलना चाहिए। मंदिर के पुजारियों को भी मानदेय मिलना चाहिए। धरने में शामिल साधु-संत ने हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। इस मुद्दे को पिछले साल भाजपा सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने उठाया था। पत्र लिख कर पुजारियों और गुरुद्वारा के ग्रंथियों को भी तनख्वाह देने की मांग की थी।

### सीएम केजरीवाल के घर प्रदर्शन, भाजपा का मिला साथ

# बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल को जमानत देने से कोर्ट का इनकार

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाला मामले में कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को जमानत देने से इनकार कर दिया। मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों कर रहे हैं।

कथित तौर पर 3600 करोड़ रुपये का यह घोटाला अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलिकॉप्टर की खरीद से संबंधित है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि जेम्स की यह दलील कि उसे इस आधार पर जमानत पर रिहा किया जाए कि उसने मामलों में अधिकतम सजा का आधा हिस्सा काट लिया है, स्वीकार नहीं की जा सकती। जेम्स ने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 436ए के तहत जमानत का अनुरोध किया, जिसमें कहा गया है कि अगर किसी व्यक्ति ने अपराध के लिए निर्धारित अधिकतम सजा का आधा हिस्सा काट लिया है तो उसे जमानत पर रिहा किया जा सकता है।

# बजट पर मंत्रियों से सीएम की पांच घंटे चर्चा, पिछली घोषणाओं पर हुआ मंथन

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के बजट को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने मंत्रियों के साथ पांच घंटे से अधिक मंथन किया। सीएम ने अपने सहयोगी मंत्रियों के साथ प्री बजट चर्चा की। इस दौरान 2022 में बजट को लेकर की गई घोषणाओं पर भी मंत्रियों ने मंथन किया।

बजट को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा है कि हरियाणा सरकार आर्थिक सीमाओं को ध्यान में रखकर बजट ला रही है। बैठक के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पत्रकारों को बताया कि इस बार बजट में छह मेडिकल कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेज बनाने का प्रस्ताव रखा जाएगा। इसके अलावा कई और नई योजनाओं को शामिल किया गया है। सरकार के सभी मंत्रियों ने भी अपनी अपनी राय रखी है, जिसको बजट में शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 फरवरी से हमारे बजट सत्र की शुरुआत होगी। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ बजट सत्र शुरू होगा।

प्री बजट बैठक में पिछले साल की घोषणाओं का रिव्यू किया। सरकार की चल रही योजनाओं पर फीडबैक और सुझाव भी लिए गए। सभी प्रशासनिक सचिवों को केंद्र सरकार के बजट में हरियाणा को मिली योजनाओं का अध्ययन करने के लिए कहा गया है।

सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार के बजट में आरआरटीएस के 3600 करोड़ का सबसे ज्यादा फायदा हरियाणा को होगा।

कहा कि वेस्ट टू वेल्थ के संयंत्र लगाकर सरकार आगे बढ़ रही है। गरीब-वंचितों के लिए बजट हो इस पर सरकार काम कर रही है। अंत्योदय की भावना से पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को योजना का लाभ पहुंचे, इसको ध्यान में रखकर बजट बनाया जाएगा।

### इस बार बजट में छह मेडिकल कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेज बनाने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा



पायनियर
हरियाणा, बुधवार, 08 फरवरी, 2023



**शहर का तापमान**
- अधिकतम 24.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 11.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- सेक्टर-11 और 12 चौक से डीसी ऑफिस तक आम आदमी पार्टी के सदस्यों का प्रदर्शन और पुतला दहन: दोपहर 12 बजे
- सूरजकुंड मेले का छठा दिन शुरू: सुबह 10:30 बजे
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 9 बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 10 बजे

**निवेश गुरु**

**आप** इस समय नौकरी या व्यवसाय कर रहे हैं और आपके पास आय का नियमित स्रोत है। क्या आप जानते हैं कि रिटायर होने के बाद आपके पास आय के साधन सीमित होंगे और आपके खर्च बढ़ जायेंगे। इसकी वजह यह है कि बड़ी उम्र में बीमारियों का खतरा अधिक होता है। आपको आवागमन आदि पर अधिक रकम खर्च करनी पड़ती है। निवेश का सही विकल्प चुनने से आपको बुढ़ापे के दौरान आय का स्रोत विकसित करने में मदद मिलती है।

**यूटीलिटी न्यूज़**

### वितरण किए स्कूल बैग



**फरीदाबाद।** दयालनगर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में स्कूल बैग वितरण किए गए। पोलर ऑटो एंड इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से 617 स्कूल बैग उपलब्ध कराए गए। खंड शिक्षा अधिकारी मनोज मित्तल ने कंपनी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अनंगपुर की प्रधानाचार्य मनदीप कौर, लिपिक नरेंद्र नाथ, अमित, विद्यालय दयालनगर की इंदु बाला, प्राइमरी विद्यालय के मुखिया धर्मदत्त शर्मा, गणेश दत्त शर्मा, लिपिक सुभाष और कंपनी से अकाउंट्स हेड अभय लेंका, प्रोडक्शन एंड प्लानिंग हैड दीपक राघव, मानव संसाधन प्रबंधक राधिका कौशिक और परचेज इंजीनियर प्रशांत उपाध्याय उपस्थित रहे। यह संस्था विद्यालयों में कमरे बनवाने, वर्दी व स्कूल बैग इत्यादि देने का कार्य करती रहती है।

**क्विक न्यूज़**

### आरक्षण संबंधी सुनवाई 13 को

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद मंडल की शहरी स्थानीय निकायों में पिछड़े वर्गों के लिए आवश्यक आरक्षण के अनुपात के संबंध में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) दर्शन सिंह की अध्यक्षता में जन सुनवाई 13 फरवरी को 11.30 बजे फरीदाबाद के एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर, सेक्टर -12 में होगी। जिसमें फरीदाबाद सहित पलवल और नूह जिलों के नागरिकों के पक्षों की सुनवाई की जाएगी। डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछड़े वर्गों के अनुपात संबंधित मुद्दे की जांच के लिए फरीदाबाद मंडल की जन सुनवाई के लिए शैड्यूल जारी किया गया है। फरीदाबाद मंडल के तहत आने वाले जिला पलवल, फरीदाबाद और नुहं जिलों के शहरी निकायों में पिछड़े वर्गों से संबंधित मुद्दों की सुनवाई की जाएगी।

# जिम्मेदार कौन : पानी के 4.5 लाख अवैध कनेक्शन, निगम को राजस्व का नुकसान

## आय बढ़ाने के लिए जनप्रतिनिधि और अधिकारी इन्हें वैध करने में नहीं लेते रुचि

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**शहर** के लोग विभिन्न तरह की समस्याओं को लेकर रोज परेशान हो रहे हैं। इन समस्याओं की शिकायत करने पर नगर निगम द्वारा हमेशा कंगाली का रोना रोया जाता है। जबकि निगम अधिकारियों द्वारा आय के बड़े संसाधनों की तरफ जरा भी ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं की जाती। निगम के रिकॉर्ड के मुताबिक शहर में करीब साढ़े छह लाख यूनिट (इमारतें) हैं। लेकिन इनमें से मात्र दो लाख इमारतों में ही पानी और सीवर के वैध कनेक्शन हैं। शेष साढ़े चार लाख इमारतों में कनेक्शन मुफ्त में चल रहे हैं। इसके बावजूद निगम द्वारा इन अवैध कनेक्शनों को वैध करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। चुने गए जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने क्षेत्र में विकास कार्य करवाने के लिए फंड तो मांगा जाता है लेकिन आय बढ़ाने के लिए इन कनेक्शनों को वैध करवाने के कोई प्रयास नहीं किये जाते। इस बात का खुलास एक आरटीआई से हुआ है। जवाब में निगम द्वारा बताया गया है कि किसी जनप्रतिनिधि ने कनेक्शन वैध करवाने के लिए अपने क्षेत्र में कैम्प लगाने को आवेदन नहीं किया। ऐसा नहीं की लोग इन्हें वैध नहीं कराना चाहते। यदि जगह जगह शिविर लगाए जाए तो कनेक्शनों को वैध कर निगम को भारी राजस्व मिल सकता है।



पर्वतीय कालोनी स्थित जलघर में पानी का बूस्टर।



एनएच पांच के पार्क में मरम्मत के लिए खोला गया ट्यूबवैल।

### हर इलाके में अवैध कनेक्शन

**शहर** के प्रत्येक इलाके में मकानों अथवा व्यवसायिक संस्थानों में पानी और सीवर के अवैध कनेक्शन हैं। इसके लिए लोगों के साथ निगम के कर्मचारी भी जिम्मेदार हैं। निगम कर्मचारी निजी स्वार्थ के लिए लोगों को अवैध कनेक्शन करने की छूट दे देते हैं। शहर में प्राइवेट प्लम्बरों को कहीं भी सरकारी पाइप लाइन को काट कर अवैध कनेक्शन करते हुए आसानी से देखा जा सकता है। इस दौरान स्थानीय लोगों द्वारा पूछताछ करने पर प्लम्बर निगम के अधिकारियों से ही बात करवा देते हैं। एनआईटी इलाकों में चारों तरफ तेजी के साथ चार से छह मंजिला फ्लैट नियमों को ताक रख कर बनाए जा रहे हैं। इन मकानों में पानी के अवैध कनेक्शन भी दिये जा रहे हैं। इसी तरह शहर की वैध कालोनियों में वैध कनेक्शन से कई गुणा ज्यादा पानी के अवैध कनेक्शन चल रहे हैं। जिले भर में कृषि भूमि अथवा अन्य जमीनों पर कालोनियां काटी जा रही है। जहां कर्मचारियों की शह पर पानी के अवैध कनेक्शन सरेआम जोड़े जा रहे हैं। इतनी भारी संख्या में कनेक्शनों को वैध करने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

### कनेक्शन की नहीं है नीति



एनआइटी की बस्ती में पानी भरते लोग।

**मकानों** में पानी अथवा सीवर का कनेक्शन लेने के लिए नगर निगम के पास कोई स्पष्ट नीति नहीं है। नियमों के मुताबिक मकान का नक्शा पास होने के बाद पानी का कनेक्शन दिया जाता है। वहीं निर्माण के बाद मकान का कम्पलीशन सर्टीफिकेट जारी होने के बाद सीवर का कनेक्शन दिया जाता है। लेकिन निगम की विभिन्न रिहायशी कालोनियों में दोनों ही तरह के कनेक्शन देने के लिए किसी नियम का पालन करते हुए नहीं देखा जाता है। इसी वजह से शहर में लाखों की संख्या में पानी और सीवर के अवैध कनेक्शन चल रहे हैं। पिछले दिनों एफएमडीए द्वारा करोड़ों रुपये का पानी का बिल भरने का दबाव आने पर अवैध कनेक्शनों को काटने का अभियान चलाने की घोषणा की थी। जिसके बाद लोग अपने अवैध कनेक्शनों को वैध करवाने के लिए दर दर की ठोकरें खाते नजर आए थे। जिसका फायदा निगम के कुछ कर्मचारी बाखूबी उठा रहे थे। अपने फायदे के लिए यह लोग सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जबकि ऐसी स्थिति में नगर निगम को कनेक्शन वैध करने के लिए जगह जगह शिविर लगाने चाहिए।

### इनका नहीं है रिकॉर्ड

**नगर** निगम के रिकॉर्ड के मुताबिक शहर में साढ़े छह लाख प्रोप्टी टैक्स यूनिटों में से सिर्फ दो लाख में ही पानी और सीवर के वैध कनेक्शन लगे हुए हैं। यह आंकड़ा भी नगर निगम को इसलिए मिल पाया हैं, क्योंकि इन इमारतों का प्रोप्टी टैक्स नगर निगम के पास जमा करवाया जाता है। अन्यथ यह आंकड़ा भी निगम के पास मौजूद नहीं होता। शहर के विभिन्न इलाकों में सरकारी जमीनों पर दर्जनों घनी आबादी वाली अवैध बस्तियां बसी हुई हैं। जहां लाखों की संख्या में मौजूद मकानों में सीवर और पानी के अवैध कनेक्शन हैं। हैरानी की बात यह है कि सरकारी जमीनों पर बसी अवैध बस्तियों में सीवर और पानी की लाइनें आखिर किसने डलवाई हैं। इसी तरह शहर में जगह जगह खेतीबाड़ी की जमीनों पर प्लॉटिंग कर अवैध कालोनियां बसाई जा रही है। इन अवैध बस्तियों से नगर निगम को प्रोप्टी टैक्स भी नहीं मिलता है। इनका निगम के पास कोई रिकॉर्ड नहीं है। जबकि यह लोग निगम की लाइनों से पानी लेकर मुफ्त में इस्तेमाल कर रहे हैं। इनके लिये नगर निगम ने अभी तक कोई नीति ही नहीं बनाई।

### आय बढ़ाने पर ध्यान नहीं



**सामाजिक** कार्यकर्ता रविंद्र चावला का कहना है कि निगम में दायर की गई आरटीआई से पता चला कि पिछले करीब पांच सालों में सीवर-पानी के अवैध कनेक्शनों को वैध कराने के लिए किसी जनप्रतिनिधियों ने निगम में आवेदन नहीं किया। जिससे लगाता है, अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों की रूचि भी निगम की आय बढ़ाने में नहीं है। जिसके कारण सरकार को भारी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# कालीन पर खर्च किया पैसा व्यर्थ नहीं जाता

## अनार, अखरोट और पत्थर से रंग निकाल कालीन किया तैयार

**कविता।** फरीदाबाद

**अफगानिस्तान** की राजधानी काबूल के रहने वाले मौहम्मद इशहा तैमूरजादा का परिवार सदियों से कालीन (कारपेट) बनाने के व्यवसाय के साथ जुड़ा है। उनके कालीन देश विदेश में काफी पसंद किये जाते हैं। भारत में भी इनकी काफी मांग है।

तैमूरजादा सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले में स्टॉल नंबर 223, 224 और 225 में कालीनों का प्रदर्शन कर रहे हैं। दर्शक एक से बढ़कर एक सुंदर कालीनों को देख स्टॉल पर खिंचे चले आ रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज उनके कालीनों की सरहाना कर चुके हैं। इस बार मेले में वह अनार, अखरोट से तैयार किए हुए रंगों के संग पत्थर से ब्लू कलर निकाल कर चुली कारपेट डिजाइन लेकर आए हैं।



मेले में अपने स्टॉल पर अनार, अखरोट और पत्थर से बने रंगों के कालीन दिखाते शिल्पी मोहम्मद इशहा तैमूरजातादा

**बचपन का शौक :** तैमूरजादा बताते है कि प्राचीन काल में उनके पूर्वज शाही घरानों के लिए कालीन तैयार किया करते थे। बचपन से ही वे अपने पिता वाहेद, दादी अब्दुल वाहद, माता यल्दा और दादा पदर को काम करते हुए देखते थे। बीबीए करने के बाद वे पुश्तैनी काम से जुड़ गए।

मेहनत के बल बूते पर धीरे धीरे उनकी कलां में निखार आने पर पुश्तैनी काम को शिखर पर पहुंचाना शुरू कर दिया। उनका तुर्कीस्तान में तैमूरजादा कारपेट लिमिटेड के नाम से कालीन का कारखाना है। जहां करीब 100 से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं। वह भारत, यूरोप, दुबई, जर्मनी और स्पेन समेत कई देशों में माल एक्सपोर्ट करते हैं। परिवार में बेटा यूसुफ, बेटी मरियम और हवारा शामिल है।

**2009 से आ रहे मेले में:** मौहम्मद इशहा ने बताया कि वे भेड़ की ऊन से कालीन तैयार करते हैं। एक भेड़ के बालों से करीब एक किलोग्राम ऊन निकलती है। ऊन निकाल कर उसे धो कर सुखाया जाता है। धागा तैयार बनकर रंगा जाता है। जिसके बाद हाथों से कालीन बनाए जाते हैं। एक बड़े कालीन को तैयार करने में करीब एक साल लगता है।

कालीन पर खर्च किया गया पैसा कभी भी व्यर्थ नहीं जाता। क्योंकि भेड़ की ऊन से तैयार कालीन करीब 50 से 60 सालों तक चलता रहता है। उनके पास 10 हजार रुपये से लेकर दो लाख रुपये के कालीन मौजूद हैं। वह मेले में भारतीय दूतावास के सहयोग से वर्ष 2009 से आ रहे हैं। यहां हर बार उन्हें काफी संख्या में कालीन और कलां के कद्रदान मिलते हैं।

# मेले में रतन कान्वेंट स्कूल ने लहराया परचम

## अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में राजस्थानी हवेली पर मोटे अनाज के व्यंजनों की धूम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**रतन** कॉन्वेंट स्कूल, के छठी से ग्यारहवीं तक की कक्षाओं के बच्चों ने सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय मेला में फिर से अपनी प्रतिभा को बरकरार रखते हुए डांस, कुकिंग विटआउट फायर कला के साथ मंगलवार को ड्राइंग कला प्रतियोगिता में 40 प्रतिभागियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। जिसमें कक्षा छठी से भारती, गौरंगी, स्वेच्छा, अंचल, कनिष्का, जिया, काशवी, निकिता, मयंक, मीनाक्षी, अमन ओर पल्लवी ने कक्षा सातवीं से प्राची, ज्योति, कविता, भूमि, अनीता, निशा, तमन्ना, टिया, कीर्ति, अनुष्का, दक्षिता, यतिका, अनुष्का, प्रतिज्ञा और अनुष्का तनवर ने तथा कक्षा 8 वीं से प्रियांशु, रवि, निशि, तृप्ति, वर्षा, प्रीत, और नितिन ने अपनी कला का श्रेष्ठतम परिचय देते हुए दर्शकगणों के आकर्षण का केंद्र रहे। साथ ही 9वीं से इरम ने और कक्षा 11वीं के कमल, खुशी, तनीषा, दीपक, दिव्या और साक्षी ने भी दर्शकों को अपनी चित्र कला के अदभुत और सकारात्मक रूप से परिचित कराते हुए इस मेले के आकर्षण का केंद्र बने। विद्यालय के प्रधानचार्य मनोज कुमार ने उन्हें आज की प्रार्थना सभा में सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए व पुरस्कृत करते हुए प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान किए तथा अन्य विद्यार्थियों को भी विभिन्न प्रतियोगितायों में भाग लेने व सफलता प्राप्ति हेतु प्रेरित किया। साथ ही विद्यालय के चेयरमैन मान यशवीर सिंह डागर ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनायें दीं।



मेले में सर्टिफिकेट पाने वाले विद्यार्थी स्कूल के प्रिंसिपल मनोज के संग।

# हस्तशिल्प मेले में विदेशी कलाकार कर रहे हैरान

## विदेशी कलाकारों ने पानी आली पानी प्यादे, गाकर किया मंत्रमुग्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**गले** में कंठी, हाथ में कंगन पायल की झंकार सै। सूरजकुंड अंतराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला में जब हरियाणवी संस्कृति से ओतप्रोत इस गाने पर हरियाणा के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी तो छोटी चौपाल में बैठे दर्शक झूम उठे। छोटी चौपाल पर मंगलवार को दिन भर देशी विदेशी दर्शक हरियाणवी संस्कृति के रंग में रंगे नजर आए। जब घाना से आए कलाकारों को हरिणवी गाना -पानी आली पानी प्यादे- को गाने का आग्रह किया तो विदेशी मेहमानों ने न केवल इस गाने के बोल सुनाए बल्कि गाने के साथ-साथ पानी पीने का इशारा करते हुए झूम उठे।



पानी आली पानी प्यादे- हरियाणवी रागनी गाते विदेशी कलाकार।

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कल एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग तथा पर्यटन विभाग हरियाणा के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में आज हरियाणा की 12 सांस्कृतिक टीमों तथा 10 विदेशी कलाकारों की टीमों ने अपनी प्रस्तुतियां दी।

बुधराम, गुलाब सिंह तथा विकी एंड पार्टी ने हरियाणवी लोक नृत्य के माध्यम से हरियाणा की कला एवं संस्कृति को दर्शकों के सामने रखा। वहीं हास्य कलाकार नीरज ने बीच-बीच में अपने चुटीले अंदाज में दर्शकों का मन मोह लिया। पारंपरिक सांग नीलो चमन का किस्सा सुनकर लोग अपनी पुरानी सांस्कृतिक विरासत को याद करने लगे। साथ ही नई पीढ़ी को सांग का मतलब समझाते नजर आए। गुरप्रीत एवं उसके दल ने कव्वाली तथा सुनीता एंड पार्टी के हरियाणवी फोक बैंड ने हरियाणा की परंपरा को स्टेज पर सजीव कर दिया। इस दौरान कल एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की संयुक्त निदेशक रेणु हुड्डा, डा. दीपिका, सुमन, संदीप यादव आदि उपस्थित रहे।

# पर्यटकों को लुभा रहे मोटे अनाज से तैयार व्यंजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**36वें** सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला में संयुक्त राष्ट्र महासभा की घोषणा अनुरूप वर्ष 2023 को मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाने की पहल का असर पर्यटकों में खास तौर पर देखने को मिल रहा है। मेला परिसर में मुख्य चौपाल के सामने राजस्थानी हवेली पर बने मोटा अनाज के व्यंजन पर्यटकों को खासे भा रहे हैं। दिनभर इस स्टाल पर मोटा अनाज के व्यंजनों का स्वाद चखने के लिए लोगों में खासी उत्सुकता देखने को मिल रही है। यहां तैयार बाजरा की रोटी और सरसों का साग, दाल भाटी चूरमा खादय पदार्थों में पहली पसंद बना हुआ है।





बाजरे से बने खाद्य पदार्थ खरीदते लोग ।

राजस्थानी हवेली में मोटा अनाज: मेला परिसर में राजस्थानी हवेली के नाम से बनी स्टाल पर दिनभर मेला देखने आए लोगों की भीड़ जमा रहती है। इस स्टाल पर नियमित रूप से दाल भाटी चूरमा, बाजरा रोटी, कटे सांगरी थाली, मिसी रोटी, मक्का रोटी, गटटा सब्जी थाली, प्याज कचोरी, जोधपुरी मावा कचोरी, जोधपुरी मिर्ची बड़ा, चूरमा लडडू, छोले भटूरे, मूंग दाल हलवा, साग भाजी, बीकानेर की सरिया कचोरी, मूंग दाल पकौड़ी, कुल्हड चाय, मारवाड़ी कुल्फी पर्यटकों के लिए तैयार की जा रही हैं।

**बाजरा की रोटी और दाल भाटी चूरमा:** राजस्थानी हवेली के संचालक विजय गुप्ता कहते हैं कि वे दसवीं बार मेले में अपनी स्टाल लगा रहे हैं, इस बार वे सरकार की मोटा अनाज वर्ष मनाने की पहल पर सभी व्यंजन मोटा अनाज से जुड़ी खादय वस्तुएं पर्यटकों को परोस रहे हैं। उनका कहना है कि इस बार मेले में पर्यटक बाजरा अनाज के उत्पादों को तरजीह दे रहे हैं। बाजरा की रोटी और हरी सब्जियों का जायका दर्शकों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। गुप्ता जी कहते हैं कि मोटा अनाज सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता ह।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है, तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद, एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा, पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

**नज़रिया**



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

समंदर बह गये कितने मेरी आँखों के पानी में
छुपा है दर्द कितना कौन जाने इस कहानी में
किसी को क्या पता उससे बिछड़कर उम्रभर कोई
किसी सूखे हुए पत्ते सा भटका ज़िंदगानी में

# मेले में रोज डे पर युवाओं ने की जमकर मस्ती

## शहर के बाजारों में खूब बिकते नजर आए गुलाब

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**36वें** सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय मेले में रोज डे पर कुछ अलग ही रंगत नजर आ रही थी। ऐसे में युवाओं की भीड़ ने मेले में जमकर मस्ती की। रोज डे पर कुछ दंपति भी मौके का फायदा उठाते मस्ती करने में युवाओं से किसी भी तरह से पीछे नहीं रहे। मेले के दूसरी तरफ पांचवें दिन बसों में भी भीड़ बढ़ गई।

इसी के संग दुकानों पर भी लोग खरीददारी करते नजर आए। एनएच एक की मार्केट में एक फूल विक्रेता ने बताया कि सिंगल गुलाब के बजाय रोज डे पर इस बार बुके अधिक बिक रहे हैं। सिंगल गुलाब कॉलेज के विद्यार्थी और अन्य युवा खरीद रहे हैं। अरावली की पहाड़ियों में चल रहे सूरजकुंड क्राफ्ट मेला धीरे-धीरे यौवन पर बढ़ता जा रहा है। मेले में कोई बीन की धुन तो कोई ढोल की थाप पर नृत्य कर रहा हैं।





रोज डे पर बुके ले जाते हुए ग्राहक।



रोड डे पर मेले में थिरकते कपल।

नाचते गाते देशी-विदेशी पर्यटक सूरजकुंड मेले को और भी भव्य रूप दे रहे हैं। प्रदेश की परंपरागत कलाओं के रंगों व फिल्मी धुनों पर मंगलवार को छात्रों ने जमकर मस्ती की। इस दौरान मेले में दोस्तों के साथ मस्ती करती सारिका, रितु और मधु ने बताया कि रोज डे है और मौसम भी अच्छा है। जिस कारण से वह मेले में अपनी सहेलियों के साथ मौज-मस्ती करने आई है। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि जिस तरह से वह अपना रोज डे सहेलियों के साथ सूरजकुंड में मना रही है, उसी तरह से वे भी मनाए। वहीं प्रिया और अनुज ने कहा कि रोज डे ओसम मना हैं। सूरजकुंड मेले में आकर मस्ती दुगनी हो गई है।

**बसों में भीड़ :** शुरूआत में मेले के लिए चल रही हरियाणा रोडवेज की बसें पूरी तरह से खाली चल रही थी। वहीं पांचवें दिन भीड़ बढ़ गई। हरियाणा रोडवेज की बस में तैनात परिचालक अमन कुमार ने कहा कि पहले तो भीड़ समान्य थी। लेकिन अब भीड़ बढ़ रही है। सात फरवरी को 50 से 55 लोग एक बस में सवार हो रहे है। रोडवेज के चालक हरवीर सिंह ने बताया कि बस में भीड़ बढ़ रही है और जिनमें युवाओं की संख्या ज्यादा है। कपल और युवाओं की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है।

# बबली सनातन रत्न अवार्ड से सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अहसास** चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आर्या ऑडिटोरियम ग्रेटर कैलाश नई दिल्ली मे आयोजित सम्मान समारोह व प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे देश विदेश से आए हुए सामाजिक धार्मिक पर्यावरण खेल सिनेमा सांस्कृतिक क्षेत्र से जुडी हस्तियों को सम्मानित किया गया।

इसी कडी में पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा को वीवीआईपी गेस्ट के तौर पर आमंत्रित किया गया व सनातन रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। ट्रस्ट के चेयरमैन रंजीत सिंह व अध्यक्ष आरती मेहता ने कहा पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली का समाज उत्थान व सामाजिक धार्मिक कार्यों मे बहुत योगदान है। हमे गर्व महसूस हो रहा, उन्हें सनातन रत्न अवार्ड से सम्मानित करते हुए। सुरेन्द्र शर्मा बबली ने सम्मान के लिए सहृदय आभार व्यक्त किया और कहा मैं सदैव जनमानस की सेवा मे समर्पित रहूंगा। इससे पहले भी पंडित बबली को अनेको सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।



मिस वर्ल्ड सूसंग और मिस इंडिया अमृत कौर से अवार्ड पाते सुरेन्द्र बबली।

बबली को मिस वर्ल्ड सूसंग और मिस इंडिया अमृत कौर ने सम्मानित किया। इस अवसर पर श्याम जाजू, ओपी राजपुरोहित, कंचन सिंह, वान्या, राखी, किरतयांशी, संजीव, प्रवीण, सोमाणी, तपस, माया, धर्मेंद्र, वत्स कमल रामजीलाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# तुर्की के कलाकारों का दर्द छलका, बोले नहीं हो पा रही बात

## मेले आए तुर्की के शिल्पी परिजनों से बात न होने से काफी परेशान नजर आए

**कविता।** फरीदाबाद



तुर्की स्टॉल पर पांचों सदस्य।

**पांच** हजार जान चली गई, अब हम अपनों से बात नहीं कर पा रहे, यह कहना था सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय मेले में मौजूद तुर्की से पांच कलाकारों का। गौरतलब है कि तुर्की में सोमवार सुबह 04:17 बजे भूकंप आने से सबकुछ अस्त व्यस्त हो गया है। तुर्की के साथ सीरिया के कई शहरों में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। हर साल की तरह इस बार भी सूरजकुंड मेले में तुर्की के कई कलाकार अपनी हस्तकलां का प्रदर्शन करने के लिए आए है।

भूकंप के कारण हुई त्रस्दी का असर मेले में मौजूद तुर्की के स्टॉल नंबर 955 पर मौजूद ईविल आईए समेत पांच सदस्यीय दल के चेहरों पर साफ दिखाई दे रहा है। तुर्की से आए कलाकारों से जब पायनियर की तरफ से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि जो हालात हमें न्यूज के जरिये मिल रहे हैं, केवल उसकी जानकारी ही हमें है। भूकंप आने के बाद हम न तो अपने परिजनों से बात कर पा रहे है और न ही उनसे किसी तरह का सम्पर्क हो पा रहा है।



तुर्की स्टॉल पर खरीददारी करते लोग।

**खरीदारों की भीड़ :** तुर्की के स्टॉल डेकोरेटिव लाइट्स के अलावा ईविल आईए अपने उत्पादों से पर्यटकों का ध्यान लुभा रहे हैं। इन शिल्पकारों द्वारा गृह सज्जा के लिए छोटी-बड़ी लाईटें, मैरिन ग्लास तैयार किए जाते हैं। इटेलियन ग्लास हस्तशिल्प उत्पादों के लिए प्रसिद्ध है। इस स्टॉल पर विशेषकर महिलाएं गृह सज्जा के उत्पादों में गहरी रुचि दिखा रही हैं। जिसके कारण स्टॉल पर काफी भीड़ लग रही है। भीड़ के बीच जब तुर्की के पांचों सदस्यों से बातचीत करने का प्रयास किया गया तो वह मायूस हो गए। उनके चेहरे पर दुख और पीड़ा साफ नजर आई।

**बस इतना ही कहा :** पांचों तुर्की नागरिकों ने बस केवल एक ही बात कही कि पांच हजार लोगों की जान चली गई है, अब हम इसके बारे में क्या कहें। केवल इतना कह रहे है कि काम में मन लगा रहे है। ताकि ध्यान उस तरफ न जाए। उन्होंने आगे कहा कि कल से फोन मिलाकर परेशान हैं, दिमाग में अपने लोगों की चिंता है, लेकिन फिलहाल वह कुछ भी नहीं कर सकते। क्योंकि वह अपनों से इतनी दूर बैठे हुए हैं। सिर्फ मन मसोस कर जल्द से जल्द मेला समाप्त होने का इंतजार कर रहे हैं।

# एक्सप्रेस वे के अंडरपास में चाकुओं से गोदकर किशोर की हत्या

## बच्चे की बहन की शादी 18 फरवरी व बड़े भाई की 23 फरवरी को होनी है

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



बीके अस्पताल के शवगृह के पास खड़े मृतक के परिजन। विपिन का फाइल फोटो

**गांव** भनकपुर के निकट मुम्बई-बड़ौदरा एक्सप्रेस वे के अंडरपास के नीचे पहले से खड़े कुछ युवकों ने स्कूटी पर सवार होकर आ रहे तीन किशोरों को रोक लिया। युवकों ने एक किशोर और किशोरी को वहां से भगा दिया। जिसके बाद उन्होंने तीसरे किशोर पर चाकुओं से ताबड़ तोड़ वार करने शुरू कर दिया। खून से लथपथ हो जाने पर आरोपी उसे मृत समझ कर मौके से फरार हो गए। अन्य दोनों बच्चों के बताने और हाइवे पर काम कर रहे मजदूरों का शोर सुनकर परिजन ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे। घायल किशोर को तुरंत बीके अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर का शव शवगृह में रखवा कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

गांव भनकपुर में जसवंत अपाने परिवार के साथ रहते हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चें है। 18 फरवरी को उनकी बेटी की शादी है जबकि 23 फरवरी को बड़े बेटे की बारात जानी तय है। सबसे छोटा 16 वर्षीय बेटा विपिन तेबतिया 11वीं कक्षा में पढ़ रहा था। मंगलवार को वह किसी काम से सीकरी गांव गया था। जहां से दोपहर को वह अपने एक दोस्त और उसकी बहन के साथ स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रहा था। तीनों जैसे ही भनकपुर गांव की सीमा के पास एक्सप्रेस वे के अंडरपास में पहुंचे, तभी वहां पहले से खड़े कुछ युवकों ने स्कूटी को रुकवा लिया।

युवकों ने विपिन को स्कूटी से उतार कर अन्य दोनों को वहां से भगा दिया। जिसके बाद आरोपियों ने विपिन पर चाकुओं से ताबड़ तोड़ वार करने शुरू कर दी। विपिन खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया।

## परिजनों ने लगाया साजिश के तहत हत्या करने का आरोप

जिसके बाद आरोपी उसे मृत समझ कर मौके से फरार हो गए। तभी एक्सप्रेस वे पर काम कर रहे मजदूरों ने घटना को देख कर शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसे सुन कर भनकपुर के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इस बीच अन्य दोनों बच्चों के बताने पर विपिन के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। विपिन को तुरंत बीके अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने विपिन को मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने प्याला गांव निवासी एक युवक पर हत्या करने का संदेह जताया है। उनका कहना कि आरोपी युवक ने साजिश रच कर विपिन की हत्या की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

# बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर एसीएस पावर के नाम सौंपे ज्ञापन



प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

**फरीदाबाद।** हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर पूरे प्रदेश के सभी सर्कलों पर कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार व निगम मैनेजमेंट के खिलाफ दो घंटे जमकर विरोध प्रदर्शन कर खिलाफत में नारेबाजी की। प्रदर्शनों की इसी कड़ी में फरीदाबाद सर्कल की चारों डिवीजनों पर अपनी माँगों को लेकर एचएसईबी वर्कर यूनियन के राज्य कमेटी से केंद्रीय परिषद के नेता सतीश छाबड़ी के नेतृत्व व कर्मवीर यादव सर्कल सचिव सहित पूर्व सर्कल सचिव सन्तराम लाम्बा की अगुआई में कर्मचारियों ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के ओल्ड फरीदाबाद डिवीजन में प्रधान पुष्पेंद्र सिंह व सचिव लेखराज चौधरी, एनआईटी फरीदाबाद डिविजिन में प्रधान विनोद शर्मा व सचिव बृजपाल तंवर, ग्रेटर फरीदाबाद डिविजिन में प्रधान सुनील चौहान व सचिव रविदत्त शर्मा, बल्लभगढ़ डिविजिन में प्रधान मदन गोपाल शर्मा व सचिव सुरेन्दर सिंह शर्मा, एचवीपीएन सर्कल के सर्कल सचिव प्रीतम सिंह व मुरारीलाल, मुकेश रोहिला की मौजूदगी कर्मचारियों ने गरजते हुए फरीदाबाद के पाँचों एक्सईएन (कार्यकारी अभियंताओं) के माध्यम ए.सी.एस पावर हरियाणा सरकार (अतरिक्त मुख्यसचिव) के नाम अपने विरोध दिवस को मनाते हुए अपने ज्ञापन सौपे। मांग पत्र में यूनियन की ओर से डिमांड्स करते हुए कहा कि निगम में लगे कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने और जब तक इन्हें पक्का नही करता है। प्रदर्शनों में अशोक लाम्बा, सुधीर कौशिक, सियाराम, संजय राठौर, हरिकेश, अजय शर्मा, सुमन्त, जगदीश, महेन्दर, सुखबीर, नितिन, प्रेम, मुकेश, राजेश, देवेंदर, सोनू, परवीन, बीरसिंह, महेन्द्रपाल, राजेन्द्र, नरेंद्र, विजय आदि सैंकड़ों की संख्या में दफ्तरों पर बिजली कर्मचारियों ने जोरदार हल्ला बोलते हुए अपना विरोध प्रदर्शन किया।

# दक्षिण अफ्रीका के जायके का अनुभव कराता फूड फेस्टिवल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**होटल** क्राउन प्लाजा, ग्रेटर नोएडा (सीपीजीएन) द्वारा अपने रेस्त्रां मोज़ेक में 9 फरवरी 2023 तक साउथ अफ्रीकन फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका पर्यटन बोर्ड के सहयोग से आयोजित इस फूड फेस्टिवल के माध्यम से दिल्ली/एनसीआर वासियों को अपने शहर में अफ्रीकी सफारी फ्लेवर का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा।

जब भोजन की बात आती है, तो दिल्लीवासी और एनसीआर के लोग उत्साहित हो जाते हैं और किसी भी नए अनुभव को शानदार प्रतिक्रिया के साथ हाथों-हाथ लिया जाता है। वे खाने को लेकर संजीदा हैं और विभिन्न देशों, क्षेत्रों और संस्कृतियों से नए व्यंजन आजमाना चाहते हैं। उनकी पसंद और रुचि को ध्यान में रखते हुए, एसएटीबी के साथ सीपीजीएन ने इस उत्सव में प्रामाणिक और विविध स्वादों से भरपूर विशिष्ट व्यंजनों को एक साथ रखा है। साउथ अफ्रीकन फूड फेस्टिवल में दक्षिण अफ्रीका के शेफ अबीगैल और शेफ सिफोकाज़ी दिल्ली, एनसीआर में भोजन प्रेमियों को विदेशी मसालों की अनूठी सुगंध और पाक कला की बेहतरीन प्रस्तुति का अनुभव कराने के लिए एक असाधारण मेनू तैयार करेंगे। फूड फेस्टिवल के मेन्यू में एसए मल्टीकल्चरल कलिनरी इंफ्लुएंस में लैम्ब बोबोटी (नॉन-वेज), लैंटिल बोबोटी (वेज), येलो राइस एंड संबल शामिल हैं। वही तशिसान्यामा - ब्राई (बीबीक्यू) में लैम्ब चॉप्स/चिकन थाई/भैंस सॉसेज के साथ अपना इतिहास पेश करता है। (मांसाहारी) - स्मोक्ड कर्टगेट/ऑबर्जिन/मशरूम(ब्राईड वेज), चकलाका, पैप एंड कोलेसलाव और स्वीट एंडिंग में जिंजर बीयर/जेमर (नॉन-अल्कोहलिक ड्रिंक) एवं मालवा पुडिंग के विकल्प उपलब्ध रहेंगे। क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा के महाप्रबंधक, शरद के. उपाध्याय ने फेस्टिवल के बारे में बताया कि साउथ अफ्रीकन फूड फेस्टिवल अपनी तरह का फूड फेस्टिवल है, जिसे साउथ अफ्रीका टूरिज्म के सहयोग से भारत-दक्षिण अफ्रीका के 30 साल के द्विपक्षीय संबंधों के जश्न के हिस्से के रूप में आयोजित किया जा रहा है। मास्टर शेफ दक्षिण अफ्रीका के प्रतियोगियों-शेफ सिफोकाज़ी मडलांकोमो और शेफ अबीगैल मबालो के नेतृत्व में, त्योहार 3 से 9 फरवरी 2023 तक हमारे संरक्षकों, मेहमानों और दोस्तों के लिए प्रामाणिक, स्वदेशी व्यंजन परोसते हुए प्रामाणिक दक्षिण अफ्रीकी व्यंजनों और चखने वाले मेनू के निष्पादन की पेशकश करता है। हमारे पुरस्कार विजेता मल्टी-कूजीन रेस्तरां मोज़ेक में सर्वश्रेष्ठ दक्षिण अफ़्रीकी व्यंजनों का आनंद लेना सभी के लिए पहला और अनूठा अनुभव होगा। अपनी तरह का यह अनुभव खाद्य प्रेमियों को अपने मूल देश में हजारों मील की यात्रा किए बिना प्रामाणिक दक्षिण अफ्रीका व्यंजनों का स्वाद चखने का अवसर देगा।

# जमीं पर उतरे हिंदी सिनेमा के गोल्डन एरा के सितारे

## किरण नादर म्यूजियम ऑफ आर्ट, नोएडा में फोटोग्राफर जेएच ठक्कर की तस्वीरों की प्रदर्शनी आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**हम** बंबई फिल्म उद्योग के सुनहरे दौर और इसके पीछे की शख्सियतों को एक नॉस्टेल्जिया के साथ याद करते हैं। यह हममें एक कल को भी जन्म देता है, क्योंकि वे जिस दुनिया को पेश करते हैं वह सदाबहार भी है और बदल भी रही है। अतीत के ये चेहरे किसी दूसरी ही दुनिया की तरह मालूम पड़ते हैं, जो बहुत दूर, कहीं गुम हो गए हैं, और अब बस उनकी पहली परछाइयाँ हमारे जेहन में घूमती रहती हैं।

सिनेमा के दीवानों को गोल्डन एरा की उन्हीं यादों में फिर से ले जाने के लिए किरण नादर म्यूजियम ऑफ आर्ट (केएनएमए) ने जे.एच. ठक्कर द्वारा खींचे गए बंबई के फिल्मी सितारों के पोर्ट्रेट फोटोग्राफ़ को पेश करती प्रदर्शनी 'सितारे जमीं पर' का आयोजन किया है। रूबीना करोडे द्वारा क्यूरेटेड यह प्रदर्शनी इस उपमहाद्वीप में फिल्मी दुनिया के लंबे इतिहास के एक खास जमाने की झलक देती है। यह जमाना है 1947 से 1968 के बीच के अहम दशकों का यही वह जमाना है जिसे आम तौर पर हिंदी सिनेमा का सुनहरा दौर माना जाता है। सितारे जमीं पर शीर्षक से आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन अभिनेत्री शर्मिला टैगोर ने किया। उन्होंने कहा, बहुत ही अद्भुत फोटोग्राफ की प्रदर्शनी है यह। मेरा यहां आना सफल हुआ, मुझे यहां आना ही था, यह संकलन शानदार है और जिस तरह से इसे प्रदर्शित किया गया है वह शानदार और खूबसूरत है। यहां मौजूद हर फोटो एक से बढ़कर एक हैं और उस ज़माने में ले जाते हैं, जो अलग था, अपने आप में खास था, हमारे इतिहास का महत्वपूर्ण दौर था वो। सभी अपने दौर के महान कलाकार थे, यहां मैने उनके जबरदस्त फोटो देखे, एक से बढ़कर एक, बहुत ही खूबसूरती के साथ संकलित किया गया है फोटोग्राफ को। ब्लैक एंड व्हाइट फोटो का जादू बहुत ही अद्भुत है। 'सितारे जमीं पर' के नाम से केएनएमए, नोएडा सेक्टर-126 में आयोजित यह प्रदर्शनी 30 अप्रैल तक चलेगी।

# डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'मैं भी सशक्त नारी' को मिला सर्वश्रेठ अवार्ड



अवार्ड जीतने वाले टीम के सदस्य कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर के साथ।

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग की डॉक्यूमेंट्री फिल्म को हरियाणा फिल्म महोत्सव-2023 में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इस महोत्सव का आयोजन विश्व संवाद केंद्र और सिने फाउंडेशन के तत्वावधान में हिसार के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में 4-5 फरवरी को किया गया था।

विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा अलग-अलग विषय पर भेजी गयी कुल आठ फिल्में महोत्सव में फिल्मांकन के लिए चयनित हुई थी। चयनित फिल्मों में विभाग की डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'मैं भी सशक्त नारी' को नॉन प्रोफेशनल फिल्मों की श्रेणी में सर्वश्रेठ फिल्म चुना गया है। इसके अलावा, एनीमेशन के विद्यार्थियों द्वारा भेजी गयी एनीमेशन फिल्म 'कर्म भूमि कुरुक्षेत्र' को सांत्वना पुरस्कार भी मिला है। डॉ. सोनिया, डॉ. सुधीर तथा प्रोडक्शन सहायक पंकज के नेतृत्व में 40 विद्यार्थियों की टीम फिल्म मोहत्सव में शामिल हुई थी। विभाग की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर एवं कुलसचिव डॉ. सुनील गर्ग ने प्रसन्नता व्यक्त की है।संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा ने भी विभाग की इस उपलब्धि पर खुशी जताई। विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया की विभाग के लिए यह बड़े हर्ष का विषय है कि इस फिल्म श्रेणी में प्रदर्शित 57 फिल्मों में से विभाग की डॉक्यूमेंट्री फिल्म को सर्वश्रेठ फिल्म का पुरस्कार मिला है।

# स्टेट रेस वाक चैंपियनशिप में वाकरों ने जीते पदक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



पदक विजेताओ के संग पदाधिकारी।

**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड ने बताया कि चौथी हरियाणा राज्य रेस वाक चैंपियनशिप का आयोजन 5 फरवरी को आईएमटी खरखौदा (सोनीपत) में किया गया। इस राज्य प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाडी एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया के नियम अनुसार एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया (एएफआई) के द्वारा आयोजित 14 से 15 फरवरी तक दो दिवसीय दसवीं नेशनल ओपन रेस वाकिंग चैंपियशिप रांची (झारखण्ड) में हरियाणा राज्य की तरफ से भाग लेंगे। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि चौथी हरियाणा राज्य रेस वाक चैंपियनशिप में 20 किलोमीटर रेस वाक पुरुष वर्ग में रिषभ झज्झर ने स्वर्ण पदक, राममोहन चरखी दादरी ने रजत पदक और सुमित हिसार ने कांस्य पदक एवं महिला वर्ग में वर्षा फरीदाबाद ने स्वर्ण पदक जीता। 18 साल आयु वर्ग लडका 10 किलोमीटर रेस वाक में हर्ष जींद ने पहला, साहिल जून झज्झर ने दूसरा और मोहित भिवानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 20 साल लडकी 10 किलोमीटर रेस वाक में आरती फरीदाबाद ने स्वर्ण पदक, रिधिमा झज्झर ने रजत पदक और अनुष्का शर्मा ने कांस्य पदक जीतने का कार्य किया। लडकी वर्ग 5 किलोमीटर 18 साल रेस वाक इवेंट में पायल जींद ने पहला, सिया हिसार ने दूसरा और ज्योति रानी कुरूक्षेत्र ने तीसरा स्थान लेकर अपने अपने जिलों के लिए पदक जीते। राजकुमार मिटान ने बताया कि 16 साल आयु वर्ग के एथलीट लडका 5 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में ध्रुव झज्झर ने पहला, मनीष हिसार ने दूसरा और नवीन शर्मा झज्झर ने तीसरा स्थान और लडकी 3 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में मुस्कान झज्झर ने स्वर्ण पदक, प्रभजोत हिसार ने रजत पदक और रौशनी हिसार ने कांस्य पदक जीता।

पुरुष वर्ग 35 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में सुमित फतेहाबाद ने स्वर्ण पदक और साहिल रोहतक ने रजत पदक एवं महिला वर्ग 35 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में रितु हिसार ने स्वर्ण पदक जीता। एथलेटिक्स हरियाणा के निदेशक नरेंदर मोर, उपाध्यक्ष राजीव खत्री, मुख्य कोच धर्मवीर चिकारा, भीम अवार्डी चरण सिंह राठी, अजय सहरावत, बीरबल दूहन करण राठी और अमित कटारिया ने सभी पदक विजेता खिलाडियों को जीत की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए नेशनल चैंपियनशिप में अच्छा खेल प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिया।

# एनएसएस कैम्प के दूसरे दिन नुक्कड़ नाटकों का आयोजन

**फरीदाबाद।** राजकीय महाविद्यालय फ़रीदाबाद के प्राचार्य महेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देशन में सात दिवसीय एनएसएस कैम्प यूनिट थर्ड ने चंदावली गांव में सामाजिक मुद्दों पर यात्रा निकालकर लोगो को जागरूक किया गया। एनएसएस व कैंम के प्रभारी डॉ दुर्गेश शर्मा ने बताया की स्वयं सेवकों ने सबसे पहले मंदिर में कीर्तन कर सामाजिकता के साथ साथ धार्मिक मुद्दों से स्वयं को जोड़ कर शुरुआत की। उसके बाद स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छ भारत-स्वस्थ और बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ को लेकर गांव के 8 चौक चौपाल चौराहे पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसके तहत गांव के गली गली जाकर बेटियों को पढ़ने, आगे बढ़ने और घरों का कूड़ा कूड़ेदान व ईको ग्रीन की गाड़ी में डालने की अपील की। जिससे गंदगी सड़को पर ना फैलें और बीमारी ना फैलें। नुक्कड़ नाटकों के आयोजन में महाविद्यालय से सुमन जून, संगीता रानी, रीनाक्षी यादव भी उपस्थित रहे जिन्होंने ने नुक्कड़ नाटकों के आयोजन में विशेष भूमिका निभाई। डॉ दुर्गेश ने बताया कि आने वाले दिनों में नशा मुक्ति, जल बचाओ अभियान, भ्रूण हत्या कैम्प के दूसरे दिन समाज सेवी अरविंद शर्मा ने भी वॉलंटियर्स का हौसला बढ़ाया और गाँव पधारने पर स्वागत किया।

# संक्षिप्त समाचार

## कलाकारों ने मुख्य चौपाल पर मचाई धूम




**फरीदाबाद।** 36वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला की मुख्य चौपाल पर मंगलवार को कश्मीर ग्रुप डांस पार्टी ने बुम्रो-बुम्रो श्याम रंग बुम्रो गीत व नृत्य की प्रस्तुति से पर्यटकों को मंत्र मुग्ध किया। इरित्रिया देश से आए कलाकारों ने प्रेमभाव व भाईचारा और शांति कायम रखने का कवास डांस की प्रस्तुति देकर संदेश दिया। तिमोर-लेस्ते के दिली से आए बुनकर कलाकार ने अपनी ड्रैस स्वयं अपने हाथों से बुनकर कॉर्न (मक्का) की फसल अच्छी होने पर गाए जाने वाले लड़कियों के समूह नृत्य की मेले की चौपाल पर भव्य प्रस्तुति दी। नाइजीरिया से कलाकारों द्वारा देश की आजादी मिलने की खुशी पर गाए जाने वाले गीत व नृत्य की सुंदर प्रस्तुति देकर पर्यटकों का मन मोह लिया। इसके बाद मिजोरम के लीली बैंड ने सरलाम नृत्य किया। घाना की राजधानी अकरा से आए कलाकारों ने यूथफुल, बसंत ऋतु, प्रकृति के बदलते सुंदर वातावरण पर बमाया डांस कर मुख्य चौपाल पर आए पर्यटकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## रविन्द्र फागना ने जीता 49 रन से मैच

**फरीदाबाद।** वैनी 5 मैच वन डे सीरीज का मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली के ग्राउंड पर खेला गया। यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी पाली और विटैलिटी क्रिकेट अकैडमी के बीच खेला गया। इस मैच मे रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी पाली ने विटैलिटी को 49 रन से शिकस्त दी। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया यह मैच 40 ओवर का था और रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी पाली ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी पाली ने पहले बैटिंग करते हुए 40 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 193 रन का लक्ष्य दिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए करन डेढ़ा ने 92 गेंदों पर 9 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 96 रन, हरीश भड़ाना ने 43 गेंदों पर 24 रन, मृदुल मेदवाल ने 23 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 20 रन बनाए। विटैलिटी क्रिकेट अकैडमी ओर से गेंदबाजी करते हुए दीपांशु ने 8 ओवर में 4 मैडेन 14 रन देकर 3 विकेट, सारांश ने 8 ओवर में 1 मैडेन 23 रन देकर 3 विकेट मुदित ने 1 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए 26.3 ओवर में 144 रन बनाकर ढेर हो गई। विटैलिटी क्रिकेट अकैडमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए मोहित डेढ़ा ने 22 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्के की मदद से 37 रन, सारांश ने 25 गेंदों पर 3 चौके और 3 छक्के की मदद से 34 रन और शोबित ने 19 गेंदों पर 2 चौकों और 2 छक्के की मदद से 29 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए युवराज ने 7 ओवर में 1 मैडेन 22 रन देकर 2 विकेट,आशीष बांबी ने 4 ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट, हरीश ने 4 ओवर 1 मैडेन 22 रन देकर 2 विकेट, करन ने 4 ओवर 1 मैडेन 18 रन देकर 2 विकेट और अनिल मौर्या ने 1 विकेट हासिल किया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच करन डेढ़ा को घोषित किया गया।

## कॉलेज में एक्सटेंशन लैक्चर आयोजित



**फरीदाबाद।** प्रबंधन विभाग, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने बीबीए और बीबीए सीएएम के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों के लिए बिजनेस रिसर्च मेथोडोलॉजी विषय में बेसिक्स ऑफ रिसर्च मेथोडोलॉजी फॉर रिसर्च रिपोर्ट राइटिंग एंड हाउ टू प्रिपेयर रिसर्च डिजाइन पर एक एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ कृष्णकांत के कुशल मार्गदर्शन में इस तरह के आयोजन करता रहता है। दिन के वक्ता डॉ. सुमन गर्ग, सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग, डीएवी सेंटेनरी कॉलेज, फरीदाबाद थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में विभाग की डीन डॉ. शिल्पा गोयल ने अतिथि को पुष्प भेट कर स्वागत भाषण दिया। विंग-द्वद्वद्व के प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता ने इस तरह के सत्र आयोजित करने की प्रासंगिकता के बारे में बात की और व्यवसाय की सफलता के लिए डेटा संग्रह और विश्लेषण और पूर्वानुमान में अनुसंधान पद्धति के अध्ययन के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ. सुमन ने अपने व्याख्यान में शुरुआत में अनुसंधान की बुनियादी अवधारणाओं पर ध्यान केंद्रित किया और फिर विभिन्न शोध डिजाइनों और शोध रिपोर्ट को कैसे तैयार किया जाए, इस पर चर्चा की।सत्र वास्तव में बहुत दिलचस्प था क्योंकि छात्रों को आज के युग में शोध पद्धति के महत्व के बारे में पता चला। अनुसंधान प्रबंधकों के ज्ञान आधार का विस्तार करके व्यवसाय की विश्वसनीयता का निर्माण करता है। यह जिज्ञासा और नए विचारों के परिचय को प्रोत्साहित करके समस्या समाधान में मदद करता है। व्याख्यान बहुत ही संवादात्मक था क्योंकि वक्ता ने छात्रों द्वारा उठाए गए विभिन्न प्रश्नों का उत्तर दिया। छात्रों ने सत्र का आनंद लिया और इससे बहुत कुछ सीखा। व्याख्यान में लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया। सत्र धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुआ और प्रियम गुप्ता द्वारा संचालित किया गया।

## आयकर अधिनियम में विभिन्न बदलाव कर राहत प्रदान की

**फरीदाबाद।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बार के आम बजट में आयकर अधिनियम में विभिन्न बदलाव कर आयकरदाताओं को भारी राहत प्रदान की है। आयकर में बदलाव पर बात करते हुए कर-विशेषज्ञ सीए मनोज जैन ने कहा कि अगले साल आम चुनाव से पहले केंद्र की मोदी सरकार ने मिडिल क्लास और नौकरीपेशा लोगों को इनकम टैक्स के मोर्चे पर बड़ी राहत दी। वित्त मंत्री ने बजट में घोषणा की कि फाइनेंशियल ईयर 2023-24 के लिए नए टैक्स रिजीम चुनने वालों को 7 लाख रुपए तक की आय पर टैक्स नहीं देना होगा। साथ ही इन स्लैब में टैक्स छूट की सीमा को बढ़ाकर तीन लाख रुपये कर दिया गया है। पहले यह छूट सीमा ढाई लाख रुपये तक ही थी। वहींए दो करोड़ रुपये से ज्यादा आय वालों के लिए सरचार्ज की उच्चतम दर को 37 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है। पुरानी टैक्स व्यवस्था भी जारी रहेगीए लेकिन उसमें कोई राहत न मिलने से कर दाताओं को निराशा जरूर हाथ लगी है क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि सरकार नई टैक्स व्यवस्था को आकर्षक बनाने के साथ ही पुरानी टैक्स व्यवस्था अपनाने वालों को भी कुछ राहत देगी।

## डॉ. नेहा ने हरियाणा सिविल सर्विसेज परीक्षा क्लीयर की




**फरीदाबाद।** कोरोना काल में जब पूरा देश घर में बैठ कर मोबाइल फोन पर गेम्स व टेलिविजन में शो देखने में मशगूल था। इसी बीच फरीदाबाद सैक्टर-21 निवासी डॉ. नेहा ने इन सबसे अलग रहकर केवल और केवल अपने मिशन को फोकस करते हुए हरियाणा सिविल सर्विसज की तैयार करने के लिए उड़ान आईएएस इंस्टीट्यूट सैक्टर-19 फरीदाबाद की डायरेक्टर डा. जयश्री चौधरी से सम्पर्क कर शिक्षा ग्रहण की। शिष्या व अध्यापिका दोनों ही कोविड़ ग्रस्त हो चुकी थी। बावजूद इसके दोनों ने हार नहीं मानी जिसका परिणाम यह निकाला कि पहले ही प्रयास में डा. नेहा ने हरियाणा सिविल सर्विसज की परीक्षा क्लीयर कर ली है। इसी प्रकार सैक्टर-55 निवासी अंकुश मंगला ने भी इस विषम परिस्थिति में उड़ान आईएएस इंस्टीट्यूट सैक्टर-19 में शिक्षा ग्रहण कर हरियाणा सिविल सर्विसज की परीक्षा पास की। आज उड़ान आईएएस इंस्टीट्यूट सैक्टर-19 की डायरेक्टर डा. जयश्री चौधरी ने डा. नेहा का परीक्षा पास करने पर जोरदार स्वागत किया और इस मौके पर दोनों ही शिष्या व अध्यापिका एक-दूसरे को गले लगाकर रोयी। डा. जयश्री चौधरी ने कहा कि आईएएस, आईपीसी करने वाले सभी छात्र-छात्राओं न कोरोना काल जैसे निकट परिस्थिति में भी अधिक से अधिक मेहनत कर अपने मुकाम को हासिल की। अब डा. नेहा जैसे कई होनहार छात्र-छात्राएं परीक्षा पास कर देश व अन्य राज्यों की सेवाऐं देकर बेहतर कार्य जनता के लिए करेगें।

# गुरुग्राम में वायुसेना के आयुध डिपो के पास दीये से लगी आग में शुभ वाटिका हुई खाक

## शीतला माता रोड पर शुभ वाटिका में अलसुबह लगी आग

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम





गुरुग्राम में शीतला माता रोड पर आग लगने से जलकर खाक हुई शुभ वाटिका तथा शुभ वाटिका में फेरों के मंडप में जलते दीये से फैली आग।

**शीतला** माता रोड पर मंगलवार अलसुबह एक वाटिका आग लगने से जलकर खाक हो गयी। दमकल विभाग ने आग लगने का कारण फिलहाल वहां फेरों के मंडप में जलते दीये को बताया है। रात को शादी में फेरों के बाद दीया मंडप में जल रहा था।

शीतला माता रोड स्थित शुभ वाटिका में सोमवार रात एक शादी का कार्यक्रम था। कार्यक्रम मंगलवार अलसुबह तक चला। शादी में फेरे, विदाई होने के बाद सभी मेहमान वहां से जा चुके थे। बताया जा रहा है कि करीब 7 बजे बैंक्वेट हॉल में एकाएक आग की लपटें उठने लगीं। वाटिका के कर्मचारियों ने जब वहां आग लगी देखी तो तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। देखते ही देखते आग लकड़ी, फाइबर व कपड़े से महल की तरह सुसज्जित वाटिका में चारों ओर फैल गई। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचीं, आग पूरी वाटिका में लग चुकी थी। दूर-दूर तक आग की लपटें नजर आ रहीं थीं। देखते ही देखते पूरी वाटिका जलकर खाक हो गई।

### मंडल में जलते दीये से फैली आग

**वाटिका** के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब खंगाली गई तो पता चला कि शादी के दौरान जहां मंडप में फेरे हुए थे, वहां फेरों के दौरान एक जलता हुआ दीया रखा है। उस दीये से लौ हवा के साथ फैल रही है। दीये से ही आग साथ वहां पर बैठने के लिए रखे गए गद्दों में लगी। गद्दों से पर्दों में लगी। इसके बाद तो आग वाटिका में लगी फाइबर की शीट्स व लकड़ी में लगती हुई पूरी वाटिका में फैल गई। दमकल विभाग की टीमों ने कड़ी मशक्कत से आग को जरूर बुझाया, लेकिन तब तक आग पूरी वाटिका को अपनी आगोश में ले चुकी थी। वाटिका जलकर खाक हो चुकी थी।

### आयुध डिपो के साथ बनीं हैं अनेक वाटिका

**शीतला** माता रोड पर सीआरपीएफ कैंप क्षेत्र में अनेक वाटिकाएं बनी हुई हैं। इसी के साथ ही वायु सेना का आयुध डिपो है। जिसके 900 मीटर दायरे में निर्माणों पर पहले प्रतिबंध के चलते उन्हें ढहाने की कार्रवाई की जा रही थी, लेकिन बाद में इस दायरे को घटाकर 300 मीटर कर दिया गया। हालांकि 300 मीटर दायरे में भी हजारों मकान, अनेकों वाटिकाएं व अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान बने हुए हैं। इस क्षेत्र में दूसरी बार बड़ी आग लगी है। इससे पहले शीतला माता रोड पर ही सीआरपीएफ कैंप क्षेत्र में झुग्गियों में आग लगी थी। आग की इन घटनाओं से वायु सेना का आयुध डिपो खतरे में है। अगर आग किसी भी तरह से आयुध डिपो तक पहुंच जाती है तो गुरुग्राम की अस्तित्व तक खत्म हो सकता है। वायु सेना का गोला, बारूद यहां पर रखा गया है।

# नाइजीरियाई नागरिक मेट्रीमोनियल साइट से भारतीय महिलाओं से करते थे धोखाधड़ी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम पुलिस की गिरफ्त में भारत में महिलाओं से ठगी करने के आरोपी नाइजीरियाई नागरिक।

**मेट्रोमोनियल** वेबसाईट/ऐप के माध्यम से महिलाओं के साथ दोस्ती करके उन्हें विश्वास में लेकर धोखाधड़ी से रुपये ऐंठने वाले दो नाइजीरियाई नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से वारदात में प्रयोग 11 मोबाईल फोन, 1 लैपटॉप तथा 6 पासपोर्ट बरामद किए गए हैं। आरोपी धोखाधड़ी से बात करने के लिए अस्थायी अंतरराष्ट्रीय मोबाईल नंबरों का प्रयोग करते हैं।

एक युवती ने 2 फरवरी 2023 को थाना साईबर अपराध (पूर्व) में शिकायत दी थी कि उसकी शादी ऐप तथा संगम ऐप पर प्रोफाइल है। जुलाई 2022 में उसके पास एक लड़के की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। साइट पर उसका प्रोफाइल बेंगलुरु का था। उसने रिक्वेस्ट एक्सेप्ट कर ली और उससे बात करने लगी। आरोप है कि उस युवक ने खुद का परिचय कुमा जॉर्डन निवासी फ्रांस बताया। साथ ही बताया कि वह पायलेट की नौकरी करता है। बातचीत के दौरान उस युवक ने युवती से कहा कि वह इंडिया आ रहा है। उसने 30 जनवरी 2023 की टिकट की फोटो भी युवती के पास भेजी। उसके बाद युवती के पास 31 जनवरी 2023 को मुंबई एयरपोर्ट से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह मुंबई एयरपोर्ट से बोल रहे हैं।

आपके दोस्त कुमा जॉर्डन को येलो कार्ड देने के लिए 55 हजार रुपये की जरूरत है। युवती ने 55 हजार रुपये उनके द्वारा बताए गए अकाउंट नंबर रॉबर्ट कंग नाम के व्यक्ति के अकाउंट में गूगल-पे द्वारा ट्रांसफर कर दिए। उसके बाद युवती के पास कुमा जॉर्डन का फिर फोन आया और उसने कहा कि उसे मुंबई से दिल्ली आने के लिए 15 हजार रुपये की जरुरत है। युवती ने उसकी बातों में आकर उसके बताए खाते में 15 हजार रुपये भी ट्रांसफर कर दिए। वह खाता चैतन लूमहो नाम के व्यक्ति का था। उसके बाद फिर मुंबई एयरपोर्ट से युवती के पास एक महिला का फोन आया। महिला ने बताया कि वह कस्टम विभाग से है। उसके दोस्त कुमा जॉर्डन के पास यूरो करेंसी है, जो भारत में अवैध है। इसके लिए 95 हजार रुपये कस्टम ड्यूटी के तौर पर देने होंगे। इस दौरान युवती को कुछ फ्रॉड होने का शक हुआ। युवती ने पुलिस थाना में शिकायत दी। इस शिकायत पर थाना साईबर अपराध (पूर्व) में केस दर्ज कर लिया है।

### दिल्ली से गिरफ्तार किया

**एसीपी** साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान के निर्देशन में कार्य करते हुए पुलिस की टीम ने वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान मार्टीन वेलेनटॉम तथा टोनी इफएनी निवासी नाइजीरिया के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी मार्टीन वैलेंटाम को सूरज विहार, दिल्ली तथा आरोपी टोनी इफेयईं को मोहन गार्डन नई दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। आरोपी इस धोखाधड़ी में बात करने के लिए अस्थायी अंतरराष्ट्रीय मोबाईल नंबरों का प्रयोग करते हैं।

# नगर परिषद के प्रत्येक घर में पेयजल व सीवर लाइन देगा जनस्वास्थ्य विभाग

## विभाग ने 324 करोड़ की योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए सर्वे शुरू किया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**जनस्वास्थ्य** विभाग नगर परिषद सीमा क्षेत्र में आने वाले 35 हजार की आबादी वाले शहर और 13 में से 11 गांवों के प्रत्येक घर को पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइन से जोड़ने की योजना बना रहा है। इस पर करीब 234 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। परिषद गांव जखोपुर और रायसीना को पहले ही सीवर व पेयजल आपूर्ति से जोड़ा गया है।

जनस्वास्थ्य विभाग केन्द्र सरकार की हर घर को जल तथा नल से जल योजना से नगर परिषद सीमा क्षेत्र के प्रत्येक घर को जोड़ने की कवायद जल्द ही शुरू करेगा। इसके साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में वैध तथा 50 फीसदी से अधिक आबादी वाली जिस भी अवैध कॉलोनी में नागरिक जीवन यापन कर रहे हैं, उन्हें सीवर व पेयजल आपूर्ति से जोड़ा जाएगा। शहरी क्षेत्र के पुरानी और नई आबादी वाली कॉलोनी व वार्डों में एक-एक गली की पहचान की जाएगी। जिसमें अभी तक सीवर लाइन चालू नहीं हुई है या नई लाइन नहीं डाली गई है। ऐसे आबादी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइन बिछाई जाएगी। ताकि छोटी से छोटी कॉलोनी और बड़े से बड़े वार्ड में रहने वाले नागरिक को पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइन की सुविधा से जोड़ा जा सके।

### सर्वे कार्य शुरू

**जनस्वास्थ्य** विभाग ने परिषद सीमा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व सीवर लाइन सर्वे शुरू कर दिया है। कर्मचारियों की अलग-अलग टीमों का गठन करके जिम्मा सौंप दिया है। सर्वे रिपोर्ट आने पर जल्द ही तैयार कर उच्चाधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी। ताकि गर्मी के मौसम में अधिक से अधिक परिवार को योजना का लाभ मिल सके।

"**शहरी** क्षेत्र में 10 से 15 फीसदी घरों का ही पेयजल व सीवर लाइन का कार्य अधूरा है। परिषद के 11 गांवों में सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है। योजना की मंजूरी मिलने पर नागरिकों को जल्द से जल्द इसका लाभ दिलाने का प्रयास रहेगा।

(ओमप्रकाश-एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग)

# संक्षिप्त समाचार

## कानूनी साक्षरता विषय पर छात्राओं ने दर्शाया ज्ञान



**गुरुग्राम।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, गुरुग्राम और राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 ने वर्ष 2022-2023 के लिए छात्र कानूनी साक्षरता मिशन (एसएसएलएम) के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस मिशन एसएसएलएम का उद्देश्य छात्रों को विषयों पर जागरूक करना है। महाविद्यालय की छात्राओं को मानवाधिकार, मौलिक कर्तव्य, विकलांग व्यक्तियों के अधिकार, निराश्रित महिलाओं और बच्चों का अधिकार, ड्रग डी-नशा, कन्या भ्रूण हत्या, स्वच्छता और सामान्य जागरूकता घरेलू हिंसा, दहेज निषेध, यौन उत्पीड़न, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह, रैगिंग, वरिष्ठ नागरिकों का अधिकार आदि के प्रति जागरूक किया गया। नौ कॉलेजों को इस प्रतियोगिता के लिए आमंत्रित किया गया। सेमेस्टर परीक्षाओं के कारण 26 छात्रों सहित पांच कालेजों ने विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिताओं में वाद-विवाद, निबंध लेखन, नारा लेखन, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कविता पाठ, पावर प्वाइंट प्रस्तुति, भाषण और वृत्तचित्र शामिल हैं। श्री. सेवानिवृत न्यायाधीश पवन कुमार, प्रोफेसर वागेश्वरी देसवाल (कानून संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय), अधिवक्ता अर्चना चौहान (जिला न्यायालय, गुरुग्राम), पूर्व प्राचार्य डॉ. इंदु जैन, अधिवक्ता नरेंद्र यादव, अधिवक्ता सुनील शर्मा, अधिवक्ता मुनमुन गोयल, मीनू भारद्वाज, डॉ. अर्चना सूता (प्रिंसिपल जीसी, बावल), डॉ. कुसुम लता (प्रिंसिपल जीसी, कुलाना), डॉ. मधु अरोड़ा (प्रिंसिपल जीसीडब्ल्यू, सलाहहारी), केआईआईटी इंजीनियरिंग से कार्तिकेय शर्मा ने शिरकत की। न्यायाधीशों ने भी विभिन्न मौजूदा सामाजिक मुद्दों पर अपने बहुमूल्य विचार सांझा किए और प्रेरित किया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. रमेश गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। डॉ. ज्ञान देवी (नोडल अधिकारी, कानूनी साक्षरता मिशन) और इस सेल के सभी समिति सदस्यों ने शिरकत की।

## अलीपुर में युवक पर गोली चलाने के दो आरोपी गिरफ्तार

**सोहना।** अपराध शाखा पांच सोहना पुलिस ने अलीपुर में दो फरवरी की रात युवक पर गोली चलाकर जानलेवा हमला करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के दौरान देशी बंदूक बरामद की है। अदालत ने दोनों ही युवकों को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। अपराध शाखा पांच सोहना पुलिस ने सोमवार की शाम को तावडू जाने वाले मार्ग के अंसल मोड़ पर अलीपुर निवासी अरुण और गौतम को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी गांव अलीपुर थाना भोंडसी निवासी है। पुलिस के मुताबिक इन दोनों ने ही गांव के सौरभ पर 2 फरवरी की रात करीब सवा 11 बजे छत पर चढ़कर गोली चलाई थी। अपराध शाखा प्रभारी एसआई राजकुमार ने बताया कि सौरभ व आरोपी अरुण तथा गौतम के बीच 2 फरवरी को दिन में रंजिश को लेकर तू-तड़ाक हुई थी। इससे पहले भी इनके बीच में पहले भी कई बार झगड़े हुए हैं। जिसको लेकर सौरभ और अरुण व गौतम एक दूसरे से रंजिश रखे है। उन्होंने बताया कि सौरभ पर अरुण ने दो राउंड फायर किए थे। हमले में सौरभ बाल-बाल बच गया था। सौरभ पर हमला करने के बाद दोनों ही आरोपी गांव से 2 फरवरी की रात को ही गायब हो गए थे। जिनकी तलाश में पुलिस ने कई स्थानों पर छापा मारा था। अपराध शाखा पुलिस ने आरोपी अरुण और गौतम को मंगलवार की दोपहर बाद अदालत में पेश किया। अदालत ने दोनों ही आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में दक्ष सैनी ने जीता गोल्ड मेडल



**गुरुग्राम।** तीसरी इंटर अकादमी जिम्नास्टिक प्रतियोगिता-2023 में खिलाड़ी दक्ष सैनी ने गोल्ड मेडल जीता है। वारियर जिम्नास्टिक्स अकादमी में आयोजित इस प्रतियोगिता में ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में गोल्ड मेडलिस्ट सीआईएसएफ के हेड कांस्टेबल सुरिंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे व विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में दक्ष के अलावा देविन गुप्ता, विधि मंगला, उत्कर्ष, दीपराज ने पुरस्कार जीते। इस अवसर पर जीरो ग्रेविटी जिम्नास्टिक्स अकादमी से मनीष गौतम ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। मुख्य अतिथि सुरिंद्र शर्मा ने कहा कि हमें बच्चों को बचपन से ही खेलों में भी आगे लाना चाहिए। खेलों से शारीरिक, मानसिक दोनों तरह से विकास होता है। शिक्षा जरूरी है, लेकिन इसके साथ में बच्चे खेलों में भी भाग लेकर अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं। सुरिंद्र शर्मा ने कहा कि बच्चों की रुचि चाहे किसी भी खेल में हो, उसे माता-पिता खुद से या किसी के कहने से रोकें नहीं। आज के इन्हीं बच्चों में कल के चैंपियन हैं।

## ऑटो हटाने के लिए कहा तो दुकान के कर्मचारियों ने पीटा, मौत

**गुरुग्राम।** यहां ट्रंक मार्केट में एक व्यक्ति का ऑटो चालक से झगड़ा क्या हुआ, इसकी कीमत उसे जान देकर चुकानी पड़ी। झगड़े के दौरान वे बेहोश होकर गिर गए। अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना यह भी है कि उन्हें हार्ट अटैक आ गया था। इस घटना को मारपीट कर हत्या भी बताया जा रहा है। सुभाष नगर में रहने वाले मूलचंद्र चौक स्थित साईबा इंजीनियरिंग के नाम से खुली कंपनी में एकाउंटेंट थे।

# शिक्षण संस्थानों में जोर-शोर से चलाया जा रहा सूर्य नमस्कार अभियान

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम



**आयुष** विभाग द्वारा जिला में 75 लाख सूर्य नमस्कार अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। विभाग द्वारा स्कूल, कॉलेजों व अन्य संस्थानों में सूर्य नमस्कार करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को हयातपुर स्थित आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल में करीब 1500 विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार करवाया गया।

आयुष विभाग से योगा स्पेशलिस्ट डॉ. भूदेव ने बताया कि जिला आयुष अधिकारी डॉ. मंजू बांगड़ के मार्गदर्शन में जिला के सभी स्कूलों में हर रोज सूर्य नमस्कार करवाया जाता है। सूर्य नमस्कार के निरंतर अभ्यास से व्यक्ति के शरीर व मन को सम्पूर्ण रूप से स्वस्थ रखने में सहायता मिलती है। सूर्योदय के समय सूर्य नमस्कार सहित योगाभ्यास करना चाहिए। इससे हमारे शरीर में विटामिन डी की सही मात्रा बनी रहती है, जिससे हमारी हड्डियां मजबूत रहती हैं। कोरोना काल के समय लगातार घरों में रहने से और समुचित सूर्य प्रकाश न मिलने से व्यक्तियों में विटामिन डी की मात्रा की शरीर में कमी आई है, जिसको प्रातः काल सूर्य नमस्कार आदि योगाभ्यास से पूर्ण किया जा सकता है।

# भट्टा कारोबारी पर हमला करने वाले बदमाश 48 घंटे बाद भी नहीं गिरफ्तार

**सोहना।** भोंडसी थाना के गांव अलीपुर में भट्टा कारोबारी की हत्या करने की नीयत से उन पर चार गोलियां दागने वाले बदमाशों तक पुलिस 48 घंटे बीत जाने के बाद भी तलाश नहीं सकी है। बदमाशों की गिरफ्तारी न होने से ग्रामीण किसी अनहोनी की आशंका से खौफजदा हैं।

पीड़ित परिवार ने सोमवार को डीसीपी साऊथ से मिलने पर बदमाशों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। मालूम रहे कि रविवार की सुबह खंड के गांव अलीपुर निवासी भट्टा कारोबारी बेदराम पर घर में रहते हुए नकाबपोश बाइक सवार तीन बदमाशों ने फायरिंग की थी। किसी तरह दरवाजे के पीछे छुप कर पीड़ित बेदराम ने अपनी जान बचाई थी। घटना के 48 घंटा बीत जाने के बाद भोंडसी थाना पुलिस एक नामजद आरोपी समेत बाइक सवार अन्य तीनों बदमाशों में से किसी को भी गिरफ्तार नहीं कर सकी है। ग्रामीणों को डर है कि पुलिस की पहुंच से दूर यह बदमाश किसी भी समय दूसरी बार हमला कर सकते हैं। दोबारा हमले और किसी अनहोनी की आशंका से खौफजदा ग्रामीण अपने घर से निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। गांव के किसी चौक-चौराहे पर ग्रामीण एक साथ बैठकर अपने मन की बातें करने से भी कतरा रहे हैं।

### डीसीपी ने जल्द गिरफ्तारी का दिया आश्वासन

**पीड़ित** परिवार का मुखिया बेदराम सोमवार को गुरुग्राम डीसीपी साऊथ से मिला था। जहां उन्होंने बदमाशों से अपनी और परिवार वालों की जान को खतरा बताते हुए जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की थी। सूत्रों के अनुसार डीसीपी साऊथ ने बेदराम को आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

**पुलिस** ने बेदराम पर हमला करने के आरोपियों की पहचान तथा उनके ठिकानों को लेकर कई जगह पर छापे डाले हैं। बदमाशों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

(अजय कुमार-थाना प्रभारी भोंडसी)

# 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध हालत में लापता

**सोहना।** शहर थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध हालत में लापता हो गई। पिता ने दो युवकों पर नाबालिग बेटी को शादी करने के इरादे से बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए नामजद केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शहर थाना सीमा क्षेत्र में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी के पिता ने पुलिस को बताया कि उसके चार लड़की और एक लड़का है। दूसरे नंबर की लड़की 16 वर्ष की है। बेटी सोमवार की दोपहर बाद दो बजे घर से संदिग्ध हालत में लापता हो गई। उसे पूरा शक है कि उसकी लड़की को शादी करने के इरादे से शहर की नट कॉलोनी युवक और उसका साथी ले गए हैं।

# उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में वीएफएस ग्लोबल के जॉइंट वीजा एप्लिकेशन सेंटर और स्किलिंग एकेडमी का उद्घाटन किया

## वीएफएस ग्लोबल जॉइंट वीजा एप्लिकेशन सेंटर (वीएसी) यूपी के लिए वैश्विक प्रवेशद्वार होगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**वीजा** की सुलभता को आसान बनाने की प्रक्रिया के तहत, वीएफएस ग्लोबल भारत की सबसे बड़ी हॉस्पिटैलिटी कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) के साथ साझेदारी में एक एकेडमी खोलेगी। यह एकेडमी युवाओं को हॉस्पिटैलिटी के विश्वस्तरीय कौशल में प्रशिक्षित करेगी।

यूपी सरकार के कौशल कार्यक्रम के अनुरूप उन्हें नौकरी के योग्य बनाएगी। आईएचसीएल के ब्रांडों में प्रतिष्ठित ताज, जिसे दुनिया का सबसे मजबूत होटल ब्रांड और ब्रांड फाइनेंस-सेलेक्शंस के मुताबिक भारत के सबसे मजबूत ब्रांड की रैंकिंग दी गई है, विवांता और जिंजर शामिल हैं। इसके साथ ही लखनऊ भारत का 21 वां शहर बन गया है, जहां वीएफएस ग्लोबल वीएसी खोला गया है। यह भारत के टियर 2 एवं टियर 3 शहरों में उपस्थिति बढ़ाने के कंपनी के विजन के अनुरूप है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में 4 फरवरी 2023 को वीएफएस ग्लोबल जॉइंट वीजा एप्लिकेशन सेंटर (जेवीएसी) और वीएफएस ग्लोबल एकेडमी का उद्घाटन कर राज्य के लिए नया वैश्विक प्रवेशद्वार खोल दिया है। वीएफएस ग्लोबल सरकारों और राजनयिक मिशन के लिए दुनिया की सबसे बड़ी आउटसोर्सिंग और टेक्नोलॉजी सर्विसेज में विशेषज्ञ कंपनी है। यह बड़ा और सुविधाजनक केंद्र आधुनिक सुविधाओं और सेवाओं से पूरी तरह लैस है। इस केंद्र में एक साल में 1.2 लाख एप्लिकेशन को प्रोसेस करने की क्षमता है। यह केंद्र उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए, बेहद लाभदायक होगा, जिन्हें अभी तक अपने वीजा एप्लिकेशन जमा करने के लिए नई दिल्ली जैसे दूसरे शहरों की यात्रा करनी पड़ती थी। 24 हजार वर्गफीट में फैला जेवीएसी ऑस्ट्रिया, नीदरलैंड, चेक रिपब्लिक, स्विट्जरलैंड, एस्टोनिया, हंगरी, पुर्तगाल, जर्मनी, इटली और सऊदी अरब जाने वाले यात्रियों की जरूरतें पूरी करेगा। आलमबाग (शालीमार गेटवे मॉल) में इंटरस्टेट बस टर्मिनल की पहली मंजिल पर स्थित, यह केंद्र उत्तर प्रदेश के दूर-दराज के क्षेत्रों से इंटरस्टेट बस सर्विस का प्रयोग करने वाले यात्रियों को बेमिसाल पहुंच प्रदान करेगा। लखनऊ रेलवे स्टेशन या एयरपोर्ट से गाड़ी से यहां थोड़े समय में पहुंचा जा सकता है।

आलमबाग मेट्रो स्टेशन से यहां पैदल चलकर आया जा सकता है। इस केंद्र में वीजा के लिए आवेदन जमा करने के 11 काउंटर और 3 बायोमीट्रिक इनरोलमेंट स्टेशन हैं। जेवीएसी यात्रा की मांग को त्वरित गति से पूरा करने के लिए, आधुनिक संसाधनों से लैस है। वीजा ऐप्लिकेशन आसानी से जमा कराने की सुविधा की मांग करने वालों को यहां शानदार अनुभव मिलेगा। इस वीजा में प्रीमियम लाउंज जैसी विशेष वैकल्पिक सेवाएं भी लोगों को प्रदान की जाएंगी, जिससे लोगों को बिना किसी लाइन के अपने वीजा ऐप्लिकेशन फॉर्म जमा कराने की सुविधा मिलेगी।

# भिवानी में होगी भाजपा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक : डा. संजय शर्मा

## 10 फरवरी को प्रदेश पदाधिकारियों से होगी चर्चा

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी बैठक में करेंगे शिरकत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



डा. संजय शर्मा।

**भाजपा** प्रदेश कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक 10 और 11 फरवरी को भिवानी के महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में आयोजित की जाएगी। पहली बैठक 10 फरवरी को दोपहर बाद होगी। इसमें प्रदेश पदाधिकारी शामिल होंगे। 11 फरवरी को पूरी कार्यकारिणी की बैठक सुबह 10 बजे प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के उद्घोधन से शुरू होगी और देर शाम तक चलेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी उपस्थित रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा ने बताया कि बैठक में मिशन 2024 और राष्ट्रीय कार्यकारिणी में हुए निर्णय पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा तीन महीनों के कार्यक्रमों की रिपोर्ट और समीक्षा भी होगी। मीडिया प्रमुख ने बताया कि 11 फरवरी को पहले सत्र में दिल्ली में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी में लिए गए निर्णयों पर चर्चा होगी। दूसरे सत्र में हरियाणा सरकार की लोकहितकारी योजनाओं और सरकार द्वारा किए गए कार्यों तथा राजनीतिक परिदृश्य के बारे में मंथन होगा। तीसरे सत्र में पिछले तीन महीनों के दौरान हुए कार्यक्रमों की रिपोर्ट और समीक्षा की जाएगी। मिशन-2024 के बारे में बताते हुए शर्मा ने कहा कि बैठक में लोकसभा चुनाव के बारे में मंथन होगा। बैठक में सरकार की योजनाओं की भी समीक्षा होगी और सरकार के मंत्री व पदाधिकारी अपने-अपने विभागों की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय बैठक में संगठन की पूरी रिपोर्ट मिलने के बाद पार्टी बूथ स्तर पर अपनी अगली रणनीति तय करेगी।

# कैप्टन अजय यादव के नेतृत्व में सोहना में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

पायनियर समाचार सेवा। सोहना/गुरुग्राम



सोहना में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में लोगों से मुलाकात करते पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव।

**मंगलवार** को सोहना विधानसभा में कांग्रेस पार्टी ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत गांव खेड़ला व दमदमा से की गई। पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव के नेतृत्व में सतबीर पहलवान की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सभी कांग्रेसियों ने घर-घर जाकर केंद्र की मोदी सरकार की नाकामियों व वायदा खिलाफी को जन-जन तक पहुंचाया।

इस दौरान कैप्टन अजय सिंह यादव ने जनता से मिलकर पार्टी की नीतियों को अवगत कराते हुए संगठन को मजबूत करने की अपील की साथ ही राहुल गांधी के संदेशों से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने बताया हाथ से हाथ जोड़ो अभियान पूरे देश में चल रहा है। भारत जोड़ो यात्रा से प्रेरित हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा को भी आम लोगों का समर्थन और साथ मिल रहा है।

श्री यादव ने कहा आम भारतीय की कीमत पर अपने करीबी दोस्तों और चुनिंदा अरबपतियों को फायदा पहुंचाने की मोदी सरकार की नीतियों से पूरा देश, खासकर मध्यम वर्ग चिंतित है। मोदी सरकार द्वारा अडानी समूह में एलआईसी और एसबीआई जैसे सरकारी संस्थानों के बेहद जोखिम भरे लेन-देन और निवेश ने भारत के निवेशकों एलआईसी के 29 करोड़ पॉलिसी धारकों और एसबीआई के 45 करोड़ खाताधारकों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। विपक्ष संसद में इस मामले पर बहस करना चाहते हैं, लेकिन विपक्ष को बोलने नहीं दिया जा रहा है।

बजट में मनरेगा में सरकार ने 70 हजार करोड़ रुपये कम कर दिए। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रक्षा बजट सभी में कटौती की गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतबीर पहलवान ने कहा केंद्र सरकार की गलत नीतियों से महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। इसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी जनता से झूठे वायदे नहीं किए, जो वायदे किए सत्ता में आने के बाद पूरे किए।

**हर वर्ग सरकार से आ चुका है तंग: डावर :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा आज के समय में हर वर्ग मौजूदा सरकार से तंग आ चुका है। कर्मचारी सड़कों पर बैठे हैं। आज किसानों की दुर्दशा हो रही है, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, महंगाई से लोगों का जीना दूभर हो रहा है। केंद्र सरकार के बजट से लोगों को बहुत उम्मीद थी लेकिन सभी की उम्मीद धरी की धरी रह गई। लोग कांग्रेस पार्टी की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। यात्रा के पहले दिन ही लोगों में भारी जोश देखने को मिला। यह अभियान अगले 2 महीने में हर बूथ तक पहुंचेगा।

# मनरेगा भ्रष्टाचार से गुस्साए ग्रामीणों ने घेरा पंचायत कार्यालय

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**जिले** की एक ओर ग्राम पंचायतों से मनरेगा भ्रष्टाचार का जिन्न बाहर आया है। इस बार तावडू खंड की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर अहिर के पूर्व सरपंच पर पंचायत अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार करने का आरोप लगा है। मंगलवार को गुस्साए ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर पंचायत कार्यालय का घेराव करने पहुंच गए। जहां पर उन्होंने लगभग एक घंटे तक पूर्व सरपंच व पंचायत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



नारेबाजी करते और नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते गुस्साए ग्रामीण।

ग्रामीणों का आरोप था कि पूर्व सरपंच और पंचायत विभाग के कर्मचारी, अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों रुपये का मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार का खेल हुआ है। सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी गई तो नहीं दी गई। विभाग के इस ढुलमुल रवैये से गुस्साए ग्रामीण प्रदर्शन करने पंचायत कार्यालय परिसर पहुंच गए। ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन को भांपते हुए पंचायत अधिकारियों ने पुलिस जवानों को बुला लिया। सहायक पंचायत अधिकारी राम सिंह ने पुलिस जवानों की मदद से ग्रामीणों को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण बड़े अधिकारी के समक्ष ज्ञापन सौंपने की बात पर अड़ गए। इस दौरान ग्रामीण पंचायत अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते रहे लगभग एक घंटे बाद एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार रणबीर सिंह पंचायत कार्यालय में पहुंचे। जिन्हें ग्रामीणों ने मनरेगा भ्रष्टाचार की जांच व कार्रवाई करने की मांग संबंधित ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीण हंसराज, गजराज, सेना से रिटायर सूबेदार मेजर राम सिंह,पूर्व चेयरमैन रोहतास, देशराज, प्रदीप, रमेश ,विकास यादव ,सोनू यादव,मामन राममेहर, सज्जन सिंह ,आशु,राजेंद्र, मनीष यादव,भरत सिंह शिकायतकर्ता हंसराज और विकास आदि ने बताया कि ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के तहत जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। पूर्व सरपंच मुकेश यादव ने अपने कार्यकाल के दौरान तत्कालीन ग्राम सचिव, पंचायत विकास अधिकारी, मनरेगा, एबीपीओ व कुछ बैंक अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर फर्जी तरीके से मनरेगा जॉब कार्ड बनाए। भ्रष्टाचार से संबंधित पंचायत कार्यालय से सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी तो उपलब्ध नहीं कराई गई। ग्रामीणों का आरोप है कि मनरेगा और अन्य विकास कार्यों से संबंधित जानकारी लेने के लिए 18 से 20 बार सूचना के अधिकार के तहत आवेदन किया गया लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी व पूर्व सरपंचों ने इस महा लूट मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार को अंजाम दिया है। शिकायत के बाद भ्रष्टाचार संबंधित कार्रवाई नहीं करने और सूचना के अधिकार के तहत जानकारी नहीं देने से गुस्साए ग्रामीण मंगलवार को तावडू पंचायत कार्यालय में पहुंच गए। जिन्होंने वहां पर मौजूद पूर्व सरपंच और तत्कालीन बीडीपीओ पर आरोपों की झड़ी लगा दी। करीब डेढ घंटे बाद तावडू उपमंडल अधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार रणबीर सिंह पहुंचे, जिन्हें ग्रामीणों ने मनरेगा भ्रष्टाचार से संबंधित व सूचना के अधिकार के तहत जानकारी नहीं देने संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। बता दें कि जिले में मनरेगा योजना के तहत भ्रष्टाचार का यह कोई पहला मामला नहीं है। जिले की कई ग्राम पंचायतों में इस तरह की शिकायत आने के बाद सरपंच व संबंधित अधिकारियों के खिलाफ मुकदमे भी दर्ज हुए हैं।

### मैं निष्पक्ष जांच के लिए तैयार : पूर्व सरपंच

**मामले** के बारे में पूर्व सरपंच मुकेश कुमार ने आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि आरोप लगाने वाले उनके विरोधी खेमे के हैं। जो अभी तक अपनी हार को नहीं पचा पा रहे हैं। वह निष्पक्ष जांच के लिए तैयार है।

### 200 से अधिक इन श्रेणियों में बनाए फर्जी कार्ड

**भ्रष्टाचार** के तहत राशि हड़पने के उद्देश्य से मृतक व्यक्तियों, विद्यार्थियों, निजी कंपनियों में नौकरी करने वाले व्यक्तियों, पेंशन लेने वाले, किशोर बच्चों, जीएसटी धारक अधिवक्ता सहित बाहरी लोगों के लगभग 200 से अधिक फर्जी जॉब कार्ड बनाए गए।

### 70 किमी दूर की केंद्रीय सहकारी बैंक में खोले खाते

**सभी** के बैंक खाता ग्राम पंचायत से लगभग 70 किलोमीटर दूर केंद्रीय सहकारी बैंक पुन्हाना,मालब और तावडू में फर्जी तरीके से खोले गए। जबकि हकीकत में ग्रामीणों का इन बैंकों से कोई लेन-देन नहीं है।

### गबन छुपाने को खाते बंद कराने का आरोप

**ग्रामीणों** ने बताया कि पूर्व सरपंच की पत्नी मौजूदा कार्यकाल में सरपंच चुनी गई है। जिसने पति के गबन को छुपाने के लिए ग्राम सचिव, पंचायत व अधिकारियों से मिलीभगत कर अब फर्जी खातों को बंद करा दिया। जबकि इन फर्जी खातों से राशि को पहले ही निकाल लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### डीसी ने स्कूली विद्यार्थियों को जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित



**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला के तहत जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण के लिए नागरिकों में चेतना जागृत करने के लिए विभिन्न स्तरों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस मुहिम में युवाओं विशेषकर विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। डीसी निशांत कुमार यादव ने यह बात मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में मिलने आए विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कही। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण के लिए गुरूजल सोसायटी के माध्यम से भी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्कूली विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में रूचि दिखानी चाहिए, साथ ही वे अपने सहपाठियों सहित अपने सभी परिचितों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करें और उन्हें जल के संरक्षण की विशेषताएं बताए। उन्होंने कहा कि हमें पानी को एक अनमोल संपदा समझकर इसका इस्तेमाल करना चाहिए। जल संरक्षण के लिए जागरूकता के माध्यम से इसे लोगों को प्रेरित कर इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। ताकि आने वाले दिनों में जल की समस्या कम हो। डीसी से मिलकर स्कूली विद्यार्थी प्रभावित हुए और उन्होंने जल व पर्यावरण संरक्षण का संदेश आगे पहुंचाने का वायदा भी किया।

### लूट मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने 16 साल बाद दबोचा

**तावडू।** सदर थाना पुलिस ने लूट मामले में 16 साल से फरार चल रहे एक आरोपी को तावडू सोहना मार्ग किरोड़ी मोड से दबोचा है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। सदर थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बड़वा थाना रोजका मेव निवासी फारुख पर तावडू सदर थाने में वर्ष 2007 में अवैध हथियार व लूट की धाराओं सहित एक मामला दर्ज था।वह अब तक पुलिस को चकमा देकर अपनी गिरफ्तारी से बचता रहा। आरोपी फारुख न्यायालय द्वारा फरार घोषित था। सोमवार सुबह सूचना मिली कि फारुख तावडू सोहना मार्ग किरोड़ी मोड पर सवारी के इंतजार में खड़ा है,सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके से दबिश देकर फारुख को काबू कर लिया।

### फिरोजपुर झिरका के वकील बैठे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**फिरोजपुर झिरका।** फिरोजपुर झिरका बार एसोसिएशन के अधिवक्तागणों ने मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की। जिसकी वजह से सभी वकील कामकाज से नदारद दिखे और कोर्ट का कामकाज पूरी तरह से ठप दिखाई दिया। झिरका बार के प्रधान एडवोकेट मुसर्रत अली बदरपुर ने कहा की पहले मोबाइल कोर्ट चार दिन पुनहाना लगती थी और बुधवार, शनिवार को फिरोजपुर झिरका में लगती थी। जो अचानक चार फरवरी को जिला व सत्र न्यायाधीश के आदेशानुसार अब मोबाइल कोर्ट सभी दिन पुनहाना में लगेगी जिसको लेकर फिरोजपुर बार के वकीलों में काफी रोष दिखाई दिया। बार प्रधान ने आगे कहा कि जब तक ये आदेश वापस नहीं होगा। तब तक झिरका बार के सभी वकील हड़ताल जारी रखेंगे। झिरका बार की मांग है कि 4 फ़रवरी का आदेश रद्द किया जाए और अदालत पहले की तरह बुधवार व शनिवार फिरोजपुर झिरका में ही लगे। इस मौके पर बार के बार के सचिव खुशी मोहम्मद, उपप्रधान मानसिंह, मोहन गोयल, राजकुमार गुप्ता, मोहम्मद मुस्तफा, यावर आलम, प्रमोद महेश्वरी, बसंत गुप्ता, जगदीश मित्र चुटानी, हारून खान, नय्यर आलम, याकूब खां, अमजद खान, मुकेश गोयल, शाहिद खान, समीम बलई, मुमताज बदरपुर, मुकेश सिंघल, हाशिम खान, साहून खान, हेमंत आहूजा, अख्तर बिछोर, श्यामलाल सैनी, शकील अहमद, कासिम हुसैन, ताहिर खान, इसराक अहमद, एजाज अहमद, मुस्तफा रानिका, कासिम झिमरावट, मुबीन नावली, मुस्तफा भौंड, तोहिद अहमद, आफताब साकरस, खलील माहोली, तालिब, साबिर, रियाज अहमद, मनोज कुमार,धर्मेंद्र यादव, इस्लाम खान, रसीद अहमद, नसीम अहमद, हाकम ख़ान, तारिफ खान, आफताब अहमद, रहीश अहमद, मुबारिक खान, अंजुम खान, फैसल ताहिर, अल्ताफ कुरैशी, वारिस ख़ान, जावेद नावली, हासम बदरपुर, आसिफ नगीना, इनाम ख़ान, मोहित बैंसला, कुणाल बंसल, रवि कुमार ज्वाइंट सेक्रेटरी रिजवान नगीना सहित काफी अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# नि:शुल्क शिविर में 107 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच



**नूंह।** गोबिंद हास्पिटल एवं मेदांता हास्पिटल के तत्वावधान में नि:शुल्क हेल्थ जांच शिविर का आयोजन नूह के गांव ऊंटका में किया गया। कैम्प का उद्घाटन डॉ गोबिद शरण पूर्व एसएमओ और वसीम खान पंचायत समिति सदस्य नूंह के द्वारा किया गया। कैम्प में खून की जांच, हड्डियों की जांच, ईसीजी महिलाओं की जांच, विशेषज्ञ डॉक्टर की सेवाएं और दवाइयां नि:शुल्क दी गई।

शिविर मे डॉ गोबिंद, डा सोनू, डॉ नावेद, डॉ तरुण, प्रीति, विज किशोरी देशराज एवं सभी टीम ने मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराई। शिविर कैम्प में 107 लोगों ने सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का आरम्भ करते हुए डॉ गोविंद शरण ने मरीजों को स्वस्थ रहने के लिए महत्वपूर्ण तरीका बताया। उन्होंने बीमारियों के बचाव के लिए रहन-सहन व खान पान का ध्यान रखने की जानकारी दी।

# नूह ने डेल्टा रैंकिंग में पाया प्रथम स्थान : उपायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

### देश भर में डेल्टा रैंकिंग में तय किए गए हैं लगभग 49 पैरामीटर

**देशभर** के सबसे पिछड़े जिलों में नूंह ने छलांग लगाई। नंबर वन बना हरियाणा का नूंह जिला उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि नीति आयोग द्वारा देशभर के 112 आकांक्षी जिलों की सूची बनाई है। जिसमें लगभग 49 पैरामीटर तय किए गए थे। इनमें ड्रॉपआउट, संस्थागत डिलीवरी, सिंचाई, कृषि, सेहत सहित अन्य विभागों के बहुत से काम थे। इन सभी में सुधार करने की जरूरत थी।

मेवात जिला लगातार डेल्टा रैंकिंग स्वास्थ्य के क्षेत्र में नंबर वन पर पहुंच गया है। जिले के संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी जिले को पिछड़े जिलों की सूची से बाहर निकालने में भरपूर मेहनत कर रहे हैं। आज जिला के नागरिकों की जागरूकता व प्रशासनिक अधिकारियों की मेहनत का ही नतीजा है कि नूंह जिला पूरे देश में आकांक्षी जिलों की डेल्टा रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर आया है। इसके अलावा बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर में चौथा स्थान हासिल किया है। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम अपने नागरिकों के जीवन स्तर को बढ़ाने और 'सबका साथ सबका विकास' के उनके दृष्टिकोण के तहत सभी के लिए समावेशी विकास सुनिश्चित करने के सरकार के प्रयास का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा और कृषि और जल संसाधन आदि में बड़े पैमाने पर सुधार कर लोगों को इनका लाभ देना है।

उन्होंने कहा कि सरकार अपने नागरिकों के जीवन-स्तर को सुधारने और सभी के लिए समावेशी विकास सुनिश्चित करने अर्थात् ''सबका साथ सबका विकास'' के लिए प्रतिबद्ध है। उनकी क्षमता का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए यह कार्यक्रम फलती-फूलती अर्थव्यवस्था में पूर्ण रूप से भाग लेने के संबंध में लोगों की क्षमता को सुधारने पर ध्यान केंद्रित करता है। स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास तथा बुनियादी अवसंरचना इस कार्यक्रम के विशिष्ट क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि आज जिला नूंह में संस्थागत डिलीवरी 103 प्रतिशत है यह दर्शाता है कि जिला के चिकित्सा स्टाफ ने जी जान से मेहनत कर संस्थागत डिलीवरी को बेहतर किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी नूंह जिला में संस्थागत डिलीवरी को लेकर जिला की तारीफ़ की है। रूटीन टीकाकरण में भी सुधार हुआ है। डीसी ने कहा इस अभियान की शुरुआत 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा की गई थी 4 साल में नूंह जिले में रैंकिंग में तीसरा चौथा तथा दूसरा पायदान भी हासिल किया, लेकिन इस 4 साल के कार्यकाल में पहली बार नूंह जिला नंबर वन रैंकिंग पर पहुंचा है। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि जनभागीदारी के जरिए रूटीन इम्यूनाइजेशन में बीते दो महीनों में 50 प्रतिशत तक की ऐतिहासिक बढ़ोतरी के लिए एनएम, आशा व आंगनबाड़ी वर्कर्स, मोबिलाइजर मित्रा, आंगनबाड़ी हेल्पर्स, स्वास्थ्य व महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सभी बधाई के पात्र हैं।




अजय कुमार डीसी नूह।

# भगवान शिव की बारात में पहुंचे थे भूत पिशाच भी

### शिव महापुराण कथा के चौथे दिन शिव विवाह का वर्णन सुनाया

**फिरोजपुर झिरका।** सनातन धर्म सभा समिति द्वारा आयोजित रूद्र अभिषेक पूजा एवं शिव महापुराण कथा के चौथे दिन शिव विवाह का वर्णन धर्म प्रेमियों को सुनाया गया। इस अवसर पर बालकृष्ण महाराज वृंदावन वाले ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव ने सबसे पहले सती के साथ विवाह किया था। लेकिन सती के पिता दक्ष प्रजापति भगवान शिव के साथ हुए इस विवाह के खिलाफ थे। एक बार राजा दक्ष ने भगवान शिव का अपमान कर दिया। इससे नाराज देवी सती ने अग्नि कुंड में कूदकर अपनी जान दे दी। इस घटना के बाद भगवान शिव तपस्या में लीन हो गए। उधर माता सती ने हिमवान के यहां पार्वती के रूप में जन्म लिया, लेकिन तारकासुर नामक राक्षस के आतंक की वजह से देवता गण काफी भयभीत थे, क्योंकि उसे वरदान था कि उसका वध सिर्फ भगवान शिव की संतान ही कर सकती है। तब सभी देवी देवताओं ने योजना बनाकर उनसे तपस्या खत्म करने के लिए कहा और उन्हें माता पार्वती के साथ विवाह करने के लिए राजी किया। विवाह की बात तय होने के बाद भगवान शिव की बारात की तैयार हुई। इस बारात में देवता, दानवगण, जानवर सभी लोग शामिल हुए। भगवान शिव की बारात में भूत पिशाच भी पहुंचे। ऐसी बारात को देखकर पार्वतीजी की मां बहुत डर गईं। कहा कि वे ऐसे वर को अपनी पुत्री को नहीं सौंप सकती हैं। तब देवताओं ने भगवान शिव को परंपरा के अनुसार तैयार किया, सुंदर तरीके से श्रृंगार किया। इसके बाद दोनों का विवाह सम्पन्न हुआ। वहीं शिव की भक्ति में ओतप्रोत कथा में उपस्थित समस्त धर्म प्रेमियों ने शिव महापुराण कथा का अनुसरण किया। सनातन धर्म सभा समिति द्वारा आयोजित शिव पार्वती विवाह की झांकी का भी अवलोकन किया। यह कथा दोपहर 1.00 बजे से लेकर शाम 5.00 बजे तक चली इसके उपरांत समस्त धर्म प्रेमियों में प्रसाद वितरण किया गया।



शिव पुराण कथा सुनाते कथावाचक आचार्य बालकृष्ण महाराज।

# भूखा मरने की नौबत आने पर धरने पर बैठे डोर टू डोर कर्मचारी

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**शहर** में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाले लगभग 15 कर्मचारियों को गत 9 माह से वेतन नहीं मिलने के चलते आज कर्मचारियों के सब्र का बांध टूट गया। डोर टू डोर कर्मचारी नपा कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। डोर टू डोर कर्मचारियों के कूड़ा नहीं उठाने के चलते शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगने शुरू हो गए हैं।

डोर टू डोर में कार्यरत कर्मचारी टेकचंद, रितिक, ईश्वर, शिवा, अनिल, महेश आदि ने जानकारी देते हुए बताया कि वह कई वर्षों से नगरपालिका में डोर टू डोर कूड़ा कचरा टेंपो के माध्यम से उठाने का कार्य कर रहे हैं। उनके ठेकेदार द्वारा गत नौ माह से उन्हें वेतन नहीं दिया जा रहा है। ठेकेदार से वेतन मांगते हैं तो वह नगरपालिका कार्यालय वेतन नहीं दे रहा है। ऐसा आरोप नगरपालिका पर लगाया जा रहा है। जिसके चलते हमें रोजी-रोटी के लाले पड़ गए हैं।

बार-बार ठेकेदार और नगरपालिका के अधिकारियों द्वारा आश्वासन देने के बाद जब वेतन नहीं दिया जा रहा है। जिससे उनके घर पर रोजी रोटी का संकट मंडराने के साथ-साथ उनके बच्चों को स्कूल में फीस के लिए भी परेशान किया जा रहा है। सोमवार को सभी कर्मचारियों ने एकजुटता दिखाते हुए नगरपालिका कार्यालय के बाहर जब तक वेतन नहीं मिलेगा, तब तक अनिश्चितकालीन धरने पर बैठा जाएगा। सभी कर्मचारियों द्वारा एकजुट फैसला करने के बाद मंगलवार को धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों का कहना है कि नगर पालिका के उच्च अधिकारियों और नपा प्रधान से कई बार आश्वासन मिलने के बावजूद भी वेतन नहीं मिला है। जिसके चलते उन्होंने मजबूरी में यह कदम उठाना पड़ा है।

### टेंडर बढ़ाने की अनुमति मिलते ही बांट देंगे वेतन

**नपा** में डोर टू डोर टेंपो के माध्यम से कूड़ा उठाने वाले कर्मचारियों को ठेकेदार के माध्यम से वेतन दिया जाता है, लेकिन ठेकेदार का टेंडर समाप्त होने के चलते यह परेशानी हो रही है। ठेकेदार के टेंडर को बढ़ाने के लिए उच्च अधिकारियों से अनुमति मांगी गई है। जैसे ही अनुमति मिलेगी कर्मचारियों के वेतन की अदायगी कर दी जाएगी।

**नवीन पांडे**
**सचिव नगरपालिका, फिरोजपुर झिरका।**

# रोजाना सिर्फ 10 मिनट सूर्यनमस्कार, तन और मन को रखेगा सेहतमंद : डा. कमर

**नूंह।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में आयुष विभाग हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार जिले में कार्यरत सभी व्यायामशालाओं व आयुष औषधालयों में सूर्य नमस्कार प्रोजेक्ट का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 14 फरवरी तक चलेगा। डा. मौ. कमर ने बताया बहुत से लोग सोचते हैं कि सूर्य नमस्कार, सिर्फ एक ऐसी योग एक्सरसाइज है, जो पीठ और आपकी मसल्स को मजबूत करती है। लेकिन लोग अक्सर यह महसूस करने में विफल रहते हैं कि यह आपके संपूर्ण फिजिकल सिस्टम के लिए एक अच्छा वर्क आउट है, जिसमें किसी उपकरण के उपयोग की आवश्यकता नहीं होती है। यह हमें हमारे जीवन की थकाऊ और नीरस रूटीन से फ्री होने में भी मदद करता है। सूर्य नमस्कार आपके ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता है। जिससे आपकी त्वचा और आपके चेहरे का ग्लो वापस आता है। यह झुर्रियों और जल्दी बुढ़ापा रोकने में भी मदद करता है। बेहतर परिणाम पाने के लिए इस आसन को रोजाना करें। यदि आप नियमित रूप से सूर्य नमस्कार करते हैं, तो आप न केवल अपने शारीरिक रूप में बल्कि अपने मानसिक रूप में भी अंतर देखेंगे। यह मेमोरी और नर्वस सिस्टम में सुधार करने में मदद करता है। यह आपको शांत करने और चिंता से छुटकारा पाने में भी मदद करता है। यह एंडोक्राइन ग्लैंड्स की गतिविधि को सामान्य करता है और थायराइड की समस्या वाले लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है। आयुष विभाग नूह सभी आमजन से निवेदन करता है कि एचटीटीपीएसस्लेसलाख सूर्यनमस्कारहरियाणाडॉटकॉम पर अधिकाधिक संख्या में पंजीकरण करवाएं।

## पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

मैं असलम पुत्र जुहरुद्दीन निवासी ग्राम नैवाना, तहसील पुन्हाना, जिला नूंह हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा बैंक खाता संख्या 50100345770884, एचडीएफसी बैंक, शाखा पुन्हाना में है। इस खाते में मेरा नाम ASLAMDDIN हो गया है, जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम ASLAM है। उपरोक्त खाते में मेरा नाम ASLAM ही पढ़ा, माना व समझा जाए, जो त्रुटि है, उसे ठीक किया जाए।

मैं, संजय शर्मा पुत्र श्री मदनलाल शर्मा, निवासी मकान नंबर 3125, गांधी चौक, सदर बाजार, करनाल, मैंने अपना नाम संजीव कुमार से बदलकर संजय शर्मा कर लिया है। भविष्य में अब मुझे संजय शर्मा के नाम से ही जाना-पढ़ा जाए।

I, Radha Kishan Sharma S/o Vishwa Nath Sharma R/o H. No. 3J/34A, Faridabad, have changed my name to Radha Krishna Sharma S/o Biswa Nath Sharma.

I, Bhim Sain S/o Ramgopal Batra R/o 4239 UGF, IP 2, Sector-49 Faridabad, HR have changed my name to Bhim Sain Batra.

### सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि सुरेश कुमार पुत्र सर्व श्री राम लाल, निवासी मकान 48-ई. स्कूल कम कनाल ऐरिया, वार्ड न0 8 नीलोखेडी ने कार्यलय नगरपालिका नीलोखेडी में प्रार्थना पत्र दिया है कि प्रार्थी की जायदाद प्रॉपर्टी आईडी 7MQN6V48 मकान 48-जी. स्कूल कम कनाल ऐरिया वार्ड न0 8 नीलोखेडी में स्थित है। प्रार्थी इस प्रॉपर्टी में से हिस्सा वारिस नामा के अनुसार अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर उक्त विषय बारे किसी का कोई भी ऐतराज है तो वह अपना एतराज व सबूत लिखित रूप में 30 दिनों के अन्दर -2 कार्यालय नगरपालिका नीलोखेडी में जमा करवा सकते हैं। इस अवधि उपरान्त कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी तथा इस अवधि के उपरान्त प्रार्थी की प्रॉपर्टी आईडी सबूतों के आधार पर इनके नाम कर दी जाएगी।

**सचिव नगरपालिका नीलोखेड़ी**

### सार्वजनिक सूचना


मैं, वेदपाल पुत्र प्यारेलाल निवासी गांव जोधपुर जिला पलवल ने अपने पुत्री खुशी जो मेरा कहना नहीं मानती है, लड़ाई झगड़ा व गाली गलौच, किसी अनहोनी घटना को अंजाम देने की धमकी देती है। इसलिए मैंने अपनी उक्त पुत्री को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# बसपा समेत किसी भी दल के 17 सूत्रीय मांगों के समर्थन पर देंगे चुनावी सहयोग

रिजवान कासिम। मेवात

### करतार सिंह भड़ाना ने नूंह से की 17 सूत्रीय संघर्ष समिति के संघर्ष की शुरुआत

### 19 फरवरी को नूह अनाज मंडी में एक विशाल रैली के बारे में खट्टर को लिखेंगे पत्र



**लोकसभा** तथा विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही हरियाणा के कद्दावर नेता रहे पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने मंगलवार को अनाज मंडी नूंह से 17 सूत्रीय का संघर्ष समिति हरियाणा के संघर्ष की शुरुआत कर दी है। एक वर्ष के भीतर पूर्व मंत्री हरियाणा के हर जिले में 17 सूत्रीय संघर्ष समिति की मांगों को लेकर जाएंगे। पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना आगामी 19 फरवरी को अनाज मंडी नूंह के मैदान में एक विशाल रैली भी करने जा रहे हैं। जिसे लेकर वह जल्दी ही हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पत्र लिखेंगे।

कहा, इस रैली में किसी भी पार्टी का नेता शामिल हो सकता है, लेकिन शर्त यही होगी कि जो पार्टी 17 सूत्रीय संघर्ष समिति हरियाणा की सभी मांगों को अमलीजामा पहनाएगा उसका सहयोग चुनाव में किया जाएगा। कुल मिलाकर पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना अब एक्टिव मोड में नजर आ रहे हैं। पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना हरियाणा के बजाय फिलहाल उत्तर प्रदेश में बसपा के सक्रिय राजनीति में काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर बसपा उनके सभी 17 सूत्रीय संघर्ष समिति हरियाणा की मांगों को पूरा करने का ऐलान करती है तो उन्हें बसपा के बैनर तले हरियाणा में काम करने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन अगर बसपा उनकी मांगों को अमलीजामा नहीं पहनाती है तो कांग्रेस, इनेलो, जजपा, भाजपा किसी भी दल के साथ जाने से उन्हें कोई गुरेज नहीं है।

उन्होंने कहा कि अगर किसी भी दल ने इन सभी मांगों को अमलीजामा नहीं पहनाया तो जनता तय करेगी कि 17 सूत्रीय संघर्ष समिति हरियाणा के बैनर तले विधानसभा का चुनाव कुछ लोगों को लड़ाया जाए। पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने कहा कि हजरत नूंह की ऐतिहासिक धरती से इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। जल्दी ही राज्य के सभी जिलों में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने अनाज मंडी नूंह में एक कार्यालय का उद्घाटन भी किया और दो टूक कहा कि आगामी 19 फरवरी को होने वाली रैली तक ही यह अस्थाई कार्यालय खोला गया है। कुल मिलाकर जैसे-जैसे चुनाव के दिन नजदीक आते जा रहे हैं। वैसे-वैसे राजनेता भी अब एक्टिव मोड में नजर आने लगे हैं।

मंगलवार को अनाज मंडी नूंह में 17 सूत्रीय संघर्ष समिति हरियाणा की शुरुआत के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठे हुए और अब आगामी 19 फरवरी को अनाज मंडी नूंह में होने वाली संघर्ष समिति हरियाणा की रैली को कामयाब बनाने के लिए पूर्व मंत्री करतार सिंह जीजान से जुट गए हैं।


### ये 17 सूत्रीय ये मांगें रखी हैं पूर्व मंत्री ने

**संघर्ष** समिति हरियाणा ने कहा कि उन परिवारों को कम से कम 1 लाख महीने का रोजगार सरकार को हर हाल में देना अनिवार्य होगा, जो हरियाणा का मूलनिवासी होगा, इसके अलावा किसानों को उनकी फसल का रेट जो वर्तमान में होगा। उसको 50 रुपये बढ़ाकर देना होगा, गैस-डीजल और पेट्रोल का रेट हरियाणा के मुकाबला जिस भी राज्य में सबसे कम होगा। उस राज्य के रेट के हिसाब से देना होगा, सरकार चाहे किसी भी काम को प्राइवेट करे खुद चलाएं वर्कर की सभी सहूलियतों का ख्याल रखना होगा, किसी भी उद्योग में किसी तरह के वर्कर का वेतनमान 25000 से कम नहीं होगा, हरियाणा के हर गांव में सड़क तो होगी, लेकिन यह सड़क अच्छी और बगैर गड्ढे वाली होगी। किसी भी सरकारी नौकरी में वेतन पंजाब स्केल से कम नहीं देना होगा, जो भी पत्रकार इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया से हैं और जो देश हित में काम कर रहे हैं। उन सभी पत्रकारों को हर जिले में प्रेस कॉलोनी बनाकर फ्लैट मुक्त देना होगा, हर गांव में जितने भी समाज रहते हैं। वहां पर हर कौम से एक व्यक्ति लेकर एक कमेटी बनाई जाएगी, पुलिस अधिकारी जो अपने जिले में नौकरी नहीं कर पाता उसकी अपने जिले में नौकरी करने की जो पाबंदी लगी हुई है, उसे हटाना होगा। इसी तरह की कुल 17 मांगे उन्होंने 17 सूत्रीय संघर्ष समिति हरियाणा के बैनर तले रखी हैं और उसको लेकर वह पूरी तरह से फील्ड में उतर चुके हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## चीनी गुब्बारा
### जासूसी का संदेह

**अमेरिका** ने वह चीनी गुब्बारा मार गिराया है जिस पर जासूसी का संदेह था। क्या यह जासूसी विमान था? अभी यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है, पर अमेरिका ने आखिरकार चीनी गुब्बारा मार गिराया। लगभग तीन बसों के आकार वाले इस गुब्बारे ने अमेरिकी हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया था और अमेरिकी सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इसमें जासूसी निगरानी की क्षमतायें थीं। इसकी उपस्थिति के चलते 'राष्ट्रीय सुरक्षा प्रयास' के अंतर्गत तीन हवाईअड्डे बंद किए गए थे। हालांकि, बीजिंग ने गुब्बारे का स्वामित्व स्वीकार किया था, पर उसका दावा था कि यह सिविल मौसम विज्ञान संबंधी व अन्य वैज्ञानिक शोध का काम करता था। उसने इस बात पर दु:ख भी जताया था कि गुब्बारा भटक कर अमेरिकी हवाई क्षेत्र में चला गया था। हो सकता है कि चीन ठीक कह रहा हो, पर इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि चीन झगड़ालू प्रकृति का है। खासकर शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीन में खतरनाक बदलाव आया है और साम्यवाद तथा आक्रामक विदेश नीति जैसी हिंसक विचारधाराओं का मेल हो गया है। इसके परिणामस्वरूप पैदा राजनीतिक सिद्धान्त की मारक क्षमता अपनी जनक विचारधाराओं से बहुत अधिक है। चीन हर चीज को 'हथियार' में बदल देता है, फिर चाहे वे बिजनेस हों अथवा सारी दुनिया में बेचे जाने वाले एप व गैजेट। बौद्धिक संपदा की चोरी के साथ ही वह इनसे सीधी कार्रवाई भी करता है। कुछ महीने पहले एक चीनी उपग्रह



सहायक जहाज युवान वांग 5 श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पहुंचा था। भारत ने इस जहाज के वहां जाने पर आपत्ति की थी, पर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी या कोलंबो ने हमारे सरोकारों पर ध्यान नहीं दिया। यह इस तथ्य के बावजूद था कि भारत ने हाल में श्रीलंका को उसके सबसे बड़े आर्थिक संकट के समय बचाया था। इससे चीन के श्रीलंका तथा अनेक अन्य छोटे देशों पर प्रभाव का पता चलता है। सैनिक विशेषज्ञों का मानना था कि हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हंबनटोटा बंदरगाह पर युवान वांग 5 के आने से हमारे मिसाइल व उपग्रह कार्यक्रमों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। आखिरकार युवान वांग 5 भारत को घेरने की चीनी परियोजना का हिस्सा है।

लेकिन अमेरिका शी के चीन का मुख्य विरोधी है जो वैश्विक वर्चस्व का सपना देख रहा है। यह गुब्बारा भी उसके अनेक जासूसी प्रयासों का एक हिस्सा हो सकता है। चीन अमेरिका द्वारा लगातार ताइवान का समर्थन करने से नाराज है। कुछ समय पहले अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पैलोसी ने ताइवान की यात्रा भी की थी जिसे चीन अपना प्रांत मानता है। अमेरिकी विदेश सचिव एंटोनी ब्लिंकेन ने इस सप्ताहांत बीजिंग की अपनी प्रस्तावित यात्रा भी टाल दी थी जिसका उद्देश्य दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच संबंध सुधारना था। इससे चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीसीपी के नेता और नाराज हो गए होंगे। ढाई साल पहले से चीन पूरब में जापान को आंखें दिखा रहा है, हिंद-प्रशांत में आस्ट्रेलिया को धमका रहा है तथा हिमालय में भारत के खिलाफ उसके आक्रामक तेवर हैं। चीन अपने अन्य पड़ोसियों के मन में भी आशंका पैदा कर रहा है, 'फाइव आइज़ एलायंस' का विरोध कर रहा है तथा अमेरिका से व्यापार युद्ध में उलझा है। यहां तक कि द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने के समय हिटलर भी दो मोर्चों पर युद्ध से डर रहा था, पर शी जिनपिंग को ऐसी कोई चिन्ता नहीं है। लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से बहुत समय बीत गया है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से चीन के 'असीम' सहयोगी रूस को यूक्रेन युद्ध में भारी धक्का लगा है। ऐसा लगता है कि भले ही वे गुब्बारे उड़ाएं, पर तानाशाहों के नियंत्रण वाली बड़ी शक्तियों को अन्य देशों की जवाबी आक्रामकता का सामना करना पड़ सकता है।

# मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की खोखली दलीलें

**पढ़े लिखे और तार्किक मुस्लिम भी मानते हैं कि जब तक समान नागरिक संहिता नहीं लागू होगी तब तक मुस्लिम महिलाओं को उनके सामान्य मानवीय व सामाजिक अधिकार नहीं मिल सकते।**



**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी, लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)




रविवार को लखनऊ में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना राबे हसनी नदवी की अगुवाई में हुई बैठक में बोर्ड ने एक बार फिर अपने दोहरे, विरोधाभासी ,अदूरदर्शी व राष्ट्र की एकजुटता में बाधा डालने वाले रवैये को ही प्रदर्शित किया। बोर्ड का कहना है कि समान नागरिक संहिता संविधान के विरुद्ध है और यही इसके विरोध का सबसे बड़ा कारण व आधार है। बोर्ड की यह दलील अपने आप में खोखली व भ्रमित करने वाली है। जिन्होंने संविधान पढ़ा है या जिन्हें संविधान का ज्ञान है वे अच्छी तरह जानते हैं कि यह सफेद झूठ के सिवा कुछ नहीं है।

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने फिर एक बार बेहद आक्रामक अंदाज में समान नागरिक संहिता को लागू किए जाने का विरोध करते हुए इसके खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया है। ऐसा तब है जब भारत सरकार ने यूसीसी लागू करने के बारे में कोई संकेत तक नहीं दिया है और सभी जानते हैं कि यह कोई रात के अंधेरे में किसी प्रशासनिक आदेश के जरिए लागू किया जाने वाला विषय नहीं है। इसके बावजूद अपने खोखले व अधकचरे तर्कों के द्वारा बोर्ड ने न केवल समान नागरिक संहिता बल्कि अन्य कई विषयों पर अपने धमकी भरे विरोध को जाहिर कर दिया है।

जस्टिस संजय किशन कौल व जस्टिस एमएम सुंदरम ने भी आठ जनवरी,2022 को समान नागरिक संहिता पर केंद्र सरकार को अपना पक्ष रखने को कहा। बीती दस जनवरी को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ व जस्टिस पीएस नरसिम्हा ने उत्तराखंड सरकार द्वारा अपने राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने के सम्बंध में संस्तुति देने के लिए कमेटी के गठन को सही ठहराते हुए इसे चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। इसके तीन दिन बाद ही सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि अदालत इस बारे में विचार करेगी कि क्या वह संसद को समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए निर्देश दे सकती है। संविधान की बात तो यह हुई और अब संविधान के कस्टोडियन यानि सुप्रीम कोर्ट की राय व रुख पर भी एक नजर डालते हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपक गुप्ता व अनिरुद्ध बोस की बेंच ने 13 सितंबर 2019 को देश में देश में समान नागरिक संहिता की जरूरत पर जोर दिया और इस सम्बंध में गोवा का उदाहरण भी दिया। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर अप्रसन्नता भी जाहिर राज्य के नीति निर्देशक तत्व के तहत संविधान के अनुच्छेद 44 में उल्लेख किए जाने के बावजूद सरकार इस दिशा में अब तक कुछ नहीं कर सकी।

संविधान का अनुच्छेद 44 समान नागरिक संहिता पर बिल्कुल स्पष्ट है। यह कहता है- राज्य अपने नागरिकों के लिए पूरे भारत गणराज्य में समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करेगा। संविधान की ड्राफ्ट कमेटी में भी इस मुद्दे पर खासी चर्चा हुई और उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर बुद्धिजीवियों के वर्ग का अभिमत है कि स्वयं बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर समान नागरिक संहिता के पक्ष में थे लेकिन कांग्रेसी विचारधारा वालों की बहुलता के कारण मामला आगे न बढ़ सका। गौरतलब है कि उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने 27 मई 2022 को विधान सभा चुनाव में समान नागरिक संहिता लागू करने के अपने चुनावी वादे को पूरा करने के लिए इस सम्बंध में संस्तुति देने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की थी जिसमें दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस प्रमोद कोहली के अलावा शत्रुघ्न सिंह,मनु गौड़ व सुरेखा डंगवार(तीनो उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव) शामिल हैं। पुष्कर सिंह धामी ने संकेत दिया था कि उत्तराखंड में गोवा की तर्ज पर समान नागरिक संहिता लागू करने का विचार है। उल्लेखनीय है कि गोवा भारत का इकलौता ऐसा राज्य है जहां पूर्णत: न सही किंतु काफी हद तक समान नागरिक संहिता लागू है जो दरअसल पुर्तगाली सिविल कोड 1867 है। पुर्तगाल से आजादी मिलने के साथ ही पुर्तगाल का यह कोड गोवा में लागू हो गया था। हिन्दू मैरिज एक्ट 1955,हिंदू सक्सेसन एक्ट 1956,इंडियन सक्सेसन एक्ट 1925 व शरिया( एप्लीकेशन) एक्ट 1937 गोवा में प्रभावी नहीं हैं। अगर किसी मुस्लिम की शादी गोवा में रजिस्टर्ड है तो वह बहुविवाह नहीं कर सकता। ऐसी ही कई पाबंदियां अन्य धर्मावलंबियों के लिए भी हैं। गोवा में समान नागरिक संहिता की क्या स्थिति है? यह कितना सफल है कितना असफल? इसे भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शरद अरविंद बोबडे के कथन से समझा जा सकता है। जस्टिस बोबडे ने मार्च 2021 में एक कार्यक्रम में कहा था कि गोवा ने भारत के संविधान निर्माताओं की समान नागरिक संहिता की अवधारणा को साकार कर दिखाया है। जस्टिस बोबडे ने कहा कि उन्हें इस बात का सौभाग्य प्राप्त है कि उन्होंने इस व्यवस्था के तहत न्याय प्रदान करने का दायित्व निभाया। संविधान में उल्लेख होने के अलावा सुप्रीम कोर्ट की समय समय की गई टिप्पणियों के आधार पर यह साफ देखा व समझा जा सकता है कि समान नागरिक संहिता में कुछ भी गैर संवैधानिक नहीं है।

यह केवल एक प्रपोगंडा है जो अपेक्षाकृत कम शिक्षित मुस्लिमों को भड़काने के लिए चलाया जा रहा है। पढ़े लिखे और तार्किक मुस्लिम भी मानते हैं कि जब तक समान नागरिक संहिता नहीं लागू होगी तब तक मुस्लिम महिलाओं को उनके सामान्य मानवीय व सामाजिक अधिकार नहीं मिल सकते। समान नागरिक संहिता से मुस्लिम ही नहीं बल्कि सभी धर्मों के मानने वालों के बीच व्याप्त कई हानिकारक प्रवृत्तियों से छुटकारा मिल सकेगा। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने केवल समान नागरिक संहिता को लेकर ही बरगलाने की कोशिश नहीं की है। रविवार को लखनऊ में हुई बैठक में इसने कुछ ऐसा ही हास्यास्पद रुख उपासना स्थल विधेयक 1991 को लेकर भी अपनाया। बोर्ड का मानना है कि इस विधेयक को समाप्त नहीं किया जाना चाहिए। बोर्ड के अनुसार चूंकि यह विधेयक संसद द्वारा पारित है इसलिए सरकार को इसे बनाए रखना चाहिए।

यहां फिर से मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का दोहरा रवैया उजागर होता है। जाहिर है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड पूरी निर्लज्जता के साथ दोहरा मापदंड अपनाते हुए सहूलियत की भाषा बोलता है। दकियानूसी विचारों से ओतप्रोत यह संस्था जैसी अतार्किक व कट्टर कल थी वैसी ही आज है और कल इसमें कोई तब्दीली होगी इसकी उम्मीद करना बेमानी गया। देश को प्रगतिवादी मार्ग पर चलना चाहिए और ऐसे में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बेतुकी दलीलों को दरकिनार कर सरकार को देश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए निर्णायक पहल करनी चाहिए।अगर उपासना स्थल विधेयक को इसलिए न समाप्त किया जाए क्योंकि इसे संसद ने पारित किया है तो फिर मुस्लिम समाज नागरिकता संशोधन कानून को समाप्त करने की मांग क्यो करता है? इसे भी तो उसी संसद ने उसी प्रक्रिया से पारित किया है जिससे उपासना स्थल विधेयक पारित हुआ था। फिर क्यों देश भर में शाहीन बाग जैसे जनजीवन को ठप करने वाले विरोध प्रदर्शन हुए? खासकर यह देखते हुए नागरिकता संशोधन कानून का तो भारत के मुसलमानों से कोई लेना देना ही नहीं था।

# सांस्कृतिक पुनरुत्थान का अमृत काल



**संदीप आज़ाद**
(इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक पॉलिसी रिसर्च एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट के महासचिव हैं)



भारतीय संस्कृति में समग्र मानव जाति को जीवन के प्रत्येक स्तर पर मार्गदर्शन देकर मानव समुदाय को उत्कृष्ट बनाने की क्षमता है। भारतीय संस्कृति चिर पुरातन वेद मान्य संस्कृति है, जिसने विश्व के उत्थान और विकास में अनगिनत परम्पराओं की श्रंखला, उत्सवों की माला, संस्कारों का सिंचन, सबके आरोग्य की कामना, प्रकृति से समन्वय, विश्व कल्याण का चिंतन जैसे कई तरह के जीवन मूल्यों द्वारा सम्पूर्ण जगत का मार्गदर्शन किया है। यह वही संस्कृति है जहां पर पूजा, उपवास, तीर्थयात्रा, मेलों, योग, ध्यान, साधना और चित एकाग्रता जैसी परंपराओं को हजारों वर्षों से जीवंत एवं कार्यरत रखा गया है।

चिरप्रवाहिता भारतीय संस्कृति, विविधता में एकता वाली संस्कृति है। देखने में यह संस्कृति एक नहीं लगती पर वास्तविक रूप में सब धर्मों और प्रणालियों का आधार स्तंभ एक ही है। समग्र देश में एक ही विचारधारा है, वो कर्म की विचारधारा है। श्रीभगवद्गीता और वेद-उपनिषद के विचारों से प्रभावित इस संस्कृति में कर्म को श्रेष्ठ माना गया है। यह ऐसी संस्कृति है जहां पर लोग एक-दूसरे की चिंता करते है, एक-दूसरे के सुख-दुःख में भागीदार बनते हैं और जब भी कोई मुश्किल आ जाए, तब सब साथ मिलकर उसका सामना करते हैं।

भारतीय संस्कृति की सहिष्णु प्रकृति ने ही उसे अमर और चिर स्थायित्व का वरदान दिया है। हाल ही में हमने कोरोना महामारी में विश्व को परिवार मानने वाली अपनी संस्कृति का परिचय दुनिया से कराया, 'सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया' के भाव से भारत ने 150 से अधिक देशों को वैक्सीन दी।

मगर एक सत्य यह भी है विश्व को परिवार मानने वाली इस संस्कृति ने बीती सदियों में अनेक विदेशी आक्रान्ताओं का सामना किया। मुगलों ने सबसे अधिक हमारे मंदिरों को नष्ट किया, हमारे धर्म के प्रतीकों को नष्ट किया और हमारी परंपराओं को नष्ट किया। भारत कई बार गुलाम भी हुआ। मगर भारत माँ की कोख से असंख्य वीर सपूतों ने जन्म लिया और इसकी अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। एक गर्व की बात यह भी है कि इस बलिदान की श्रंखला में मातृशक्ति भी पीछे नहीं रही।

सुप्रसिद्ध फ्रेंच दार्शनिक लुइ जेकिलिमेट ने अपने भाववाही शब्दों में कहा था कि, हे मानव जाती के आदर्शों की पोषक भारत भूमि ! आपको नमस्कार । सदियों तक अनगिनत आक्रमण को सहन करने के बाद भी आपकी गरिमा मलिन नहीं हुई और कलंकित भी नहीं हुई। हे श्रद्धा, प्रेम, कला और विज्ञान की जन्मदात्री ! तुझे कोटि-कोटि नमन।

भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। आजादी के बाद, पिछले 75 वर्षों में भारत ने अपनी परंपराओं, सिद्धांतों, प्रतीकों और सांस्कृतिक समृद्धि को पुनर्जीवित करने का खूब प्रयास किया है। मगर जितना सांस्कृतिक उत्थान पिछले आठ वर्षों में देखा है, उतना कभी नहीं देखा। भारत ने दुनिया को बताया है कि विकास और विरासत दोनों साथ-साथ चल सकते हैं। जहां भारत आज आधुनिक और तकनीकी विकास में गगन चूम रहा है, वहीं विरासत के विकास में भी अविस्मरणीय इतिहास रच रहा है।

प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र स्वाभिमान का पुन: जागरण किया और उस गौरवशाली अतीत का भी विकास किया, जिसमें करोड़ों भारतवासियों की युगों-युगों से गहरी आस्था जुड़ी हुई है।

राम भारत की आत्मा है, अयोध्या में 500 वर्षों के लम्बे संघर्ष के बाद प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है, लगभग एक वर्ष के बाद दुनिया भर के श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु राम मंदिर का लोकार्पण होना भी सुनिश्चित हुआ है। अयोध्या जी के कायाकल्प के साथ रामायण सर्किट ट्रेन शुरु होने से भारत सहित नेपाल और श्रीलंका में राम भक्तों को प्रभु श्रीराम से जुड़े पौराणिक तीर्थस्थलों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में बाबा काशी विश्वनाथ धाम कोरिडोर का कायाकल्प सांस्कृतिक पुनरुत्थान के सोच का ही परिणाम है। हरियाणा के आदीबद्री से राजस्थान और गुजरात तक जाने वाली सरस्वती नदी, जहाँ उपनिषद लिखे गये, उसके पुनरुत्थान के लिये विशेष कदम उठाए हैं। कृष्णा सर्किट के माध्यम से धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र और भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े मुख्य धर्मस्थलों का जीर्णोद्धार, सुंदरीकरण के लिए काम हुआ है। आने वाले समय में बौद्ध सर्किट, गुरु नारायण सर्किट और अंबेडकर सर्किट भी शुरू होने की योजना है। कश्मीर में भी धार्मिक स्थलों का पुनरुद्धार प्रारंभ हो चुका है। पटना साहिब में गुरु गोबिंद सिंह के जन्म स्थान का जीर्णोद्धार हुआ है। अरुणाचल प्रदेश में भगवान परशुराम का ऐतिहासिक कुंड निर्माण हुआ है। उत्तराखंड में चार धाम यात्रा मार्ग और भगवान केदारनाथ मंदिर कॉरिडोर, उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर कॉरिडोर और सोमनाथ महादेव कॉरिडोर हमारे सांस्कृतिक पुनरुत्थान का अद्वितीय उदाहरण है।

आज यह भी सुखद है कि भारत के प्राचीन आयुर्वेद को दुनिया अपना रही है। स्टैचू ऑफ इक्वलिटी, स्टैचू ऑफ यूनिटी और श्री आदि गुरु शंकराचार्य जैसे स्टैचू देश और दुनिया को आकर्षित कर, हमारे गौरवशाली इतिहास को बयां कर रहे हैं। देश में आदिवासी परंपरा को समृद्ध करते हुए 10 आदिवासी संग्रहलयों का निर्माण किया जा रहा है। हमारे स्मारकों को कॉर्पोरेट जगत के सहयोग के साथ अर्थात अडॉप्ट ए हेरिटेज योजना के तहत तकनीकी और आधुनिकता के साथ जोड़ा जा रहा है। भारत की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक वैभव को प्रदर्शित करने के लिए रिवर क्रूजिंग भी सांस्कृतिक पुनरुत्थान की दिशा में बड़ा कदम है।

अब हम आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर चुके हैं और अगले 25 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पाँच संकल्पों के साथ विकसित भारत के व्यापक लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। त्न-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता उस महान लक्ष्य का शंखनाद करता हुआ नजर आ रहा है। भारत त्न-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता को अनेक नए अवसरों के रूप में देख रहा है। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की सदी होगी, उस युवा सन्यासी की भविष्यवाणी सत्य सिद्ध होगी। निश्चित रूप से इस अमृत काल में सांस्कृतिक पुनरुत्थान के साथ हम भारत माँ को पुन: परम वैभव पर आसीन करेंगे।

## आप की बात

### यूक्रेन का भविष्य

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोडोमिर ज़ेलेन्स्की एक गहरे संकट का शिकार हैं। एक तरफ रूसियों का आक्रमण को झेल रहे हैं दूसरी तरफअपने देश के ही अनेक मंत्रियों एवं प्रशासकों में लगातार बढ़ रहे भ्रष्टाचार के मामलों से उनकी रातों की नींद हराम हो रही है। उन्हें सबसे विश्वासपात्र रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेज़निकोव कोए हटाने का आदेश देना पड़ा। इस विषम परिस्थिति में भी रक्षा विभाग भ्रष्ट आचरण में व्यस्त था। पिछले एक महीने के दौरान कई प्रांतों के उप मंत्रियों एवं प्रसाशनिक अधिकारियों को उन्होंने बर्खास्त किया है। मतलब कल्पना से परे उच्च पदों पर बैठे लोगों को इस समय उस रणनीति पर काम करना चाहिए था कि कैसे घुसपैठियों के आतंक को रोका जाय। मगर उनमें से कुछ अधिकारी आपदा में भी अवसर तलाशने में लगे हैं। ऐसी घटनाओं को देशद्रोह की श्रेणी में रखा जाना चाहिए। अकेले ज़ेलेन्स्की किन-किन क्षेत्रों में लड़ेंगे? दुश्मन का सामना करेंगे या घरेलु दुश्मनों को सम्हालेंगे? अच्छा होता जब रूस ने पिछले साल 24 फरवरी को आक्रमण शुरू किया था तो अमेरिकी सरकार ने ज़ेलेन्स्की को सपरिवार अमेरिका आकर बसने का ऑफ्र दिया था जिसे उन्होंने ठुकरा दिया था। अब सवाल जेलेन्स्की के

### हानिकारक एप

**सरकार** ने 232 अनर्गल और अनधिकृत चीनी एप्स पर प्रतिबन्ध लगा कर राष्ट्रहित में सराहनीय कार्य किया है। देश में बहुत सी अनर्गल, अनाधिकृत तथा असली कंपनियों-संस्थानों के नाम वाली नकली एवं धोखाधड़ी की एप्स की तादाद भी बढ़ती जा रही है। इसके जाल में फंसकर भोलेभाले लोग रोजाना आर्थिक और मानसिक परेशानी उठा रहे हैं। सोशल मीडिया भी अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग कर रहा है जिससे अनावश्यक अफ्वाहों को हवा मिलने से लोगों की भावनाओं को ठेस पहुँच जाती है। अत: सरकार को आधुनिक तकनीक के बढ़ने से लोगों के साथ ही राष्ट्र को होने वाली दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए अपने तकनीकी संसाधनों को चुस्त-दुरुस्त करने की ओर भी ध्यान देने की जरुरत है ताकि देश में कोई उसका बेजा फ़ायदा ना उठा सके। इंटरनेट प्रयोगकर्ताओं, खासकर छात्रों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस सलाह पर भी गौर करना चाहिए कि वे सप्ताह में कम से कम एक दिन डिजिटल मुक्त दुनिया में रहें। हमें इंटरनेट व सोशल दुनिया की मायावी दुनिया से निकल कर अपने निकटस्थ मित्रों, रिश्तेदारों, आदि से सीधे संपर्क भी करना चाहिए।

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर


### मोटे अनाजों का महत्व

**यह** जानकर सुखद आश्चर्य हुआ कि भारत में मोटे अनाज का उत्पादन विश्व के कुल उत्पादन का 41 प्रतिशत है। भारत मोटे अनाज का सबसे बड़ा उत्पादक देश ही नहीं बल्कि सबसे बड़ा निर्यातक भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों के कारण ही संयुक्त राष्ट्रसंघ ने वर्ष 2023 को विश्व मिलट्स ईयर घोषित किया है ताकि मोटे अनाज के महत्व और गुणवत्ता को विश्व के समक्ष रखा जा सके। प्रधानमंत्री ने दिसंबर में सभी सांसदों के साथ मोटे अनाज के साथ भोजन किया ताकि सांसदों में भी इसके प्रति आकर्षण बढ़े। विदेश मंत्री ने भी संयुक्त राष्ट्रसंघ के प्रधान महासचिव को मोटे अनाज की दावत दी है। जी20 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भी मोटे अनाज से बने व्यंजनों को परोसा जाएगा। राजस्थान में बाजरे की खेती होती है और बाजरे के व्यंजन सर्वाधिक प्रयोग होते हैं। मोटा अनाज स्वास्थ्यवर्धक पौष्टिक आहार भी है। भारत सरकार, प्रदेश सरकारों तथा अनेकानेक संस्थानों व आम जनता द्वारा मोटे अनाजों के प्रोत्साहन से किसानों को भी लाभ होगा तथा जल संरक्षण भी होगा।

**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**अगले** पांच-छ: महीने में हजारों ऐसे पति गिरफ्तार किए जाएंगे जिन्होंने 14 से कम आयु वाली लड़कियों से यौन संबंध बनाए हैं, भले ही उनसे विवाह किया हो।

**- हिमंता बिस्वा सर्मा**
असम के मुख्यमंत्री

**पुरुषों** को गिरफ्तार करने के बाद उनकी विवाहित लड़कियों की देखभाल कौन करेगा? क्या मुख्यमंत्री उनकी देखभाल करेंगे?

**- असदुद्दीन ओवैसी**
एआईएमआईएम प्रमुख





**विकास** पर मुख्य ध्यान है। हम विकास बहाल करना और उसे टिकाऊ बनाए रखना चाहते हैं।

**- निर्मला सीतारमण**
वित्त मंत्री

पायनियर
हरियाणा, बुधवार, 08 फरवरी, 2023



# योजनाबद्ध तरीके से विकास करवाएं जन जनप्रतिनिधि : डा. कमलदीप

### हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ग्राम दर्शन पोर्टल शुरू

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



प्रगति हॉल में प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते एचआईआरडी नीलोखेड़ी से डा. कमलदीप।

**विकास** एवं पंचायत विभाग द्वारा जिला के नव निर्वाचित जिला पार्षदों, ब्लॉक समिति सदस्यों व सरपंचों को ग्रामीण विकास योजनाओं के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय स्थित प्रगति हॉल में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एचआईआरडी नीलोखेड़ी से डा. कमलदीप ने उपस्थित जिला परिषद सदस्यों, सभी ब्लॉक समिति अध्यक्षों व उपाध्यक्षों तथा गन्नौर ब्लॉक के नव निर्वाचित सरपंचों को ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण दिया।

कमलदीप ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि अपने गांव का योजनाबद्ध तरीके से विकास करवाएं। सभी की सहमति के साथ कार्य करें ताकि विकास कार्य शुरू होने पर किसी प्रकार की अड़चन ना आए। उन्होंने कहा कि पंचायती चुनाव संपन्न होने के बाद सरकार का मुख्य फोकस अब ग्रामीण विकास पर है। विकास कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सरकार ने गाइडलाइन जारी की है। सरकार का मुख्य मकसद गुणवत्ता पूर्वक कार्य के साथ-साथ समय पर विकास कार्य करवाना भी है। इसमें जनप्रतिनिधियों का सबसे बड़ा रोल होता है। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि गांव के हर आदमी के साथ अच्छा तालमेल रखें। चुनाव के बाद कोई पक्ष या विपक्ष नहीं होता। गांव के हर नागरिक की बात सुनना सरपंच का दायित्व है। ग्रामीण विकास पर किसी भी प्रकार की पार्टी बाजी हावी नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार ने विकास कार्यों के लिए गांव के हर नागरिक की जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ग्राम दर्शन पोर्टल शुरू किया है। इस पोर्टल पर कोई भी नागरिक अपने गांव की समस्या तथा सुझाव रख सकता है। इस पोर्टल पर ग्रामीण विकास से संबंधित सभी जानकारियां भी उपलब्ध हैं। जनप्रतिनिधि भी इस पोर्टल का अधिक से अधिक उपयोग करें। इस दौरान एचआईआरडी नीलोखेड़ी से आए डा. राजबीर ने कहा कि पोर्टल के माध्यम से कार्य होने पर रिकॉर्ड ऑनलाइन रहता है। उसे कभी भी देखा जा सकता है। हम सभी को धीरे-धीरे डिजिटल माध्यमों को प्रयोग करने की आदत डालनी है। उन्होंने जन प्रतिनिधियों को मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास योजना तथा नेशनल रूरल लाइवलीहुड मिशन जैसी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## मांगों को लागू न करने से शिक्षा विभाग के फील्ड लिपिकों में रोष



बैठक को संबोधित करते हुए हेमसा के राज्य प्रधान संदीप सांगवान।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**सरकार** द्वारा मानी गई मांगों को लागू न करने से पूरे प्रदेश के शिक्षा विभाग में कार्यरत लिपिकों में भारी रोष व्याप्त है। इसलिए 22 फरवरी को लिपिक अपनी मांगों को लेकर शिक्षा सदन पंचकूला पर जोरदार धरना व प्रदर्शन करेंगे। इस प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन (हेमसा) संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की बैठक लघु सचिवालय प्रांगण में हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान टीक्का सिंह ने की तथा संचालन जिला सचिव धर्मवीर मोर ने किया। आज की बैठक में विशेष रूप से एसोसिएशन के राज्य प्रधान संदीप सांगवान व राज्य महासचिव हितेन्द्र सिहाग, राज्य प्रेस सचिव सुजान मालड़ा, राज्य उपाध्यक्ष विरेन्द्र पाल सिंह व जिला प्रधान हिसार बलजीत सिंह ने भाग लिया। राज्य प्रधान हितेन्द्र सिहाग ने फील्ड से पहुंचे लिपिक वर्गीय कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि फील्ड मिनिस्ट्रियल स्टाफ कर्मचारियों की गत 23 अगस्त को हरियाणा के शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। जिसमें विभाग के एसीएस तथा डायरेक्टर सहित उच्च अधिकारी मौजूद थे। इस बैठक में उनकी 9 मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन 5 मास बीत जाने के बाद भी उनकी समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। परिणामस्वरूप फील्ड में कार्य कर रहे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। जिला प्रधान टीका सिंह व धर्मवीर मोर ने राज्य कमेटी को आश्वासन दिया कि जिला कुरुक्षेत्र से सभी लिपिक कर्मचारी शिक्षा सदन पंचकूला पर दिए जाने वाले धरने में बढ़-चढ़ कर भाग लेंगे। आज की बैठक में पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष रणबीर रोहिल्ला, रविन्द्र सिंह, प्रदीप सिंह, सुशील कुमार, विजेन्द्र शर्मा, नरेश कुमार, सुखबीर सिंह, गुलाब सिंह, पेहवा से हरिपाल, सतपाल, अमित कुमार, बाबैन से मुकेश कुमार, अनिल कुमार ने भाग लिया।

## संक्षिप्त-समाचार

### शतरंज प्रतियोगिता में परशुराम कॉलेज रहा तृतीय




कालेज में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते अध्यापकगण।

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में आयोजित इंटर कॉलेज शतरंज प्रतियोगिता में भगवान परशुराम कॉलेज के पुरुष वर्ग की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों तथा टीम इंचार्ज दिलबाग सिंह का कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य शीश पाल, खेल समिति संयोजक डॉ. हीरा लाल, वासव दत्ता तथा डॉ. सौरभ त्रिखा ने गर्मजोशी से स्वागत किया। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि महाविद्यालय में होने वाले इंटरामुरल शतरंज प्रतियोगिता से उनका मनोबल बढ़ा। जिसका परिणाम यह स्थान हासिल करना है। प्राचार्य प्रो. शीशपाल ने खेल विभाग को इस तरह की और प्रतियोगिता करवाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### हजारों की संख्या में कर्मचारी पंचकूला पहुंचेंगे : देवराज



राजकीय स्कूल लाठ में पेंशन बहाली को लेकर संपर्क करते समिति पदाधिकारी।

**सोनीपत।** बिजली विभाग के फाजिलपुर पावर हाउस व राजकीय माडल संस्कृति विद्यालय लाठ में सम्पर्क अभियान चलाते हुए पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रदेश मुख्य सलाहकार प्रमोद ईंछाकान ने कहा कि विधानसभा चुनाव में पुरानी पेंशन बहाली का वादा करने वाले उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पेंशन बहाल करे, क्योंकि उन्होंने अपने चुनाव घोषणा पत्र वायदा किया था। एक लाख अस्सी हजार एनपीएस कर्मचारी पेंशन बहाली संघर्ष समिति के बैनर तले एनपीएस में बदलाव की नहीं बल्कि पुरानी पेंशन नीति की बहाली की मांग कर रहा है। एनपीएस में किसी बदलाव से मानने वाला नहीं है। गठबंधन सरकार को इस पर फैसला लेना चाहिए, क्योंकि एनपीएस में कर्मचारियों का भविष्य असुरक्षित है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार की वादाखिलाफी से कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। इसके लिए संघर्ष समिति द्वारा 19 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगी। जिसमें हरियाणा के कर्मचारी भारी संख्या में भाग लेंगी और पंचकूला के सेक्टर-5 में एकत्रित होंगी। प्रदेश उपाध्यक्ष देवराज बाल्यान ने कहा कि एनपीएस किसी भी तरह से कर्मचारियों और प्रदेश के हित्त में नहीं है। इस अवसर बिजली विभाग से सतीश चहल, हरपाल भनवाला, राजकुमार, देवेंद्र दहिया, सुमित ने कहा कि बिजली विभाग से अधिक से अधिक कर्मचारी पंचकुला पहुंचेंगे तथा पेंशन आंदोलन में हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राजकीय माडल संस्कृति विद्यालय लाठ से आजाद सिंह, संदीप, प्रदीप मलिक वरुण भारद्वाज, ज्योति, ज्योति मलिक, रेणुका आदि ने भी सरकार से पेंशन बहाल करने की मांग की।

### मुख्यमंत्री आवास घेराव में महिला कर्मचारियों की होगी अहम भूमिका



जानकारी देते पेंशन बहाली संघर्ष समिति कुरुक्षेत्र के प्रेस प्रवक्ता अमरजीत पांचाल व मौजूद महिलाएं।

**कुरुक्षेत्र।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति कुरुक्षेत्र के प्रेस प्रवक्ता अमरजीत पांचाल ने कहा कि 19 फरवरी को मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री आवास घेराव में महिला कर्मचारियों की अहम व अग्रणी भूमिका रहेगी। उन्होंने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए हर कर्मचारी कोई भी कुर्बानी देने को तैयार है। इसके लिए हर विभाग के कलस्टर स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति की जा रही है। धुराला कलस्टर से रीना देवी, ज्योतिसर से मोनिका, मथाना से माया देवी, कन्या विद्यालय थानेसर से सुमन, अमीन से महावीर सिंह, बिहोली से रघुबीर, हरिपुर से अमित शर्मा, अंटेडी से राजेंद्र जांगड़ा, अजराणा खुर्द से नरेश कुमार, देवीदासपुरा से मनोज कुमार, झांसा से सचिन माट्टा, ठोल से इंदु सरोहा, ठसका मीराजी से विनोद कुमार इत्यादि को कलस्टर प्रभारी बनाया गया है, जो अपने कलस्टर के हर कर्मचारियों तक पुरानी पेंशन बहाली हेतु जागरूक करेंगे और हर कर्मचारी को पंचकूला जाने हेतु प्रेरित करेंगे। इसके अतिरिक्त बाकी कलस्टरों पर भी जल्द नियुक्तियां कर दी जाएंगी। नवनियुक्त सभी प्रभारियों ने इसके लिए जिला कार्यकारिणी का आभार जताया व हर संघर्ष में साथ देने का बीड़ा उठाया। इस अवसर पर जिला प्रेस प्रवक्ता अमरजीत पांचाल, दिनेश कुमार, सोहन सिंह, पूजा देवी, इंद्रजीत शर्मा, राजकुमार व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में मुस्कान ने जीता स्वर्ण पदक

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



पावर लिफ्टिंग की विजेता खिलाड़ी कालेज प्राचार्या के साथ।

**महर्षि** दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के तत्वाधान में आयोजित अंतर महाविद्यालय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जीवीएम गर्ल्स कालेज की खिलाड़ी छात्रा मुस्कान ने स्वर्णिम पताका फहराई है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेणु भाटिया ने मुस्कान को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जीवीएम की खेल प्रभारी अनु ने बताया विश्वविद्यालय ने 2 फरवरी, 2023 को स्पोर्टस कॉम्पलेक्स रोहतक में अंतर महाविद्यालय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया।

जिसमें जीवीएम की बीए प्रथम वर्ष की मुस्कान ने 52 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्णिम प्रदर्शन किया है। उन्होंने मुस्कान को बधाई देते हुए कहा कि अन्य छात्राओं को भी पढ़ाई के साथ खेलों में हिस्सा लेना चाहिए। इस मौके पर मुस्कान ने कालेज प्रशासन सहित प्राचार्या व अपनी खेल प्रभारी का विशेष रूप से आभार प्रकट किया।

### जगजीत सिंह की 82वीं जयंती पर विश्वविद्यालय में सबसे बड़ी गजल नाइट आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में 8 फरवरी को महान गजल गायक जगजीत सिंह की 82वीं जयन्ती पर महफिल-ए-मौसीकी-ए-जगजीत का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज मुख्यातिथि, कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा विशिष्ट अतिथि होंगे तथा हैफेड के अध्यक्ष कैलाश भगत अध्यक्षता करेंगे।

इस मौके जगजीत सिंह के शिष्य अमरीश मिश्रा, गायक अपने स्वरों द्वारा जगजीत सिंह की स्मृति को पुनर्जीवित करेंगे। कार्यक्रम में जगजीत सिंह के भाई करतार सिंह की गरिमामयी उपस्थित होगी। कार्यक्रम सांय 5:30 बजे आरंभ होगा। गौरतलब है कि सुप्रसिद्ध गजल गायक जगजीत सिंह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं।

## शिक्षा के बिना मनुष्य केवल नाम का आदमी होता है :आचार्य मुनि सत्यजीत

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



मातृभूमि सेवा मिशन में विद्यार्थियों को संबोधित करते आचार्य मुनि सत्यजीत।

**आर्य** समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती इस बात से भली-भांति परिचित थे कि अगर भारत जैसे बड़े देश को परिवर्तित करना है तो बचपन को प्रेरित तथा परिवर्तित करना होगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से बच्चों की नैतिक शिक्षा पर बल देते हुए उनकी शिक्षा के साधन निर्धारित किए। नैतिक शिक्षा में एक तरफ सद्गुणों का विकास तथा प्रोत्साहन और दूसरी ओर विकारों का निराकरण शामिल है।

ये विचार वानप्रस्थ साधक आश्रम रोजड़, गुजरात के परमाध्यक्ष आचार्य मुनि सत्यजीतजी ने मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा संचालित मातृभूमि शिक्षा मंदिर परिसर में महर्षि दयानन्द की दृष्टि में वैदिक शिक्षा विषय पर बाल संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। आश्रम परिसर में पहुंचने पर आचार्य मुनि सत्यजीत एवं आचार्या मुनि ऋतम्भा का मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने स्वागत किया। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने सभी अतिथियों को आश्रम परिसर का भ्रमण कराया और आश्रम की गतिविधियों से अवगत कराया। आचार्य मुनि सत्यजीत ने कहा जीवन में शिक्षा का अत्यंत महत्व है, शिक्षा के बिना मनुष्य केवल नाम का आदमी होता है। यह मनुष्य का कर्तव्य है कि वह शिक्षा प्राप्त करे, सदाचारी बने।

### मेरठ चौक से अंबेडकर चौराहे तक शहर होगा बिजली की तारों से मुक्त...

# जल्द शुरू होगा अंडरग्राउंड केबल डालने का कार्य

### अंडरग्राउंड केबल डालने पर 26 करोड़ से अधिक खर्च होने की संभावना

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



डीसी अनीश यादव पायलट प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए।

**जल्द** ही मेरठ चौक, मीरा घाटी, सीविल अस्पताल से सब्जी मंडी होते हुए अम्बेडकर चौक तक सड़कें बिजली की तारों से मुक्त होंगी। पायलट प्रोजेक्ट आगामी 9 माह में पूरा होगा। जिस पर करीब रीब 26 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत आने की संभावना हैं। संभावना है कि अंडरग्राउंड तारे डालने का कार्य आने वाले कुछ दिनों में शुरू हो जाए।

बैठक के दौरान डीसी अनीश यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन भी स्थानों से अंडरग्राउंड केबल डालने का कार्य किया जाए, वहां पर खुदाई के बाद उस जगह की अच्छी तरह से मरम्मत की जाए। इस वजह से लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि जिन भी जगहों पर कॉम्पेक्ट सब-स्टेशन (सीएसएस) स्थापित किए जाने हैं, वहां पर पार्कों में किसी कोने में स्थापित किए जाएं। पार्कों के रास्तों को खराब न किया जाए।

बिजली विभाग के एक्सईएन सोमवीर भालोठिया ने बैठक में जानकारी दी कि अंडरग्राउंड तारे डाले जाने के बाद कॉम्पेक्ट सब स्टेशन से बिजली दी जानी है। यह कॉम्पेक्ट सब-स्टेशन शहर में कुल 19 जगह स्थापित किए जाने हैं। बताया कि यह एक पायलट प्रोजेक्ट है। इस कार्य को 9 महीने में पूरा किया जाना है। इस काम पर करीब 26 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके बाद मेरठ चौक से मीरा घाटी चौक और सिविल अस्पताल से अंबेडकर चौक तक शहर तार मुक्त हो जाएगा।

## सरकार के खिलाफ होने वाले धरना प्रदर्शन को लेकर बनाई रणनीति

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** रोडवेज सांझा मोर्चा के आह्वान पर कुरुक्षेत्र डिपो के सांझा मोर्चा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डिपो प्रधान नरेंद्र पांचाल, प्रधान राजेश गोयल, प्रधान नरेश सरवारा, प्रधान राजेश मथाना, प्रधान विजय मराठा, प्रधान नरेश श्योकंद व प्रधान प्रिंस ढींडसा ने संयुक्त रूप से की।

बैठक का संचालन सचिव रणजीत करोड़ा, प्रेम दयाल, संजीव कुमार, शील कुमार, देवराज राणा व रोहित कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में 14 फरवरी को हरियाणा सरकार के खिलाफ सुबह 10 से 4 बजे तक होने वाले धरना प्रदर्शन पर विचार किया गया। बैठक में साझा मोर्चा ने कर्मचारियों से आह्वान किया कि धरना प्रदर्शन में सभी बढ़चढ़ कर हिस्सा लें। वक्ताओं ने कहा कि धरना प्रदर्शन करने का कारण सरकार द्वारा कर्मचारियों की मांगों को अनसुना करना है। लंबे समय से साझा मोर्चे के मांग पत्र पर सरकार द्वारा वार्ता के लिए तो बुलाया जाता है, लेकिन हरियाणा सरकार के आला अधिकारी वार्ता करने से मुकर जाते हैं। जिसको लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है। साझा मोर्चा ने सरकार को आगाह किया है कि वह जल्द कर्मचारी नेताओं को बुला कर उनकी मांगों को लागू करवाएं, जिससे सरकार के प्रति कर्मचारियों में विश्वास बना रहे।


## वी ने पेश की अनूठी प्रतियोगिता 'टेस्ट्स लगाओ, इनाम पाओ, एक्सक्लुजिव रूप से वी ऐप पर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम / हिसार

रिपोर्ट्स से पता चला है कि मस्ती, उत्सुकता और सक्रियता के साथ छात्रों के लर्निंग के स्तर में सुधार होता है। इसी दृष्टिकोण के साथ जाने माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने सरकारी परीक्षाओं की तैयारी के लिए, सबसे भरोसेमंद एजुकेशनल ऐप परीक्षा के साथ साझेदारी में एक्सक्लुजिव रूप से वी ऐप पर विशेष प्रतियोगिता 'टेस्ट्स लगाओ, इनाम पाओ' का लॉन्च किया है।

वी की ओर से पेश किया गया कॉन्टेस्ट 'टेस्ट्स लगाओ, इनाम पाओ' एक डेली क्विज प्रतियोगिता है, जिसे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के विषय को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। रोजाना 5 विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार और इनाम जीतने का मौका मिलेगा। इस प्रतियोगिता के माध्यम से यूजर टेस्ट्स में अपने परफॉर्मेन्स के आधार पर पॉइन्ट्स हासिल कर सकते हैं और स्कोर बना सकते हैं।

रोजाना में टॉप स्कोर हासिल करने वाले विजेताओं को रुपये 500 का स्पेशल गिफ्ट वाउचर मिलेगा। वहीं दूसरी ओर शेष चार विजेताओं (दूसरे से पांचवें स्थान पर आने वाले) को रु 249 के 1 साल के वी अनलिमिटेड पास दिए जाएंगे। यह प्रतियोगिता 10 फरवरी 2023 को समाप्त होगी। नीचे दिए गए आसान से चरणों के माध्यम से यूजर 'टेस्ट्स लगाओ, इनाम पाओ' प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। वी ऐप होमस्क्रीन पर 'जॉब्स एण्ड एजुकेशन' सेक्शन पर जाएं। 'जॉब्स एण्ड एजुकेशन' सेक्शन में 'सरकारी नौकरी' पर क्लिक करें।

अपना राज्य, परीक्षा की श्रेणी चुनें। 'डेली डोज' सेक्शन पर क्लिक करें और अपनी पसंद का विषय चुनें। हर विषय में कई टेस्ट होंगे और प्रतिभागी इनमें से किसी भी टेस्ट को निःशुल्क अटेम्प्ट कर सकते हैं। अहर सही जवाब के लिए यूजर के अकाउन्ट में 5 पॉइन्ट्स जुड जाएंगे। कोई नेगेटिव मार्केटिंग नहीं होगी। दिन में सबसे ज्यादा स्कोर बनाने वाले 5 उम्मीदवार विजेता रहेंगे।

केन्द्र एवं राज्य सरकारी नौकरियों के उम्मीदवारों की मदद के लिए वी जॉब्स एण्ड एजुकेशन विभिन्न श्रेणियों जैसे स्टाफ सलेक्शन कमीशन, बैंकिंग, टीचिंग, डीफेन्स, रेलवे आदि में 150 से अधिक परीक्षाओं के अनलिमिटेड मॉक टेस्ट पेश करता है। यूजर रु 249 प्रति वर्ष के मामूली सब्सक्रिप्शन पर इसका लाभ उठा सकते हैं। वी जॉब्स एण्ड एजुकेशन वी के यूजर्स को सभी वीडियो कोर्सेज पर 10 फीसदी अतिरिक्त छूट भी देता है। यूजर डेली टेस्ट (डेली डोज) एवं करेन्ट अफेयर्स को बिना किसी लागत के एक्सेस कर सकते हैं।

वी ऐप पर वी जॉब्स एण्ड एजुकेशन पर भारत का सबसे बड़ा जॉब सर्च प्लेटफॉर्म 'अपना', अग्रणी इंग्लिश लर्निंग प्लेटफॉर्म 'एनगुरू' और सरकारी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 'परीक्षा' शामिल हैं।


## अटल नगर वासियों से मिले समाजसेवी संदीप गर्ग

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



पंचायत अटल नगर के लोगों की समस्याएं सुनते समाजसेवी संदीप गर्ग।

**पिपली** खंड की पंचायत अटल नगर के लोगों ने स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग के समक्ष अपनी समस्याएं रखी कि वे किस प्रकार से अपना जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वोट लेने के समय तो लोग उनके पास आ जाते हैं, परंतु वोट लेने के बाद कोई नजर नहीं आता।

अटल नगर वासी कुलदीप सिंह, जसपाल सिंह, सीमा देवी, पोली, मोमबत्ती, टोनी, सरवन, सतपाल, उर्मिला, कंचना आदि ने संदीप गर्ग से गुहार लगाई कि वे पीपली खंड की पंचायत अटल नगर में दूसरों के प्लाट में रह कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। उन्हें सरकार की ओर से कोई भी सुविधा नहीं दी गई है। जबकि उनका आधार कार्ड भी बना हुआ है, वोट भी बनी हुई है। उसके बाद भी उन्हें सरकार की ओर से कोई मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई गई है। उन्होंने कहा कि लगभग 50-60 परिवार इस अटल नगर में रह रहे हैं। आज तक सरकार की ओर से न तो उन्हें रहने के लिए सौ-सौ गज के प्लांट मिले हैं और न ही सरकार की ओर से अन्य सुविधाएं मिल रही है। संदीप गर्ग ने अटल नगर के परिवारों को आश्वासन दिया कि जो भी उनकी मदद के लिए बन पड़ेगा, वह जरूर करेंगे और सरकार में भी उनकी समस्याओं को उठाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि नेता लोग सिर्फ वोट लेने के समय तो लंबे चौड़े भाषण देकर अपना काम निकाल लेते हैं। उसके बाद हल्के की जनता के बीच में जाकर कुछ लोगों में ही सिमट कर रह जाते हैं।

## आकाश बायजू के चार छात्रों ने जेईई मेन्स में 99 पर्सेंटाइल पाया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**फरीदाबाद** के आकाश बायजू के चार छात्रों ने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई) मेन 2023 के पहले सत्र में प्रभावशाली 99 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक हासिल किए। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज नतीजे घोषित किए। इस साल होने वाली इंजीनियरिंग की दो संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं में से यह पहली परीक्षा थी।

प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में सक्षम सिंगल ने 99.94, कबीर एस प्रकाश ने 99.65, वैभव शर्मा ने 99.36 और कार्तिके उनियाल ने 99.14 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षा मानी जाने वाली आईआईटी जेईई को क्रैक करने के लिए छात्र आकाश बायजू के क्लासरूम प्रोग्राम में शामिल हुए। उन्होंने जेईई में टॉप पर्सेंटाइल की एलीट लिस्ट में अपने प्रवेश का श्रेय अवधारणाओं को समझने के अपने प्रयासों और अपने सीखने के कार्यक्रम के सख्त पालन को दिया। हम आभारी हैं कि आकाश बायजू ने दोनों में मेरी मदद की। लेकिन संस्थान से सामग्री और कोचिंग के लिए, हम कम समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझ पाते।

छात्रों को बधाई देते हुए, डॉ यश पाल, क्षेत्रीय निदेशक, आकाश बायजूस ने कहा, हम छात्रों को उनके अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। देश भर से जेईई मेन 2023 के पहले सत्र के लिए 8.6 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया। शीर्ष पर्सेंटाइल स्कोरर के रूप में उनकी उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के बारे में बताती है। हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

# श्रीलक्षचंडी महायज्ञ: पहली बार शाहाबाद में दिखी बहुरंगी भारत की छटा

## देशभर से आए कलाकारों ने शोभा यात्रा में दिखाई अपनी प्रतिभा

### शहर में जगह-जगह हुआ यात्रा का भव्य स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**श्रीमारकंडेश्वर** नगरी शाहाबाद में पहली बार बहुरंगी भारत की झलक शोभायात्रा में नजर आई। श्रीमारकंडेश्वर गुमटी माता मंदिर, गांव गुमटी में होने वाले श्रीलक्षचंडी महायज्ञ से पहले मंगलवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। सर्वप्रथम लाडवा रोड चौक से गुमटी वाले माता जी ने बड़ी माताजी के आगे ज्योति प्रज्वलित करके यात्रा की शुरुआत की।

इससे पहले शोभा यात्रा में भाग लेने वाले भक्त सोमवार रात से ही रामा पैलेस पर एकत्रित होना शुरू हो गए। मंगलवार सुबह 7 बजे से शोभा यात्रा की तैयारी शुरू की गई। करीब 11 बजे शोभा यात्रा लाडवा रोड चौक से आरम्भ हुई। शोभा यात्रा में कर्नाटक, केरल, झारखंड, आंध्रा, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, दिल्ली, गुजरात समेत कई राज्यों से आए कलाकारों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

शाहाबाद के गांव गुमटी में 7 फरवरी से श्रीलक्षचंडी महायज्ञ की शुरुआत शोभा यात्रा से हो गई है। मंदिर सेवादार कमल चुघ ने बताया कि प्रोग्राम श्रृंखला में 9 फरवरी को कलश यात्रा मंदिर से निकली जाएगी और 10 फरवरी को गुमटी वाले माताजी श्रीमारकंडेश्वर मंदिर और भद्रकाली मंदिर कुरुक्षेत्र में पूजन करेंगी। 10 फरवरी को शाम को मंदिर से यज्ञ स्थान पर कलश स्थापित किया जाएगा और 11 फरवरी सुबह से श्रीलक्षचंडी महायज्ञ की शुरुआत होगी। 25 फरवरी तक रोजाना सुबह शाम यह यज्ञ चलेगा, जिसमें 2100 ब्राह्मण भाग लेंगे और 26 फरवरी को समापन होगा।



रथ पर सवार गुमटी वाले माताजी और जागो जी।





शोभा यात्रा में अपनी प्रतिभा दिखाते देश के अलग-अलग राज्यों से आये कलाकार।

### 11 किलोमीटर की यात्रा ने दिया धार्मिक सन्देश

**भजन** गाते हुए महिलाओं व पुरुषों का हुजूम देवी मंदिर चौक, विश्वास बाल आश्रम, कमेटी चौक, सिविल अस्पताल, आर्य स्कूल, शिव मंदिर धर्मशाला, हनुमान मंदिर चौक से होते हुए देर रात गुमटी माता मंदिर पर समापन हुआ। इस दौरान शोभायात्रा ने करीब 11 किलो मीटर की यात्रा करके धार्मिक सन्देश दिया। बाजार और शहर में जगह-जगह यात्रा का भव्य स्वागत हुआ।

### शोभा यात्रा में दिखी बहुरंगी भारत की झलक

**शोभा** यात्रा में सबसे आगे गंगाजल का छिड़काव करने वाले भक्तों की टीम रही। गंगाजल छिड़काव के साथ यात्रा मार्ग को शुद्ध किया गया। इसके पीछे मराठी ढोल के साथ चल रही टोली ने शोभा यात्रा के आगमन का संदेश दिया। किसी भी शुभ कार्य से पहले भगवान गणेश की पूजा होती है। इसी तरह शोभायात्रा में सबसे पहली झांकी भगवान गणेश की थी। इसके बाद रथ पर सवार मां दुर्गा की झांकी व ज्योति थी। इसके बाद की झांकी में बड़ी मां का स्वरूप मौजूद था। तत्पश्चात विष्णु-लक्ष्मी झांकी के साथ बैंड की धुन पर नाचते हुए वानर सेना आगे बढ़ रही थी। इसके बाद सीता स्वयंवर, राम वन गमन, लंका दहन, सेतु निर्माण, राम दरबार, ओखल से बंधे भगवान कृष्ण, गोवर्धन लीला, गीता सार, सुदामा व मीरा चरित्र का डांडिया के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। शोभा यात्रा में भारी संख्या में भजन मंडलियों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### वेतनमान को लेकर लिपिक वर्ग काले बिल्ले लगाकर करेगा कार्य



वेतनमान को लेकर इक्ट्ठे हुए लिपिक वर्ग।

सोनीपत। पब्लिक हेल्थ क्लेरिकल एसोसिएशन द्वारा लिपिक वर्ग के लिए वेतनमान 35 हजार 400 रुपए किए जाने के पक्ष में काले बिल्ले लगाकर कार्य करने का निर्णय लिया। इस कार्य में पब्लिक हेल्थ के कर्मचारी जिला खजाना कार्यालय पहुंचे। इस बारे में संघर्ष करने के लिए विचार विमर्श किया गया। खजाना कार्यालय के लिपिकों ने भी लिपिक वर्ग को 35 हजार 400 रुपए वेतनमान दिए जाने का पुरजोर समर्थन किया और काले बिल्ले लगाकर कार्य करने का निर्णय लिया। लिपिक वर्ग के कर्मचारियों ने एकमत से निर्णय लिया कि इसके लिए सभी विभागों के लिपिक वर्ग को शामिल करके एक सांझा कार्यक्रम तैयार किया जाए। लिपिक वर्ग को 35 हजार 400 रुपए वेतनमान मिलने तक संघर्ष जारी रहे।

### ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने समारोह की तैयारियों का लिया जायजा



चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी तथा अन्य तैयारियों का जायजा लेते हुए।

**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र के गांव निवारसी में 11 एकड़ भूमि पर बनने वाले डी.एस.बी. इंटरनेशनल स्कूल के भूमि पूजन समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। उनके साथ सेवानिवृत आयुक्त एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के उपाध्यक्ष टी. के. शर्मा, श्री जयराम विद्यापीठ के ट्रस्टी पवन गर्ग, खरैती लाल सिंगला एवं सुरेंद्र गुप्ता भी मौजूद थे। श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के मार्गदर्शन में देश के विभिन्न राज्यों में जयराम शिक्षण संस्थाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है। ऋषिकेश में स्थापित डी.एस.बी. इंटरनैशनल स्कूल द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सी.बी.एस.ई. के परीक्षा परिणामों में परचम लहराने के बाद अब कुरुक्षेत्र के गांव निवारसी में भी आधुनिक सुविधाओं से युक्त 11 एकड़ भूमि पर डी.एस.बी. इंटरनैशनल स्कूल की परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से स्थापना की जा रही है। उन्होंने बताया कि डी.एस.बी. इंटरनैशनल स्कूल की स्थापना के लिए 11 फरवरी को निवारसी में विधिवत विद्वान ब्राह्मणों एवं संतों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन होगा। भूमि पूजन के भव्य कार्यक्रम में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लाडवा के विधायक मेवा सिंह करेंगे। कार्यक्रम में देश के विख्यात उद्योगपति ओ.पी. लोहिया एवं राम लाल गोयल भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर हरप्रीत चीमा, धर्मपाल सैनी, पूर्व पार्षद अनिल माटा इत्यादि भी मौजूद थे।

# आशा वर्कर 17 को डीसी कार्यालय की करेंगी घेराबंदी : शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



छोटूराम धर्मशाला में आशा वर्कर्स की बैठक को संबोधित करते सीटू नेता आनन्द शर्मा।

**सीटू** की जिला प्रधान अनीता एवं वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने कहा कि 17 फरवरी को सीटू के आह्वान पर उपायुक्त कार्यालय सोनीपत की होने वाली घेराबंदी में हजारों आशा वर्कर्स प्रदर्शन में शामिल होंगी। मंगलवार को वे छोटूराम धर्मशाला में आशा वर्करों की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने बजट में मजदूरों एवं परियोजना वर्करों के लिए कोई बढ़ोतरी नहीं की। उल्टा बजट में कटौतियां की गई है। महंगाई, बेरोजगारी, गुंडागर्दी, छीना झपटी लगातार बढ़ रही है। कानून व्यवस्था चौपट गई है। आम आदमी की पहुंच से शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पानी, रसोई से राशन गायब हो गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार विकास की बात कर रही है, लेकिन व्यवहार में जनता को परेशान किया जा रहा। मनरेगा में काम नहीं दिया जा रहा है, जहां काम मिला है। वहां मनरेगा मजदूरों का वेतन नहीं दिया गया। ठेका सफाई कर्मचारियों एवं ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को पिछले 3-4 माह से कमाया हुआ वेतन नहीं दिया जा रहा है। मजदूरों को भयंकर संकट से गुजरना पड़ रहा है। इसलिए 17 फरवरी को 10 बजे पंचायत भवन सोनीपत में इकट्ठा होकर शहर में रोष प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर मांग पत्र देंगे। उन्होंने कहा कि जिसको लेकर गांव में भी मीटिंग की जा रही हैं। पूरी तैयारी के साथ योजना बनाकर प्रदर्शन करेंगे। सरकार ने परियोजना वर्करों एवं मजदूरों की मांगों का समाधान नहीं किया तो 5 अप्रैल को पूरे देश की परियोजना वर्कर, मजदूर, संसद भवन पर हजारों की संख्या में प्रदर्शन करेंगे। परियोजना वर्करों को कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, तब तक कर्मचारी नहीं मानते न्यूनतम वेतन 26 हजार घोषित किया जाए।

# पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 फरवरी को होगा

### राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम करवाएं मामलों का निपटारा

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी** एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव रमेश चन्द्र ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रमोद गोयल के नेतृत्व में 11 फरवरी को वर्ष 2023 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर के अलावा गोहाना, गनौर, खरखौदा न्यायिक परिसर में आपसी सहमति से कसों का निपटारा किया जाएगा।

मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी रमेश चन्द्र ने कहा कि पहली राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय में लंबित फौजदारी समाधेय, चेक बाउंस केस (धारा 138 एक्ट के मामले), बिजली और पानी के बिल मामले, अन्य दीवानी मामले, ट्रैफिक चालान, मोटर व्हीकल दुर्घटनाग्रस्त मामलों समेत अन्य विभिन्न लंबित वर्गों के मामलों का निपटारा किया जायेगा। जिला एडीआर सेंटर (वैकल्पिक समाधान केंद्र) स्थित स्थायी लोक अदालत के माध्यम से प्री-लिटिगेशन स्टेज पर विभिन्न बैंकों के बैंक लोन केसों, बिजली, पानी बिल, शिक्षा, इत्यादि जन उपयोगी सुविधाओं से सम्बंधित मामलों का निस्तारण किया जायेगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव रमेश चन्द्र ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने केसों को राष्ट्रीय लोक अदालत में लगवाकर आपसी रजामंदी से केसों को लोक अदालत के माध्यम से निपटारा करवा सकता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत केसों का निपटान का सरल व प्रभावी तरीका है।

# वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाली प्रथम महिला कमाक्षी आप में शामिल हुई

**चंडीगढ़।** आपकी आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित बुद्धिजीवी लोग लगातार आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते जा रहे हैं । इस तरीके इस तरह से आम आदमी पार्टी का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। इसी कड़ी के चलते साइबर वर्ल्ड एवं साइबर क्राइम अनुसंधान में वर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराने वाली विश्व की प्रथम महिला कामाक्षी शर्मा ने आम आदमी की सदस्यता ग्रहण की। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश्वर शर्मा ने अपने निवास स्थान पर आप नेता रंजीत उप्पल की उपस्थिति में कामाक्षी शर्मा को पार्टी का टोपी एवं पटका पहनाकर प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करवाई। बहुआयामी प्रतिभाशाली कामाक्षी शर्मा ने साइबर वर्ल्ड में विशेषकर साइबर क्राइम अनुसंधान में देश के लिए कई कार्य किए। देश में 5000 से अधिक साइबर क्राइम केस हल करके ,एक कीर्तिमान स्थापित किया।

# सूर्य नमस्कार का अभ्यास मन की एकाग्रता में लाभदायक : डा. आर्य

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का किया आह्वान

रणबीर सिंह रोहिल्ला। सोनीपत



खानपुर महिला विवि. में सूर्य नमस्कार का अभ्यास करती छात्राएं।

**आजादी** का अमृत महोत्सव की श्रंखला में प्रदेश में चलाए जा रहे 75 लाख सूर्य नमस्कार अभियान के तहत मंगलवार को हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य ने स्वयं भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर के प्रांगण में छात्राओं, शिक्षकों व कर्मचारियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया।

आर्य ने कहा कि सूर्य नमस्कार हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में बेहद फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि सदियों से लोग भगवान सूर्य की पूजा करते आ रहे है। शास्त्रों में भी इनकी पूजा का विशेष महत्व बताया गया हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के नजरिए से देखा जाए तो सूर्य की किरणों से आने वाला विटामिन-डी हमारे शरीर को मजबूत बनाने के साथ-साथ गंभीर बीमारियों को भी दूर करने में मदद करता हैं। सूर्य नमस्कार का मतलब है सूर्य को नमन करना। अगर आप योग की शुरुआत कर रहे हैं तो इसके लिए सूर्य नमस्कार का अभ्यास सबसे बेहतर हैं।

चेयरमैन ने कहा कि मन की एकाग्रता को बढ़ाने में लाभदायक है। त्वचा को सुन्दर, शरीर को सुदृढ़ व लचीला बनाता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत प्रदेश के शिक्षण संस्थानों तथा ग्राम स्तर पर योग कार्यशालाओं में योग सहायकों द्वारा सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया जा रहा है, जिसमें ग्रामवासी, विद्यालय के बच्चों एवं अध्यापकों द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया जा रहा हैं। आर्य ने कहा कि 75 लाख सूर्य नमस्कार अभियान के तहत भगत फल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने लोगों को आह्वान किया कि इस राज्यस्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में सभी जिलावासी बढ़-चढ़कर भाग लें।

# चिह्नित किए गए संगीन अपराधों में संलिप्त अपराधियों को मिले सजा

### गवाहों की भी सुनिश्चित सुरक्षा रहे

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**चिह्नित** किए गए संगीन अपराधों में संलिप्त अपराधियों को हर हाल में सजा मिले। इसके लिए अभियोजन पक्ष और जांच अधिकारी की ओर से कोई कमी न रहे तथा ऐसे मामलो में ग्वाह ना मुकरें, उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित रहनी चाहिए। ये बातें चिन्हित अपराधों की जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी के चेयरमैन एवं उपायुक्त अनीश यादव ने, कमेटी की मासिक बैठक में समीक्षा करते कहीं।

जिला पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया, डिस्ट्रीक्ट अटॉर्नी डॉ. पंकज सैनी तथा सहायक जिला न्यायवादी बृज मोहन भी बैठक में मौजूद थे। बैठक में जनवरी माह में न्यायालय से निपटाए गए चिह्नित अपराधों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जिला न्यायावादी को निर्देश दिए कि जो लोग अपने ब्यानों से मुकर जाते है। उनके बारे में उचित कार्यवाही अमल में लाई जाए। इसके अलावा वैज्ञानिक व हालात से जुड़े जितने भी साक्ष्य है, उनकी एक कड़ी जोड़कर काम करें ताकि पुरजोर तरीके से सरकारी पक्ष को कोर्ट में प्रस्तुत किया जा सके।

उपायुक्त ने एससी/एसटी एक्ट, भ्रष्टाचार तथा महिलाओं के विरूद्ध आपराधिक मामलों को लेकर भी जिला न्यायावादी से मीटिंग में रिपोर्ट ली और उनकी समीक्षा की। उन्होंने डीए को निर्देश दिए कि ऐसे सभी केसों की पैरवी उचित ढंग से की जाए।

### 33 मामलों में से 29 में आरोपी बरी हुए

**उपायुक्त** ने सभी चिन्हित अपराधों की एक-एक करके समीक्षा की। जिला न्यायवादी से प्रत्येक केस से जुड़े गवाहों की ग्वाही को लेकर जानकारी ली। डीए ने बताया कि चिह्नित अपराधों के 33 मामलों में से 29 में आरोपी बरी हुए है, जबकि चार में आरोपियों की सजा हुई है। इसके अलावा तीन मामलों में पुनर्विचार के लिए अपील प्रस्तावित है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि केसों में अभियोजन पक्ष के ग्वाहों की ग्वाही जल्द से जल्द पूरी करवाएं।

# हरियाणा सरकार के खिलाफ होने वाले धरना प्रदर्शन को लेकर बनाई रणनीति

### बैठक में 14 को सरकार के खिलाफ होने वाले प्रदर्शन पर विचार किया

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



रोष व्यक्त करते रोडवेज कर्मचारी।

**हरियाणा** रोडवेज साझा मोर्चा के आह्वान पर कुरुक्षेत्र डिपो के साझा मोर्चा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डिपो प्रधान नरेंद्र पांचाल, प्रधान राजेश गोयल, प्रधान नरेश सरवारा, प्रधान राजेश मथाना, प्रधान विजय मराठा, प्रधान नरेश श्योकंद व प्रधान प्रिंस ढींडसा ने संयुक्त रूप से की। बैठक का संचालन सचिव रणजीत करोड़ा, प्रेम दयाल, संजीव कुमार, शील कुमार, देवराज राणा व रोहित कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में 14 फरवरी को हरियाणा सरकार के खिलाफ सुबह 10 से 4 बजे तक होने वाले धरना प्रदर्शन पर विचार किया गया। बैठक में साझा मोर्चा ने कर्मचारियों से आह्वान किया कि धरना प्रदर्शन में सभी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें। वक्ताओं ने कहा कि धरना प्रदर्शन करने का कारण सरकार द्वारा कर्मचारियों की मांगों को अनसुना करना है।

लंबे समय से साझा मोर्चे के मांग पत्र पर सरकार द्वारा वार्ता के लिए तो बुलाया जाता है, लेकिन हरियाणा सरकार के आला अधिकारी वार्ता करने से मुकर जाते हैं। जिसको लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है। साझा मोर्चा ने सरकार को आगाह किया है कि वह जल्द कर्मचारी नेताओं को बुला कर उनकी मांगों को लागू करवाएं, जिससे सरकार के प्रति कर्मचारियों में विश्वास बना रहे। आज के मीटिंग में साझा मोर्चा के पदाधिकारी व कर्मचारी नवीन शर्मा, जितेंद्र शर्मा, चंद्रहास, भोपाल सिंह, अशोक कुमार, रोहतास वर्मा, नीरज शुक्ला, गुलजार मेगा माजरा, राजनीश कुमार, रामपाल, दीपक, राजेश सिंह, कंवर सिंह, मान सिंह, अशोक कुमार, हरि ओम आदि मीटिंग में मौजूद रहे।

# आईसीआईसीआई सिक्युरिटीज और मणिपाल ग्लोबल स्किल्स एकेडमी की साझेदारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के प्रमुख कौशल प्रशिक्षण उद्यम, मणिपाल ग्लोबल स्किल्स एकेडमी, ने आईसीआईसीआई सिक्युरिटीज के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत ग्रेजुएट्स की भर्ती कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि वह पहले दिन से ही अपनी नौकरी के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें।

इस साझेदारी के माध्यम से, मणिपाल ग्लोबल स्किल्स एकेडमी 0-2 साल का अनुभव रखने वाले उन 500 उम्मीदवारों की भर्ती कर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करेगी, जो मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता, गुड़गांव, हैदराबाद, अहमदाबाद और पुणे में आईसीआईसीआई सिक्युरिटीज को जॉइन करना चाहते हैं। एकेडेमी और इंडस्ट्री के बीच कौशल संबंधी अंतर को निरंतर भरते हुए इस 60 दिन के विस्तृत ऑनलाइन प्रोग्राम में अलग-अलग पदों पर इंडस्ट्री में काम करने के लिए जरूरी ज्ञान और तकनीकी कौशल से उम्मीदवारों को लैस किया जाएगा। इसमें सेल्स एसोसिएट्स, असिस्टेंट मैनेजर और सीनियर रिलेशनशिप मैनेजर शामिल है।

वर्चुअल ट्रेनिंग में सिलेबस को मॉड्यूलर बनाया जाएगा, उम्मीदवारों को टेक्निल और सर्विसिंग के कौशल के साथ सॉफ्ट स्किल्स की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। मणिपाल ग्लोबल सर्विसेज के चीफ बिजनेस ऑफिसर रॉबिन भौमिक ने कहा, इस साझेदारी के माध्यम से हम आईसीआईसीआई सिक्युरिटीज को विकास के ऊंचे आयामों तक पहुंचने में मदद करना चाहते हैं। आईसीआईसीआई सिक्युरिटीज में मानव संसाधन विभाग की प्रमुख निधि कजारिया ने कहा,नियोक्ता के रूप में आईसीआसीआई सिक्युरिटीज तरह- तरह के पद की पेशकश करने में गर्व महसूस करता है। मणिपाल ग्लोबल स्किल्स एकेडमी युवाओं की असीमित क्षमताओं और सिक्युरिटीज और वेल्थ मैनेजमेंट के क्षेत्र में नौकरी करने की योग्यता के बीच दूरी को कम करने में हमारा विश्वसनीय साझीदार है।

# अवैध कॉलोनी में डीटीपी की टीम ने की कार्रवाई

### जिला नगर योजनाकार अधिकारी रोहित चौहान ने बताया

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**जिला** नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त शांतनु शर्मा के आदेशानुसार राजस्व संपदा पिहोवा में गलेडवा रोड पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में प्रशासन के सहयोग से तोड़फोड़ की कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। टीम ने इस क्षेत्र में अवैध कालोनी में निर्माणाधीन 3 मकान, 45 डीपीसी को पीले पंजे की मदद से हटाया गया है।

जिला नगर योजनाकार अधिकारी रोहित चौहान ने कहा कि राजस्व संपदा पिहोवा में गलेडवा रोड पर विकसित हो रही अवैध कालोनी में उपायुक्त शांतनु शर्मा के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोड़फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। उपायुक्त के आदेशानुसार नायब तहसीलदार पिहोवा प्रियंका को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया और डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम राजस्व संपदा पिहोवा में गलेडवा रोड पर करीब 13 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कालोनी में निमाणार्धीन 3 मकान, 45 डीपीसी को हटाने का काम किया। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करे। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त कर लें। इसके साथ ही सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी रजिस्ट्री करने से पहले सरकार द्वारा जारी हिदायतों की पालना करें।

उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अवैध कालोनियों में कोई प्लॉट खरीदता है तो उसके विरुद्ध भी डीटीपी कार्यालय द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और जिसमें 50 हजार का जुमार्ना व 3 साल की सजा का प्रावधान है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई गई ग्रुप हाउसिंग स्कीम दीनदयाल हाउसिंग स्कीम, अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग स्कीम जिसमें 5 एकड़ भूमि पर लाइसेंस प्रदान किया जाता है, में आवेदन करके कॉलोनी काटने की जरूरी अनुमति प्राप्त कर ले।



अवैध कॉलोनी में कार्रवाई करती टीम।

# मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता की शिक्षा के साथ मुफ्त सेनिट्री पैड बांटे

**चंडीगढ़।** आज न्यू सक्षम वेलफेयर ने निशुल्क सेनेटरी पैड वितरण योजना के तहत वंचित और जरूरतमंद लड़कियों को मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता की शिक्षा के साथ मुफ्त सेनिट्री पैड बांटे । जिसके तहत आज न्यू सक्षम वेलफेयर की राष्ट्रीय प्रधान पूजा बरार ने अपनी टीम के सदस्यों के साथ वंचित और जरूरतमंद लड़कियों को मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता की शिक्षा के साथ मुफ्त सेनिट्री पैड बांटे और मासिकधर्म स्वच्छता की जानकारी दी ।ये योजना 46/ के सरकारी स्कूल की जरूरतमंद बच्चियों के लिए शुरू की गई है आज टीम के सदस्यों के साथ पेड़ वितरण कार्य और मासिक धर्म स्वछता के विषय पर बच्चो को समझाया गया की पेड़ इस्तेमाल करने से उन सभी बीमारियों से भी बचा जा सकता है ।

# मलबे के नीचे अपनों की तलाश

# कैसे धराशायी हुईं पैनकेक मॉडल इमारतें

**एजेंसी। मेलबर्न**

**भूकंप** के दो बड़े झटकों ने तुर्किये में तबाही मचा दी, जहां 5000 से अधिक लोग मौत की नींद सो गए, हजारों घायल हो गए और कई तो अब तक मलबे में दबे हुए हैं। पहला भूकंप सीरियाई सीमा के पास स्थित गजियांतेप के नजदीक आया। रिक्टर पैमाने पर 7.8 तीव्रता के इस भूकंप को सुदूर ब्रिटेन तक महसूस किया गया।

नौ घंटे बाद तुर्किये दूसरे भूकंप से थर्राया जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.5 थी। ऐसा लगता है कि यह भूकंप इंटरसेक्टिंग फॉल्ट की वजह से आया। यह स्थिति तब होती है जब एक टेक्टॉनिक प्लेट दूसरी के ऊपर आने की कोशिश करती है। तुर्किय सरकार की मानें तो इस तबाही में 3,450 से अधिक इमारतें जमींदोज हो गईं। इनमें से कई तो आधुनिक इमारतें थीं जिनका निर्माण ढांचे के पैनकेक मॉडल के आधार पर किया गया था लेकिन यह मॉडल भूकंप के आगे नाकाम साबित हुआ। ऐसा क्यों हुआ? क्या इसकी वजह भूकंप की अत्यधिक तीव्रता थी या इन इमारतों में कोई समस्या थी? हाल ही में आए भूकंप स्तब्धकारी नहीं हैं। यह भी जाहिर है कि यहां अवसंरचना भी जोखिम के साए में है।

बीते करीब 2000 साल में हमने ऐसी इमारतों के निर्माण के बारे में बहुत कुछ सीखा है जो भूगर्भीय हलचल होने पर सुरक्षित रहें। लेकिन यह भी सच है कि इस क्षेत्र में तथा दुनिया के दूसरे हिस्सों में इमारतों का निर्माण प्रभावित करने वाले कई कारक भी हैं। भूकंप आज से नहीं, हजारों साल से आते रहे हैं। तुर्किये में भूकंप आम हैं क्योंकि यह देश भूकंप की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र में आता है। ऐसे क्षेत्र में जहां पृथ्वी की सतह के नीचे तीन टेक्टॉनिक प्लेटें लगातार एक दूसरे के साथ घर्षण करती रहती हैं। कम से कम 2000 साल से तुर्किये भूकंप का सामना करता रहा है। 17वीं शताब्दी में कई शहर इस आपदा में तबाह हो गए थे। भूकंप अक्सर ईस्ट अनातोलियन फॉल्ट जोन में आते हैं जो अरेबियन और अनातोलियन टेक्टॉनिक प्लेटों के मध्य में, सीमा पर स्थित है। ये दोनों प्लेटें हर साल 6 से 10 मिमी की गति से एक दूसरे के पास आ रही हैं। इस क्षेत्र में उत्पन्न तन्यता का दबाव रुक-रुक कर आए भूकंप के चलते धीरे धीरे कम हुआ। यह सिलसिला बरसों-बरस चला।

## तबाही में 3,450 से अधिक इमारतें हुईं जमींदोज

### नौ घंटे बाद तुर्किये में दूसरा भूकंप इंटरसेक्टिंग फॉल्ट की वजह से आया!

### अधिकारियों के पास समस्या का समाधा नहीं

**तुर्किये** के अधिकारी यह जानते हैं कि कई इमारतें भूकंप को सह नहीं पाएंगी लेकिन यह समस्या उनके लिए समाधान से परे हैं। कई इमारतें बन चुकी हैं और भूकंप रोधी उपाय या तो महंगे हो सकते हैं या अन्य सामाजिक आर्थिक चुनौतियों के चलते उन पर प्राथमिकता से विचार नहीं किया गया। बहरहाल, इन इमारतों का पुनर्निर्माण इन्हें अधिक सुरक्षित बनाने का एक अवसर दे सकता है।

### 2019 में बनाए नियमों का पालन हुआ

**तुर्किये** ने इमारतों को भूकंप रोधी बनाने के लिए 2019 में नए नियमन तय किए। इन नियमन का स्वागत तो किया गया लेकिन यह देखा जाना अभी बाकी है कि क्या इनसे इमारतों की गुणवत्ता में वास्तव में सुधार हो पाएगा? भूकंप से अवसंरचना को जिस तरह नुकसान पहुंचा है, उससे पर्यावरण को दूरगामी प्रभाव पड़ने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

### प्रधानमंत्री एर्दोआन ने तब इमारतों की गुणवत्ता को ठहराया था दोषी

**तुर्किये** के तत्कालीन प्रधानमंत्री रेसेप तैयब एर्दोआन ने तब मृतकों की अधिक संख्या के लिए इमारतों के गुणवत्ताहीन निर्माण को दोषी ठहराया था। उन्होंने कहा था नगर निकायों, ठेकेदारों, निरीक्षकों को देखना चाहिए कि उनकी लापरवाही इस हत्या की वजह है।



### डिजाइन कोड से कम तीव्रता की थर्राहट नहीं सह सकीं इमारतें

ये झटके आम तौर पर भूमि में सामान्य गुरूत्व के 30 से 40 फीसदी अधिक होते हैं। ऐसा लगता है कि 7.8 और 7.5 तीव्रता के भूकंप की वजह से कंपन की दर गुरूत्व के 20 से 50 फीसदी के बीच रही। डिजाइन कोड से कम तीव्रता की थर्राहट भी ये इमारतें नहीं सह पाईं। तुर्किये और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षित इमारतों का निर्माण सुनिश्चित करना और भूकंप के मद्देनजर समुचित इमारत कोड का पालन करना एक बड़ी समस्या है। अतीत में तुर्किये में जब भी भूकंप आए, इमारतें इसी तरह धराशाई हुई हैं।

### क्या हम भूकंप रोधी इमारतें देख पाएंगे

**फिलहाल,** भूकंप के बाद के झटके आ रहे हैं और खोज एवं बचाव के प्रयास भी जारी हैं। व्यवस्था पटरी पर आने के बाद, पुनर्निर्माण शुरू हो जाएगा, लेकिन क्या हम ऐसी मजबूत इमारतें देख पाएंगे, जो भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील तुर्किये में अगले जलजले या अन्य आपदा का सामना करने में सक्षम होंगी?

### मलबे के नीचे दबे हैं लोग

**तुर्की** सेना के जवाब, पुलिसकर्मी, स्थानीय लोगों के अलावा अन्य देशों से पहुंची राहत-बचाव टीम मलबे में फंसे लोगों को रेस्क्यू करने में जुटी है। बताया जाता है कि बड़ी संख्या में लोग मलबे के नीचे फंसे हुए हैं।



### 1999 में 20,000 इमारतों को मिला दिया था खाक में

**1999** में इज्मित के समीप आए भूकंप ने करीब 17,000 लोगों की जान ली थी और लगभग 20,000 इमारतों को खाक में मिला दिया था। 2011 में आए भूकंप ने सैकड़ों लोगों को मौत की नींद सुला दिया था।

### ताकि भविष्य में जोखिम का खतरा कम हो सके

**दूरगामी** प्रभावों की वजह से भी कई जगहों पर इमारतों का पुनर्निर्माण असुरक्षित हो सकता है। इसे देखते हुए जरूरी है कि कहां क्या निर्माण किया जाना है, इस संबंध में योजना बना कर निर्णय किए जाएं ताकि भविष्य में जोखिम का खतरा कम हो सके।

## तुर्किये, सीरिया में विदेश से बड़े पैमाने पर भेजी जा रही मदद

तुर्किये और सीरिया के भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में मदद के लिए भारत सहित कई देशों की सरकारें और सहायता समूह अपने बचाव कर्मी, वित्तीय मदद और उपकरण वहां भेज रहे हैं।

**भारत :** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की तलाश एवं बचाव दल और विशेष रूप से प्रशिक्षित खोजी कुत्तों के दस्ते के साथ भारत की मानवीय सहायता और आपदा राहत सामग्री का पहला जत्था तुर्किये रवाना किया गया। प्रशिक्षित चिकित्सकों और पैरामेडिक का एक दल भी आवश्यक दवाओं के साथ तुर्किये भेजे जाएगा।

**यूरोपीय संघ :** कम से कम 13 सदस्य देशों ने तुर्किये की मदद के लिए खोज एवं बचाव दल भेजने व अन्य सहायता देने की पेशकश की। आपातकालीन मानचित्रण सेवाएं प्रदान करने के लिए कॉपरनिकस उपग्रह प्रणाली को सक्रिय किया। सीरिया के मानवीय सहायता कार्यक्रमों में भी सहयोग देने को तैयार होने की घोषणा की।

**अमेरिका :** खोज एवं बचाव अभियान में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य तुर्किये की मदद के लिए कैलिफोर्निया में लॉस एंजिलिस काउंटी के लगभग 100 दमकल कर्मियों और इंजीनियरों को विशेष रूप से प्रशिक्षित आधा दर्जन खोजी कुत्तों के साथ अंकारा रवाना किया।

**रूस :** सीरिया में तैनात रूसी सैनिकों ने 300 जवानों से लैस दस टुकड़ियों को मलबा हटाने और उसमें दबे जिंदा लोगों की तलाश करने के लिए भेजा। रूसी आपातकालीन मंत्रालय के बचाव दल भी सीरिया की उड़ान भरने को तैयार हैं। मानवीय सहायता के वितरण के लिए विभिन्न केंद्र स्थापित करने की योजना। तुर्किये को भी मदद की पेशकश की।

**इजराइल :** 150 इंजीनियरों, चिकित्सा कर्मियों और अन्य सहायता कर्मियों से लैस एक खोज एवं बचाव दल तुर्किये रवाना कर रहा। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सीरिया के लिए मानवीय सहायता भेजने के आग्रह को भी स्वीकार कर लिया है।

**यूनान :** एक सैन्य विमान के जरिए 21 बचावकर्मियों, दो खोजी कुत्तों, एक विशेष बचाव वाहन, एक विशेषज्ञ इंजीनियर, पांच चिकित्सकों और भूकंपीय योजना विशेषज्ञों को तुर्किये भेजा।

**जर्मनी :** तुर्किये को आपातकालीन जनरेटर, टेंट, कंबल और जल शोधन उपकरणों की आपूर्ति करने की तैयारियों में जुटा। दर्जनों चिकित्सकों और बचाव विशेषज्ञों को भी भेजने की योजना।

**ब्रिटेन :** ब्रिटेन बचाव उपकरणों और खोजी कुत्तों के साथ 76 तलाश एवं बचाव विशेषज्ञों की टीम और आपातकालीन चिकित्सा दल को तुर्की भेज रहा। सीरिया में पीड़ितों की मदद के लिए संयुक्त राष्ट्र के संपर्क में है।

**लेबनान :** बचाव अभियान में मदद के लिए सैनिक, रेड क्रॉस और सिविल डिफेंस के कर्मियों और दमकल कर्मियों को तुर्किये भेज रहा।

**जॉर्डन :** शाह अब्दुल्ला द्वितीय के आदेश पर सीरिया और तुर्किये को आपातकालीन सहायता मुहैया करा रहा।

**मिस्र :** तुर्किये को आपात मानवीय सहायता भेजने की घोषणा की।

**स्विट्जरलैंड :** स्विस बचाव श्वान सेवा रेडॉग ने अपने 22 कर्मियों को 14 कुत्तों के साथ तुर्किये रवाना किया। सेना के आपदा विशेषज्ञों के साथ 80 तलाश एवं बचाव कर्मियों को भी तुर्किये भेजेगा।

**चेक गणराज्य :** 68 बचावकर्मियों की टीम भेजी, जिसमें दमकल कर्मी, चिकित्सक और इंजीनियर शामिल हैं। खोजी कुत्ते भी रवाना करेगा।

**जापान :** 75 बचाव कर्मी भेज रहा है।

**मेक्सिको :** विदेश मामलों के सचिव ने कहा कि तुर्किये को मेक्सिको बचाव उपकरण और कर्मी भेजेगा।

**ऑस्ट्रिया :** सैन्य आपदा राहत इकाई के 84 जवानों को भेजने की पेशकश की।

**स्पेन :** स्पेन 85 कर्मियों और स्वयंसेवी अग्निशामकों की एक टुकड़ी के साथ तुर्की में दो शहरी खोज एवं बचाव दल भेजने की तैयारी कर रहा।

**इटली :** नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने तुर्किये की मदद की पेशकश की। विमानों के जरिए उपकरण और चिकित्सा कर्मी सहित अन्य आपात कर्मी भेजेगा।

**फ्रांस :** बचाव दलों को तुर्किये रवाना किया।

**पोलैंड :** उपकरणों के साथ 76 दमकल कर्मियों और आठ प्रशिक्षित कुत्तों को तुर्किये भेज रहा।

**रोमानिया :** दो सैन्य विमानों से विशेष कर्मियों और राहत सामग्री को तुर्किये रवाना किया।

**क्रोएशिया :** तुर्किये की मदद के लिए 40 आपात कर्मी, 10 कुत्ते, बचाव उपकरण और वाहन भेजे।

**न्यूजीलैंड :** भोजन, टेंट और कंबल सहित अन्य राहत सामग्री की आपूर्ति के साथ-साथ चिकित्सा एवं मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करने में मदद के लिए टर्किश रेड क्रीसेंट को 6,32,000 डॉलर और सीरियन अरब रेड क्रीसेंट को 3,16,000 डॉलर की सहायता दी।

**चीन :** चीन की रेड क्रॉस सोसायटी ने नकद मानवीय सहायता के रूप में टर्किश रेड क्रीसेंट और सीरियन अरब रेड क्रीसेंट को दो-दो लाख डॉलर उपलब्ध करा रहा।

### गुणवत्तापूर्ण निर्माण न होना भी है एक समस्या

**ऐसा** प्रतीत होता है कि ध्वस्त हुई कई इमारतें भूकंप की दृष्टि से पर्याप्त सुदृढ़ीकरण के बिना, कंक्रीट से बनी थीं। इस क्षेत्र में इमारतों के भूकंप संबंधी कोड संकेत देते हैं कि इन इमारतों को इतनी मजबूत होना चाहिए था कि वे भूकंप के तेज झटके सह लेतीं।

# तुर्की और सीरिया में कैसे राहत प्रयासों में कारगर हो सकते हैं उपग्रह

**एजेंसी। पेरिस**

**सीरिया** और तुर्की में छह फरवरी 2023 को आए 7.8 तीव्रता के भूकंप व उसके बाद के 7.5 तीव्रता के झटकों के बाद होने वाली आपदा से निपटने में उपग्रह की तस्वीरें राहत व बचाव कार्यों में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस तरह के आंकड़े सड़कों, पुलों, इमारतों की स्थिति का मानचित्रण करके पानी और भोजन को बेहतर ढंग से वितरित करने के लिए मानवीय सहायता को सक्षम बनाते है। सबसे महत्वपूर्ण रूप से स्टेडियमों या अन्य खुली जगहों में इकट्ठा होकर संभावित झटकों से बचने की कोशिश करने वाली आबादी की पहचान में इससे मदद मिलती है।

### उपग्रह से स्टेडियमों या अन्य खुली जगहों में एकत्र होकर बचाव करने वाली आबादी की हो सकेगी पहचान

उपग्रहों को प्रभावित क्षेत्रों की ओर जल्द से जल्द मोड़ने के लिए, तुर्की आपदा और आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण (एएफएडी) ने स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर चार मिनट पर अंतरिक्ष और बड़ी आपदा पर अंतरराष्ट्रीय चार्टर को सक्रिय करने का अनुरोध किया। संयुक्त राष्ट्र ने सीरिया के लिए स्थानीय समयानुसार 11 बजकर 29 मिनट पर ऐसा किया। इस बीच, 11 अंतरिक्ष एजेंसियां सबसे उपयुक्त ऑप्टिकल और रडार उपग्रहों को संचालित करने के लिए तैयार हो गईं। फ्रांस के लिए ये ऑप्टिकल उपग्रह स्पॉट, प्लेएड्स और प्लेएड्स नियो (मध्यम, उच्च और बहुत उच्च रिजोल्यूशन) हैं, जो क्षेत्र के ऊपर से गुजरने पर पहली छवियां प्रदान करेंगे।

अंतरिक्ष और प्रमुख आपदाएं पर अंतरराष्ट्रीय चार्टर एक आपदा को बड़े पैमाने पर, अचानक, अद्वितीय और अनियंत्रित घटना के रूप में परिभाषित करता है जिसके परिणामस्वरूप जीवन या संपत्ति व पर्यावरण को नुकसान होता है। ऐसे मामलों में आंकड़े प्राप्त करने और प्रदान करने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता होती है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा 1999 में चार्टर बनाया गया था जिससे जल्द ही कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी भी जुड़ गई। आज, 17 सदस्य अंतरिक्ष एजेंसियां आपदा क्षेत्र में जितनी जल्दी हो सके मुफ्त उपग्रह मानचित्रण प्रदान करने के लिए इसमें शामिल हो गई हैं।

वर्ष 2000 से चार्टर को 154 से अधिक देशों में 797 बार सक्रिय किया गया है। तब से इसे यूरोप (कॉपरनिकस इमरजेंसी) और एशिया (सेंटिनल एशिया) की इसी तरह की पहल का साथ मिल चुका है। चार्टर की सक्रियता के लगभग तीन चौथाई मामले मौसमी घटनाओं के कारण होते हैं: तूफान, चक्रवात और विशेष रूप से बाढ़।

इन अप्रत्याशित संकट की स्थितियों में जब जमीन क्षतिग्रस्त हो जाती है या बाढ़ आ जाती है और सड़कों पर आवाजाही संभव नहीं होती तब भूमि आधारित संसाधन हमेशा आपदा की सीमा का विश्लेषण करने और राहत व मानवीय सहायता को सर्वोत्तम संभव तरीके से व्यवस्थित करने में सक्षम नहीं होते हैं। अंतरिक्ष से स्थिति की बहुत उच्च रिजोल्यूशन की छवियां लेकर उपग्रह महत्वपूर्ण जानकारी शीघ्रता से प्रदान करते हैं। कई मौकों पर चार्टर को सक्रिय नहीं किया जा सकता। यह तब होता है जब मामला चार्टर के दायरे से बाहर (युद्ध व सशस्त्र संघर्ष) हो।

### दुनिया भर में संकट के जवाब में उपग्रह के आंकड़े

जैसे ही कोई आपदा आती है, उपग्रहों को इस तरह प्रोग्राम किया जाता है कि वे प्रभावित क्षेत्रों की तस्वीरें तेजी से प्राप्त करें। किसी भी समय 60 से अधिक ऑप्टिकल या रडार उपग्रहों को इस काम के लिए लगाया जा सकता है।

आपदा के प्रकार के मद्देनजर पूर्व-स्थापित संकट योजनाओं के आधार पर विभिन्न उपग्रहों को गतिशील किया जाएगा- इनमें टेराएसएआर-एक्सटेंडम-एक्स, क्विकबर्ड-2, रडारसेट, लैंडसेट-7/8, एसपीओटी, प्लेएड्स, सेंटिनल-2 व अन्य शामिल हैं।

ऑप्टिकल छवियां अंतरिक्ष से देखी गई तस्वीरों के समान होती हैं, लेकिन गैर-विशेषज्ञों द्वारा रडार छवियों की व्याख्या करना अधिक कठिन हो सकता है। इसलिए आपदा के बाद इसे समझने के लिहाज से आसान बनाने के लिए उपग्रह सूचना पर फिर से काम किया जाता है। इस दिशा में प्रगति हुई है। पृथ्वी अवलोकन प्रौद्योगिकियों में नवाचारों (विशेष रूप से ऑप्टिकल रिजोल्यूशन का प्रदर्शन-50 से 20 मीटर और अब 30 सेंटीमीटर तक) और 3डी डाटा प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर से विशेष रूप से फायदा हुआ है। डिजिटल उपकरणों के विकास से भी इस दिशा में काफी फायदा हुआ है।

### आपदाओं से लाखों लोग होते हैं प्रभावित

**हर साल**, दुनिया भर में लाखों लोग आपदाओं से प्रभावित होते हैं, चाहे वह प्राकृतिक (चक्रवात, बवंडर, आंधी, भूकंप, भूस्खलन, ज्वालामुखी विस्फोट, सुनामी, बाढ़, जंगल की आग, आदि) हो या मानव निर्मित (तेल प्रदूषण, औद्योगिक विस्फोट आदि)। दुर्भाग्य से, इन आपदाओं की तीव्रता और आवृत्ति जलवायु परिवर्तन के साथ बढ़ रही है। ऐसे में ज्यादा पीड़ित, क्षतिग्रस्त घर और विनाशकारी परिदृश्य बनते दिख रहे हैं।

# पेरू में बारिश ने मचाई तबाही भूस्खलन से 36 लोगों की मौत

**एजेंसी। लीमा**

**दक्षिणी** पेरू के कई गांवों में लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन से कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कैमाना प्रांत में मारियानो निकोलस वाल्कारसेल नगर पालिका के नागरिक रक्षा अधिकारी विल्सन गुतिरेज ने स्थानीय रेडियो आरपीपी को बताया कि मिस्की नामक एक दूरस्थ क्षेत्र में 36 शव बरामद किए गए हैं।

इनमें से पांच लोग एक वैन में सवार थे, जो भूस्खलन के बाद मिट्टी के तेज बहाव से नदी में जा गिरी। स्थानीय अधिकारियों ने मलबे के कारण एक मुख्य मार्ग पर करीब तीन किलोमीटर तक अवरुद्ध क्षेत्र को साफ करने के लिए मदद की अपील की है। नागरिक सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन के बाद 630 मकान क्षतिग्रस्त होने की आशंका है।

### नागरिक रक्षा अधिकारी विल्सन गुतिरेज ने कहा, मिस्की नामक क्षेत्र में 36 शव बरामद किए गए

इससे पुल, सिंचाई की नहरें और सड़कें भी प्रभावित हुई हैं। पेरू में फरवरी के महीने में लगातार बारिश होती है, जो अक्सर घातक भूस्खलन का कारण बनती है।

# तुर्किए की इकोनॉमी को भी झटका, करेंसी लीरा में रिकॉर्ड गिरावट

## पहले से बढ़ी महंगाई से घर के किराये में हुई बढ़ोतरी

**एजेंसी। अंकारा**

**तुर्किये** इस वक्त आर्थिक संकट से गुजर रहा है। देश की करेंसी लीरा लगातार कमजोर हो रही है और महंगाई दर 57 प्रतिशत के करीब है। कॉस्ट ऑफ लिविंग के बढ़ने से जनता परेशान है। वहीं तुर्किये और सीरिया में सोमवार सुबह आए 7.7 तीव्रता के भूकंप ने परेशानी को और ज्यादा बढ़ा दिया है। इस भूकंप से अब तक पांच हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी हैं।

यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, तुर्किये और सीरिया के कुछ हिस्सों को हिला देने वाले घातक भूकंप से करीब एक बिलियन डॉलर (करीब 8.2 हजार करोड़ रुपये) का नुकसान हो सकता है। रिइंश्योरेंस ब्रोकर गैलाघेर रे के चीफ साइंस ऑफिसर स्टीव बोवेन ने कहा कि जनवरी 2020 में इसी क्षेत्र में 6.7 तीव्रता के भूकंप से लगभग 600 मिलियन डॉलर (करीब 4.9 हजार करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ था। हालांकि तुर्किए में इंश्योरेंस पूल के जरिए जनता को कंपलसरी इंश्योरेस ऑफर किया जाता है। 2021 इंश्योरेंस रिन्यूअल के आधार पर इसकी लगभग 2.5 बिलियन के क्लेम पेमेंट की कैपेसिटी है। वहीं सीरिया की बात करें तो वहां पहले से ही सिविल वॉर के कारण हालत खराब है। खाने-पीने से लेकर कई तरह की परेशानी है। भूकंप ने परेशानी और ज्यादा बढ़ा दी है।



### घर का किराया 19,700 से 131,000 रुपये पहुंचा

एक मीडिया रिपोर्ट में महिला ने बताया कि पिछले साल में 4,500 लीरा (करीब 19,700 रुपये) रेंट थी, लेकिन मेरे मकान मालिक ने कहा कि उसे कीमत बढ़ानी होगी। हमने पेमेंट को दोगुना कर दिया, लेकिन फिर भी हमें फ्लैट छोड़ना पड़ा। तुर्किये में अब रेंट पर मकान तकरीबन 30,000 लीरा (करीब 131,000 रुपये) में मिल रहा है।

### स्ट्रीट पर महंगाई 600 प्रतिशत महसूस हो रही

एक अन्य नागरिक ने कहा, हम अचानक गरीब हो गए हैं। स्ट्रीट पर महंगाई 600 प्रतिशत महसूस हो रही है, लेकिन पेंशन में बढ़ोतरी केवल 30 प्रतिशत है। इस्तांबुल में, एक रेस्तरां मैनेजर, एर्सिन फुआट उलकु ने कहा, अब केवल बहुत अमीर या बहुत गरीब हैं। कोई मिडिल क्लास नहीं है। सरकारी सहायता के बाद भी महंगाई का सामना करना मुश्किल है। यहां भविष्य अंधकार में है।

### समझें नुकसान के मुख्य बिंदु

- बिल्डिंग और दूसरे स्ट्रक्चर के डैमेज होने से भारी नुकसान।
- फैक्ट्रियों के प्रोडक्शन लॉस से सामान एक्सपोर्ट में देरी होगी।
- पावर सप्लाई डिसरप्शन से लाइफ लाइन सर्विस ऑपरेट करना मुश्किल।
- रेवेन्यू घटेगा और पब्लिक सेक्टर के एक्सपेंस बढ़ेंगे।
- चोट, मृत्यु, या नौकरी जाने से घरेलू आय का नुकसान।

# इंटरनेशनल गेमिंग साइट से 400 करोड़ की ठगी

## जांच में 26 बैंक अकाउंट मिले, दुबई में डी. कंपनी तक पहुंची जांच, लखनऊ, जालौन, झांसी से 16 गिरफ्तार

● नोएडा पुलिस ने मामले की रेकी करने के लिए खुद किराएदार बनकर लिया फ्लैट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा पुलिस द्वारा गिरफ्तार इंटरनेशनल गेमिंग फर्जीवाड़े के आरोपी।

**नोएडा** पुलिस ने एक इंटरनेशनल गेमिंग बैटिंग साइट महादेव गेमिंग एप का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में अलग.अलग शहरों से 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने डेढ़ महीने में 400 करोड़ रुपए से ज्यादा के ट्रांजैक्शन किए हैं। ट्रेसिंग में इनका सरगना दुबई से बैठकर यहां गेमिंग को ऑपरेट करता हुआ मिला है। डी.कंपनी से भी ये मामला जुड़ रहा है। पुलिस इस मामले में ईडी से संपर्क कर रही है। हालांकि पुलिस ने इस बारे में अभी साफ नहीं किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से झांसी नंबर की 2 लग्जरी कारें भी मिली हैं।

डीसीपी हरीश चंद्र ने बताया कि महादेव बुक का ऑनर सौरभ चंद्राकर है। इंडिया में उसका एक एजेंट सचिन सोनी पूरे मामले को डील करता था। डीसीपी ने बताया कि नोएडा में सेक्टर.108 के मकान नंबर डी.309 फ्लैट से ये ऑनलाइन गेम ऑपरेट हो रहा था। ये मकान वेब डिजाइनिंग के कार्य के लिए 68 हजार किराए पर प्रतिमाह लिया गया था। ये मकान मीन मंजिला का है। ग्राउंड फ्लोर पर गाड़ियां खड़ी होती थी। तीसरे फ्लोर पर इन लोगों ने अपना सेटअप लगाया था। अंदर व बाहर जाने के दौरान ये लोग ताला लगाकर जाया करते थे।

नोएडा पुलिस ने खुद किराएदार बनकर वहां एक फ्लैट लिया। और इनकी रेकी की। मामला संदिग्ध होने पर दबिश दी गई। डीसीपी ने बताया कि दो माह में 10 बैंकों के 26 फर्जी बैंक खातों में 4 अरब 5 करोड़ 91 लाख 90 हजार रुपए के ट्रांजैक्शन की जानकारी मिली। इन पैसों को अन्य बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया गया। शेष 1 करोड़ 86 लाख से ज्यादा की रकम को पुलिस ने फ्रीज किया है। पुलिस सोर्स के मुताबिक, इस इंटरनेशनल गेमिंग बैटिंग साइट का संचालक मास्टरमाइंड सौरभ चंद्राकर है। ये अभी दुबई में है। वहीं से ये वॉट्सऐप कॉल के जरिए इन लोगों से जुड़ता था। ऑनलाइन गेमिंग की ट्रेनिंग देता था।

सूत्रों ने बताया कि इसके पीछे ईडी भी लगी हुई है। सामने आया है कि वो इंडिया नहीं आता है। पकड़े गए सभी आरोपी इसी के लिए काम करते हैं।

## एमबीबीएस में एडमिशन के नाम पर करोड़ों का फर्जीवाड़ा

**नोएडा।** नोएडा में एमबीबीएस में एडमिशन का झांसा देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार किया गया है। छात्रों को फंसाने के लिए उसने फर्जी कंसलटेंसी ऑफिस खोला था। नेट क्वालीफाई न कर पाने छात्रों को फोन पर कांटेक्ट करता था और 35 लाख में एडमिशन कराने का दावा करता था। इसके बाद रुपए लेकर फरार हो जाता था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी का नाम यशवंत चौबे है। वह गिरोह का मास्टरमाइंड है। उस पर 25 हजार का इनाम था। आरोपी को थाना सेक्टर-126 पुलिस ने महामाया फ्लाई ओवर के पास से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 1.28 लाख कैश, 2 सोने की अंगूठी, सोने की चेन, 5 फर्जी आधार कार्ड और 2 मोबाइल बरामद किए गए है। गैंग ने गुजरात, लखनऊ, कानपुर और राजस्थान के छात्रों के साथ करोड़ों की ठगी की है। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि 3 जनवरी को एक शख्स ने एमबीबीएस एडमिशन के नाम ठगी की शिकायत की थी।

## मकान मालिक से 30 लाख रंगदारी मांगने में चाऊमीन विक्रेता गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** में एक हफ्ते पहले व्यापारी से 30 लाख रुपए की रंगदारी मांगने वाले आरोपी को लिंक रोड थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। वह उसी का किरायेदार निकला, जो चाउमीन का ठेला लगाता है। कड़कड़ मॉडल निवासी राजेश राघव ने 1 फरवरी को इस संबंध में केस दर्ज कराया था।

राजेश राघव के मुताबिक, अज्ञात नंबर से उन्हें 31 जनवरी की रात में कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि अगर अपने 12 वर्षीय बेटे को जिंदा देखना चाहता है तो 4 दिन में 30 लाख रुपयों का इंतजाम कर ले।

लिंक रोड थाना पुलिस ने इस मामले में मंगलवार को कीश्वर कुमार नायक नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वो भी कड़कड़ मॉडल की सरस्वती कॉलोनी में रहता है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पहले वो राजेश राघव के मकान में किराए पर रहता था और राजेश के साथ मिलकर काम भी करता था। अब वो कड़कड़ मॉडल में चाऊमीन का ठेला लगाता है। फिलहाल ये काम धंधा ठीक नहीं चल रहा था।

## लोन के नाम पर कई व्यापारियों से धोखाधड़ी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की गोविन्दपुरी कॉलोनी में एक दर्जन से अधिक व्यापारियों से लोन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने इस संबंध में थााने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। गोविनदपुरी कॉलोनी निवासी भानू प्रताप सिंह छोटी मार्किट में दुकान करते है। उन्होंने बताया कि एक युवक मेरे पास आया और खुद को राष्ट्रीय बैंक में कार्यरत बताया कि और उसने लोन कराने के नाम पर कई व्यापारियों को ठग लिया।

# एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक का तलाशेंगे विकल्प

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● बाधित हो सकती है यातायात व्यवस्था रोजाना निकलते हैं एक लाख से ज्यादा वाहन

**नोएडा** की लाइफ लाइन एक्सप्रेस वे का विकल्प जल्द नहीं तलाशा गया तो यहां ट्रैफिक सिस्टम कोलेप्स कर सकता है। 2013 में सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट सीआरआरआई की स्टडी के मुताबिक, 24 घंटे में यहां से करीब 44 हजार 440 वाहन निकलते थे। वर्तमान में ये संख्या दो गुना से ज्यादा हो चुकी है। एक्सप्रेस वे का विकल्प के लिए कंसल्टेंट कंपनी का चयन किया जाएगा। जिसके लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल आरएफपी जारी की जा रही है।

नोएडा एक्सप्रेस वे दिल्ली को नोएडा और ग्रेटरनोएडा को जोड़ता है। ये एक्सप्रेस वे जीरो पाइंट पर यमुना एक्सप्रेस वे को जोड़ता है। यानी दिल्ली से आगरा, इटावा, कानपुर और लखनऊ तक का सारा ट्रैफिक इसी एक्सप्रेस वे होकर आता-जाता है। यही वजह है कंस्ट्रक्शन काम होने से यहां पिछले डेढ़ साल से लोग रोजाना जाम झेल रहे है। वर्तमान में इस एक्सप्रेस की सरफेसिंग, अंडर पास का काम किया जा रहा है। 2002 में जब ये एक्सप्रेस वे शुरू हुआ। उस समय स्पीड 100 किमी प्रतिघंटा थी। वर्तमान में रोजाना यहां से एक लाख से ज्यादा वाहन गुजरते है।

यातायात दबाव बढ़ने से कोई भी वाहन 60 से 70 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से अधिक की स्पीड से यहां नहीं चल सकता। यहां बड़े औद्योगिक सेक्टर विकसित किए जा रहे है। यह प्रदेश का पहला डबल डैकर एक्सप्रेस वे होगा। योजना के तहत ये एलिवेटड महामाया फ्लाईओवर के पास से उठाकर सीधे सेक्टर-151 स्थित नोएडा प्रवेश द्वार पर उतारा जाए और एक स्लिप एलिवेटड जो सीधे यमुना एक्सप्रेस वे को जोड़ कर बनाई जाए।

## ईनामी बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कासना थाना क्षेत्र में पुलिस ने अपरहण व जान से मारने की कोशिश करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 10 हजार का इनाम घोषित था।

कासना थाने पर 25 मार्च को रोहित द्वारा शिकायत किया था। कि उसके मालिक अमित कुमार मुर्तजा ने स्कॉर्पियो कार सवार परविंदर व उसके साथियों ने गन प्वाइंट पर लेकर अपहरण कर लिया।

अपनी स्कॉर्पियों और ब्रेजा गाड़ी में दोनों को गन पॉइंट पर ले जाकर मारपीट की। इसके बाद सुनसान जगह पर मुझको छोड़कर मालिक को कहीं और लेकर चले गए। शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई और उसको गिरफ्तार कर लिया।

# मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर बस-कैंटर की भिड़ंत, 6 जख्मी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● हादसे में घायलों को नजदीकी अस्पताल में कराया गया भर्ती

**गाजियाबाद** में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर रोडवेज बस ने कैंटर में पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बस में बैठे करीब छह यात्री घायल हुए हैं। पुलिस ने उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। ये हादसा गाजियाबाद में वेव सिटी के सामने हुआ है।

कौशांबी डिपो की रोडवेज बस मेरठ से गाजियाबाद की तरफआ रही थी। बस के आगे एक कैंटर चल रहा था। अचानक बस और कैंटर में भिड़ंत हो गई। बस का ड्राइवर साइड वाला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के चलते यात्रियों में चींख.पुकार मच गई। आनन.फानन में वेव सिटी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी यात्रियों को बस से नीचे उतारा। करीब 6 यात्री ऐसे थे, जो मामूली रूप से चोटिल थे। इन्हें तुरंत डॉक्टर के पास भेजा गया। बस के ड्राइवर को भी मामूली रूप से चोट आई हैं। उधर, हादसे के चलते कुछ देर के लिए एक्सप्रेस-वे पर वाहनों के पहिये थम गए। फिर पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस और कैंटर को एक्सप्रेस.वे के किनारे खड़ा करवाकर यातायात सुचारू कराया।

## संक्षिप्त समाचार

### नई इकाइयों के लिए चाहिए आधारभूत ढांचा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के नए चीफइंजीनियर के तौर पर नीरज स्वरूप ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। मुरादाबाद से आए नवनियुक्त अधिकारी नीरज स्वरूप ने बताया कि वह डिस्ट्रीब्यूशन से पहले ट्रांसमिशन से जुड़े थे और लखनऊ में तैनात रहे। डिस्ट्रीब्यूशन में यह उनकी दूसरी पोस्टिंग है। अपने कार्यकाल के पहले दिन चीफइंजीनियर नीरज स्वरूप ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता जिले के उपभोक्ताओं को बेहतर सप्लाई देना है। शासन से निर्धारित घंटे के अनुसार उपभोक्ता तक सप्लाई पहुंचाई जाएगी।

### मिशन बेटी के तहत नवजात बच्ची का केक काटकर किया स्वागत

**नोएडा।** सामाजिक संगठन महिला उन्नति संस्था ने बेटी बचाओ संदेश को लोगों तक पहुंचाने को लेकर अपने अभियान मिशन बेटी के अन्तर्गत ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जन्मी नवजात बच्चियों का केक काटकर स्वागत किया। संस्थापक डा राहुल वर्मा ने कन्या जन्म पर खुशी मनाओ. कन्या जन्मोत्सव मनाओ का नारा देते हुए कहा कि बेटियों के जन्म पर भी ऐसे ही खुशियां मनाये जाने की आवश्यकता है। जैसे बेटों के जन्म पर मनायी जाती है तभी देश मे बढते लिंग अनुपात को रोका जा सकता है। संगठन मिशन बेटी अभियान के तहत विभिन्न माध्यमो से संदेश फैलाने का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग की ओर से जिला कार्डिनेटर सुनीता रामधारी ने बेटी के माता पिता को विभाग की तरफसे सर्टिफिकेट देते हुए कन्या जन्मोत्सव की बधाई दी और कहा कि बेटियां हर किसी के नसीब मे नही होती यह सौभाग्य से मिलती है। इनको भरपूर प्यार दुलार दिया जाना चाहिए। वही स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव ने कहा कि बेटियों को लेकर लोगों को अपनी सोच मे बदलाव लाने की आवश्यकता है। आज बेटियां हर क्षेत्र मे अपना परचम लहरा रही है।

### आप ने भाजपा मुख्यालय के पास किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने महापौर का चुनाव कराए जाने में विलंब किए जाने और मनोनीत पार्षदों को मतदान का अधिकार देने को लेकर मंगलवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुख्यालय के पास प्रदर्शन किया। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सदन की पीठासीन अधिकारी ने एक दिन पहले ही कहा था कि उपराज्यपाल की ओर से मनोनीत सदस्यों को भी महापौर चुनाव में मतदान करने का अधिकार होगा। आप के कई नेता और कार्यकर्ता तख्तियां लेकर यहां राउज़ एवेन्यू रोड पर जमा हुए और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। एमसीडी की पीठासीन अधिकारी पर अदालत की अवमानना का आरोप लगाते हुए आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने इल्जाम लगाया कि पीठासीन अधिकारी ने सदन में यह दावा करके जानबूझकर झूठ बोला कि चुनाव में मतदान के संबंध में उच्च न्यायालय का आदेश है। भारद्वाज ने कहा, मनीष सिसोदिया ने कल सुबह ट्वीट किया कि भाजपा महापौर का चुनाव एक बार फिर नहीं होने देगी और हुआ भी ऐसा ही। सब कुछ पहले से तय था। एक-एक वोट की लड़ाई होने के बावजूद भाजपा सांसद सदन में मौजूद नहीं थे। उन्होंने इल्जाम लगाया कि केंद्र सरकार ने पिछले एक साल से एमसीडी पर ै अवैध रूप से कब्जौ किया हुआ है और भाजपा निगम को जबरन चलाने की कोशिश कर रही है। आप नेता ने कहा, उच्चतम न्यायालय इस मामले में हमारा अंतिम सहारा होगा, वे अब हमारी एकमात्र उम्मीद हैं। भाजपा मुख्यालय के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी और बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था तथा राउज़ एवेन्य रोड पर कई जगह बैरिकेड लगाए गए थे। आप के वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक ने आरोप लगाया कि भाजपा महापौर का चुनाव टालने की कोशिश कर रही है क्योंकि आप के पास सदन में अधिक संख्या में वोट हैं। उन्होंने दावा किया, एमसीडी का बजट प्रति वर्ष 16,000 करोड़ रुपये है, भाजपा के भ्रष्टाचार की सीमा निर्धारित करने के लिए इसे 15 साल से गुणा कर दें। पाठक ने कहा कि आप लाठीचार्ज और पानी की बौछारों का सामना करने के लिए तैयार है लेकिन भाजपा के खिलाफ उसकी लड़ाई जारी रहेगी।

# नई इकाईयों के लिए बनाना होगा नया इंफ्रास्ट्रक्चर: नीरज स्वरूप

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** के नए चीफ इंजीनियर के तौर पर नीरज स्वरूप ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। मुरादाबाद से आए नवनियुक्त अधिकारी नीरज स्वरूप ने बताया कि वह डिस्ट्रीब्यूशन से पहले ट्रांसमिशन से जुड़े थे और लखनऊ में तैनात रहे। डिस्ट्रीब्यूशन में यह उनकी दूसरी पोस्टिंग है। अपने कार्यकाल के पहले दिन चीफ इंजीनियर नीरज स्वरूप ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता जिले के उपभोक्ताओं को बेहतर सप्लाई देना है। शासन से निर्धारित घंटे के अनुसार उपभोक्ता तक सप्लाई पहुंचाई जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओ से भी अपील की है कि वे समय से अपना बिल जमा करें ताकि योजनाओं को क्रियान्वियत किया जा सके। जिले में बड़े पैमाने पर हो रहे निवेश और नई इकाईयों को लेकर उन्होंने कहा कि इतने बड़े स्तर पर जिले में नई उद्योग लगेंगे, ऐसे में इसके लिए पूरा नया इंफ्र स्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा जिससे उद्योगों को भी पर्याप्त सप्लाई दी जा सके। नए औद्योगिक क्षेत्रों के लिए यही सब किया जाएगा। बारिश के दौरान होने वाले फॉल्ट को लेकर मुख्य अभियंता ने कहा कि सीजन की पहली बारिश में अक्सर यह स्थिति आती है। ऐसा लाइनों में जमे डस्ट की वजह से होता है। अगर नियमित रूप से बारिश हो तो कटौती अधिक नहीं होती।

मुख्य अभियंता ने कहा कि बड़े स्तर पर फॉल्ट होने की एक बड़ी वजह घरेलु विद्युत के फीडर अलग.अलग न होना है, ऐसे में अगर किसी एक सब स्टेशन में फॉल्ट आता है तो वह सभी फीडर में पहुंच जाता है जिसकी वजह से सप्लाई में कटौती होती है। उन्होंने बताया कि फीडर सेगीरेशन का काम पाइपलाइन में हैं, अगर ऐसा हो गया तो जिस फीडर में फॉल्ट होगा वहीं कटौती की जाएगी और बाकी की सप्लाई सामान्य रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि वह अपने विद्युत उपकरण बेहतर कपंनियों के ही इस्तेमाल करें जिससे उनमें शार्ट सर्किट होने और ओवरलोडिंग की समस्या से निजात मिल सकेगी।

## किसानों ने ग्रेनो प्राधिकरण पर किया प्रदर्शन, पंचायत

**नोएडा।** किसानों की समस्याओं सहित विभिन्न मांगों को लेकर सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने आज भारतीय किसान यूनियन अंबावता के बैनर तले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर धरना.प्रदर्शन कर पंचायत का आयोजन किया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डा विकास प्रधान ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन अंबावता ने आज ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से संबंधित किसानों की समस्याओं को लेकर प्राधिकरण पर पंचायत किया। जिसमें किसानों को 10 फसदी विकसित भूखंड भूखंडों के ऊपर लग रही पेनल्टी, आबादी बैकलीज, किसानों के बच्चों को क्षेत्रीय उद्योगों में रोजगार, ग्राम विकास से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेश भाटी, लोकेश भाटी, सूबेदार गिर्राज प्रताप नागर, कृष्ण नागर, गोपी कांडली, ओमकार भाटी, ओमवीर, अशोक भाटी, राजकुमार रूपबास, प्रमोद भाटी, पूनम भाटी आदि थे।

# मेट्रो लाइन से केबल काटने वाले तीन चोर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**ग्रेटर** नोएडा की नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। ये चोर मेट्रो लाइन से केबल काटकर चोरी किया करते थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद इन लोगों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि इनके दो साथी मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस उनके दो साथियों की तलाश कर रही है।

दरसअल, 21 जनवरी को नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के सेक्टर 148 मेट्रो स्टेशन और नॉलेज पार्क 2 मेट्रो स्टेशन के बीच से करीब 1000 मीटर केबिल को काट के चोरी कर लिया गया था। इसको लेकर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के कनिष्ठ अभियंता की तरफ से थाने पर शिकायत दी गई और बताया गया कि अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस इन चोरों की तलाश में जुट गई। सोमवार को पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ चोर मेट्रो का केबल चोरी करने की योजना बना रहे हैं। वह सभी लोग सफीपुर कट के पास हैं। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि वहां पर पांच लोग मौजूद थे और उन पर एक स्विफ्ट गाड़ी भी थी। इस दौरान उन लोगों के द्वारा केबल काटने की योजना बनाई जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने दबिश दे दी और 3 लोगों को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि बाकी दो लोग मौके से फरार हो गए। नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने इस दौरान दिल्ली निवासी महेश, मथुरा निवासी राहुल और दिल्ली निवासी गौरव को गिरफ्तार कर लिया।

यह तीनों फिलहाल दिल्ली में ही रह रहे थे। इन तीनों को ग्राम सफीपुर कट झाड़ियों के पास से गिरफ्तार किया है। इन लोगों के कब्जे से चोरी के उपकरण 02 आरी, 12 आरी ब्लेड लोहे 2 जोड़ी इलेक्ट्रिक ग्लब्ज, 19 मीटर 38 इंच लाल रंग की प्लास्टिक की रस्सी, 10 मीटर 37 इंच साड़ियाँ रस्सीनुमा एक दूसरे पर गांठ लगी हुई 01 लोहे का शिकन्जा, 23 मीटर 31 इंच 3 कोर डीसीएस पावर केबल 2.5 मिमी0 स्कावर, 03 मीटर 19 इंच 3 कोर डीसीएस पावर केबल 2.5 मिमी स्कावर व 04 मोबाइल फोन बरामद किए गए। साथ ही घटना में प्रयुक्त एक स्विफ्ट कार बरामद की गई।

इन चोरों ने पूछताछ में बताया कि कुछ दिन पहले ही 1000 मीटर केबल इन लोगों ने यहां से चोरी की थी और उसे बेच दिया था। आज भी यह सभी लोग योजना बनाकर केबल चोरी करने आए थे लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि तीन चोरों को मौके से गिरफ्तार किया गया है। दो अभी फरार हैं। दोनों फरार चोरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इन लोगों के आपराधिक इतिहास के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# संभव में नगर आयुक्त ने सुनी लोगों की शिकायतें

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**नगर** निगम सभागार में आज संभव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाचार लिखे जाने तक कार्यक्रम में 17 शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी थीं, हालांकि इनमें कई मांगे भी शामिल है। संभव कार्यक्रम में आज नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ के अलावा अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव, नगर निगम के चीफ इंजीनियर एनके चौधरी आदि अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम सुबह दस बजे शुरू किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। एक बार फिर से नगर निगम में ब्रज विहार नाले को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई है।

लोगों ने मांग की है कि नाले के पानी से आने वाली दुर्गंध से उन्हें निजात दिलाई जाए। इसके अलावा लाइट बंद होने, साफसफाई ठीक से नहीं होने, कई जगह से कूड़ा न उठाए जाने आदि की शिकायतें आईं। नगर आयुक्त डॉ गौड़ ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायतें दर्ज कराई गई हैं उनका निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए। इस दौरान आई शिकायतों में से तीन का तुरंत निस्तारण करने के निर्देश नगरायुक्त ने दिए, बाकी शिकायतों को एक सप्ताह के अंदर दूर करने के लिए कहा गया।

# भारतीय किसान संगठन एकता ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**भारतीय** किसान संगठन एकता ने अपनी मांगों को लेकर पुलिस आयुक्त व डीएम के नाम अलग.अलग ज्ञापन सौंपा हैं। संगठन ने पुलिस कमिश्नर को दिए ज्ञापन में आरोप लगाया है कि किसान डीएलएफटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बिजलीघर की सरकारी जमीन कब्जा किया जा रहा है, अगर जांच कराई जाए तो इस कम्पनी के पास कब्जाई जमीन अधिक मिलेगी। संगठन ने मांग की है कि कम्पनी द्वारा कब्जाई गई जमीन की नाप कराई जाए। हाल ही में यूपीसीडा के अधिकारी जांच के लिए पहुंचे थे। उन्होंने बिजली घर की जमीन नापी, मगर कम्पनी द्वारा कब्जाई गई जमीन की जांच नहीं की जिसका विरोध किया गया। संगठन ने पुलिस आयुक्त से मांग की है कि सही प्रकार से इसकी जांच कराई जाए। वहीं, संगठन ने डीएम के नाम भी ज्ञापन सौंपा हैं जिसमें शिकायत की है कि छात्र नमन कुमार विजयनगर निवासी की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण फीस जमा नहीं कर पाया।

## हाथ में पिस्टल लेकर बनाई रील, शूट किए वीडियो

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में फिर एक रील वायरल हो रही है। इसे दिल्ली.मेरठ एक्सप्रेस.वे पर एक लड़के ने पिस्टल के साथ बनाया है। उसने एक्सप्रेस.वे के किनारे गाड़ी खड़ी की और उसकी बोनट पर बैठ गया। जैसे ही रील की शूटिंग शुरू हुई वो बोनट से उतरा और अपनी कमर में लगी पिस्टल को निकाल लिया। पिस्टल को अपनी उंगलियों में फंसाकर नचाने लगा। बैकग्राउंड में एक मार्गी गरीबी, दूजे मार के करीबी, होके दुनिया से तंग बदमाश बन जा, गाना चल रहा था। मामला विजयनगर क्षेत्र का है। गाजियाबाद पुलिस की एसीपी अंशु जैन ने बताया कि एक्सप्रेस-वे की इस वीडियो में दिख रहे शख्स की पहचान पुनीत भारती के रूप में की गई हे।

# कलक्ट्रेट का घेराव कर रालोद ने किया प्रदर्शन

किसान संदेश अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद।




**किसानों** की समस्याओं को लेकर रालोद किसान संदेश अभियान चला रहा है। इसी क्रम में आज गन्ने का लाभकारी मूल्य घोषित किए जाने, आवारा पशुओं की समस्या का समाधान करने और गन्ना किसानों के बकाए का ब्याज समेत भुगतान की मांग को लेकर रालोद नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट का घेराव और प्रदर्शन किया। रालोद की महानगर अध्यक्ष डॉ रेखा चौधरी और जिलाध्यक्ष अमित त्यागी ने कहा कि वर्तमान सत्र शुरू हुए तीन माह से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक गन्ने के मूल्य की घोषणा सरकार की ओर से नहीं की गई है। गन्ना किसान इकलौता ऐसा उत्पादक है जिसे अपने उत्पाद का मूल्य भी अभी तक नहीं सका है। किसान अपने खून और पसीने से सींची कमाई मिल मालिकों को देता है, लेकिन उसे यह भी नहीं पता होता कि उसकी सही कीमत उसे मिलेगी या नहीं। रालोद नेताओं ने कहा कि पिछले एक माह से पार्टी किसान संदेश अभियान चला रही है। पूरे प्रदेश में 2 लाख से अधिक किसान मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर गन्ने का मूल्य घोषित करने की मांग कर चुके हैं, मूल्य घोषित नहीं होने से किसानों में भारी रोष है। रालोद नेताओं ने घेराव के दौरान प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर मांग की है कि गन्ने के लाभकारी मूल्य की घोषणा तुरंत की जाए, आवारा पशुओं से फसल को बचाने का उचित इंतजाम किया जाए और गन्ने के बकाए का भुगतान ब्याज समेत किया जाए।

रालोद नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी सभी मांगों पर जल्द से जल्द विचार नहीं किया गया तो 27 फरवरी को प्रदेश भर के सभी मंडलों में सरकार के खिलाफ सडकों पर उतरकर विशाल आंदोलन किया जाएगा। घेराव के दौरान पूर्व विधायक एवं मंडल प्रभारी दिलनवाज खान, रालोद सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, पूर्व चेयरमैन मनोज धामा, इंद्रजीत सिंह टीटू, भूपेन्द्र बॉबी, चौधरी मनवीर सिंह, ओडी त्यागी, सत्येन्द्र तोमर, जीवन छाबड़ा, ओमेन्द्र सिंह, बिजेन्द्र सिंह, शिवानी गौतम समेत बड़ी संख्या में रालोद नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अरुणाचल में मिली मधुमक्खी की नई प्रजाति इसका नाम सेराटिना तवांगेंसिस रखा गया

**खोज जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के दक्षिणी क्षेत्रीय केंद्र के शोधकर्ता द्वारा की गई**



**यह अनोखी प्रजाति तवांग जिले में 1,600 से 2,300 मीटर की ऊंचाई पर पाई जा सकती है, यह एक चमकदार काले रंग की है यह अन्य सेराटिना मधुमक्खियों की तुलना में अपेक्षाकृत बड़े आकार की है।**

**भारत** के अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके में मधुमक्खी की एक नई प्रजाति की खोज की गई है। यह खोज जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के दक्षिणी क्षेत्रीय केंद्र के शोधकर्ता द्वारा की गई है।

नई खोजी गई मधुमक्खी की प्रजाति, जिसका नाम सेराटिना तवांगेंसिस है, यह नाम तवांग क्षेत्र के नाम पर रखा गया है, क्योंकि यह यहां पाई गई थी। यह अनोखी प्रजाति तवांग जिले में 1,600 से 2,300 मीटर की ऊंचाई पर पाई जा सकती है। यह एक चमकदार काले रंग की है और लगभग इसकी माप 10 मिमी है, जिससे यह अन्य सेराटिना मधुमक्खियों की तुलना में अपेक्षाकृत बड़े आकार की है।

शोधकर्ताओं ने इस क्षेत्र में पाई जाने वाली अनोखी प्रजातियों की सूची में सेराटिना तवांगेंसिस नाम की मधुमक्खी प्रजातियों को शामिल किया है। शोधकर्ताओं की इस टीम में दिव्यज्योति घोष, थाय्युलथिल जोबराज, पी. गिरीश कुमार और केए सुब्रमण्यम शामिल थे।

नई दर्ज प्रजातियों को उसके रिश्तेदारों से उसके पीले रंग के पैटर्न के साथ-साथ उसके छोटे-छोटे निशानों और सूक्ष्म विशेषताओं में अंतर केआधार पर अलग किया जा सकता है।

जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के दक्षिणी क्षेत्रीय केंद्र के दिव्यज्योति घोष ने बताया, तवांग जिले में हमारे अध्ययन ने अब तक मधुमक्खियों की लगभग 50 प्रजातियों या रूपों को उजागर किया है। उन्होंने कहा कुछ बहुत ही रोचक और दुर्लभ मधुमक्खियां मिली हैं जिनका वर्णन करना अभी बाकी है।

घोष के अनुसार, तवांग के वातावरण और आवास के मामले में एक अनूठा और विविध क्षेत्र है, जिसने शुरुआत में शोधकर्ताओं को जगाया। पूर्वी हिमालय, जिसे हॉटस्पॉट या स्थानीय केंद्र माना जाता है, यहां नई प्रजातियों के विकास की क्षमता है, जो दुनिया भर के शोधकर्ताओं को आकर्षित करती है। सेराटिना तवांगेंसिस की खोज से स्थानीय समुदाय के बारे में हमारी जानकारी और गहन हुई है।

शोधकर्ता ने बताया कि अध्ययन के दौरान, प्रजातियों के केवल मादा नमूनों को पकड़ा गया था और यह टैक्सोनॉमिक पहचान प्रक्रिया के दौरान प्रजातियों की विशेषता पहली बार देखी गई थी। नमूनों की तुलना भारत में पाए जाने वाले अन्य समान प्रजातियों के समूहों से की गई थी और सेराटिना तवांगेंसिस को नए की रूप में पहचान दी गई। सेराटिना लैट्रेली वंश की दुनिया भर में लगभग 370 प्रजातियां शामिल हैं। यह वंश अपने छोटे, पतले, चमकीले और लगभग गंजा शरीर के लिए जाना जाता है, जिसका आकार 2.2 से 12.5 मिमी तक होता है और चेहरे पर विशिष्ट पीले निशान के साथ धातु के हरे से काले रंग में रंगा होता है।

इन मधुमक्खियों को आमतौर पर छोटी बढ़ई मधुमक्खियों के रूप में जाना जाता है, उनके बहन समूह के विपरीत, बड़ी बढ़ई मधुमक्खियों या जाइलोकोपा एसपीपी, जिन्हें बोलचाल की भाषा में भामरा कहा जाता है। सेराटिना तवांगेंसिस जंगलों में पाई जाती है, जो मुख्य रूप से खेती की भूमि और आस-पास के अर्ध-प्राकृतिक आवासों के आस-पास रहती है। मधुमक्खी की खोज ज्यादातर बिना फसल वाले पौधों जैसे जंगली स्ट्रॉबेरी, जावा इसोडोन, जंगली मूली, धनिया, एक प्रकार का अनाज, वीर सैनिक, एस्टर्स, टिक तिपतिया घास और धनिया में की जाती है, जिसकी पूरे क्षेत्र में किचन गार्डन के रूप में खेती की जाती है।

सेराटिना तवांगेंसिस जैसी सामान्य मधुमक्खियां सभी मधुमक्खी विविधता का लगभग 75 फीसदी हैं और पारिस्थितिक तंत्र सेवाओं को नियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जैसे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में परागण जहां संसाधन दुर्लभ हैं। मधुमक्खियों की तुलना में जंगली मधुमक्खियों को एंटोमोफिलस पौधों के लिए अधिक कुशल परागणकर्ता के रूप में सामने आई है।

आम लोगों के लिए, मधुमक्खियों को अक्सर हनी बीज (एपिस बीज) के रूप में संदर्भित किया जाता है क्योंकि वे अपने उप-उत्पादों जैसे शहद, शाही जेली और पराग - और अन्य उत्पादों जैसे मोम, प्रोपोलिस और शहद मधुमक्खी के जहर के कारण व्यावसायिक रूप से मुख्यधारा में हैं। तवांग में एक नई मधुमक्खी प्रजाति की खोज जैव विविधता को बनाए रखने और महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएं प्रदान करने में जंगली मधुमक्खी परागणकर्ताओं के महत्व पर प्रकाश डालती है। ज्ञात मधुमक्खियों की लगभग 22,000 प्रजातियों के साथ, जंगली मधुमक्खियां, मधुमक्खी विविधता के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर लेती हैं, जिसमें कई महत्वपूर्ण फसलें उनकी परागण सेवाओं पर निर्भर होती हैं।

कई महत्वपूर्ण नकदी फसलें जैसे ब्राजील नट्स, बादाम, काजू, कॉफी बीन्स, कोको बीन्स, एवोकाडो और फल और सब्जियां जैसे सेब, खुबानी, ब्लूबेरी, आम, स्ट्रॉबेरी और टमाटर परागण सेवाओं के लिए ज्यादातर या पूरी तरह से मधुमक्खी परागणकर्ताओं पर निर्भर हैं। हालांकि, इन महत्वपूर्ण परागणकों की आबादी निवास स्थान के नुकसान और गिरावट के कारण खतरनाक दर से घट रही है, जिससे भोजन और छत्तों का नुकसान हो रहा है। भारत लगभग 750 मधुमक्खियों की प्रजातियां पाई जाती है और इसकी विविध जलवायु और भूगोल के साथ, यह संभावना है कि कई और प्रजातियों की खोज की जानी अभी बाकी है। इस समृद्ध जैव विविधता के बावजूद, भारत में जंगली मधुमक्खियों के बारे में जानकारी सीमित है और पूर्वोत्तर क्षेत्र में मधुमक्खियों की विविधता का दस्तावेज़ीकरण विशेष रूप से दुर्लभ है। यह अध्ययन जर्नल ऑफ इन्सेक्ट बायोडायवर्सिटी एंड सिस्टमैटिक्स में प्रकाशित हुआ है।

# नार्थ ईस्ट इंडिया की देखनी है खूबसूरती तो इन जगहों को करें एक्सप्लोर



**भारत** के हर क्षेत्र की अपनी अलग खूबसूरती है। नार्थ ईस्ट भारत का एक ऐसा ही हिस्सा है, जो आज तक काफी हद तक अछूता है। इसकी खूबसूरती देखते ही बनती है। साथ ही, अगर आप लीक से हटकर कुछ अलग व अद्भुत अनुभव करना चाहते हैं तो ऐसे में भारत के नार्थ-ईस्ट एरिया को एक्सप्लोर करने पर विचार है। यहां पर हरी-भरी घाटियों से लेकर कल-कल बहती नदियां आपको प्रकृति के करीब होने का अहसास करवाती है। साथ ही, यहां पर आपको ट्रेकिंग रेल्स से लेकर जंगली जानवरों को उनके प्राकृतिक आवास में देखने के लिए पार्क, प्राचीन मंदिरों और बर्फ से ढकी पर्वत चोटियों आदि का भी आनंद उठा सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको नार्थ ईस्ट में घूमने की कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में बता रहे हैं-

**काजीरंगा नेशनल पार्क, असम**

काजीरंगा नेशनल पार्क एक यूनेस्को वर्ल्ड हैरिटेज साइट है। यह नेशनल पार्क सबसे बड़ी भारतीय गैंडों की आबादी का घर है। 430 वर्ग किलोमीटर का यह नेशनल पार्क कई अन्य जानवरों और पक्षियों का प्रजनन स्थल भी है। अगर आप यहां पर हैं तो आप एक सींग वाले गैंडे, रॉयल बंगाल टाइगर, एशियाई हाथी, हिरण आदि को देख सकते हैं।

**तवांग मठ, अरुणाचल प्रदेश**

नार्थ ईस्ट की घूमने की सबसे बेहतरीन जगहों में से एक तवांग मठ को माना जाता है। अरुणाचल प्रदेश में 10,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित तवांग मठ घाटी मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करता है। यह करीबन 450 भिक्षुओं का घर है। आप शाम के समय तवांड नदी के मनोरम दृश्य को बैठकर निहार सकते हैं। यह रात में अपनी आकाशीय सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है, और आपको पूर्णिमा की रात को इसकी यात्रा करने की योजना बनानी चाहिए।

**सियांग नदी, अरुणाचल प्रदेश**

अगर आपको एडवेंचर्स एक्टिविटी करना बेहद अच्छा लगता है तो ऐसे में आपको अरुणाचल प्रदेश में स्थित सियांग नदी को अवश्य



देखना चाहिए। इसे ब्रह्मपुत्र नदी की एक सहायक नदी के रूप में जाना जाता है और यहां पर रिवर राफ्टिंग एक प्रमुख आकर्षण है। आपको यहां पर अक्टूबर के अंत और नवंबर की शुरुआत के दौरान घूमने के लिए जाना चाहिए।

**चेरापूंजी, मेघालय**

मेघालय में स्थित चेरापूंजी में सबसे अधिक वर्षा होती है और अपनी इसी विशेषता के कारण यह स्थान बेहद प्रसिद्ध है। यह छुट्टी मनाने के लिए पूर्वोत्तर भारत के सबसे अच्छे स्थलों में से एक है। अगर आप प्रकृति के करीब रहकर एक अद्भुत अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं तो ऐसे में आपको चेरापूंजी जाना चाहिए। यहां पर घूमने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मई तक का माना जाता है। अगर आप यहां पर हैं तो ऐसे में रूट ब्रिज के नीचे कैंपिंग या चढ़ाई करते समय आप उष्णकटिबंधीय वनस्पतियों और जीवों का आनंद ले सकते हैं। यदि आप यहां अधिक समय तक रहना चाहते हैं तो आपको चेरापूंजी में कई होमस्टे भी मिल जाएंगे।

**काजीरंगा नेशनल पार्क एक यूनेस्को वर्ल्ड हैरिटेज साइट है। यह नेशनल पार्क सबसे बड़ी भारतीय गैंडों की आबादी का घर है। 430 वर्ग किलोमीटर का यह नेशनल पार्क कई अन्य जानवरों और पक्षियों का प्रजनन स्थल भी है।**



# गोवा में रहने के लिए खर्च नहीं करने पड़ेंगे पैसे, जानिए फ्री स्टे कैसे करें

**जब** भी कहीं बाहर घूमने की बात होती है तो दिमाग में सबसे पहला ख्याल आता है बजट। आपको सिर्फ आने-जाने में ही पैसे खर्च नहीं करने पड़ते, बल्कि होटल में स्टे करना भी काफी महंगा पड़ता है। हालांकि, अगर आप गोवा जा रहे हैं तो ऐसे में आप वहां पर आसानी से फ्री स्टे कर सकते हैं। जी हां, गोवा में जहां आपको लक्जरिश होटल की एक लंबी फेहरिस्त मिल जाएगी, वहीं ऐसे कई तरीके भी होते हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने गोवा में रहने का खर्च बचा सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको गोवा में फ्री स्टे के कुछ आसान तरीकों के बारे में बता रहे हैं-



पापी चुलो में रहने की बनाएं योजना

यह गोवा में फ्री में रहने की एक बेहतरीन जगह है। पापी चुलो वास्तव में एक हॉस्टल है और यहां पर रहने के लिए पैसे खर्च करने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, यहां पर रहने के लिए आपको बतौर वॉलेंटियर काम भी करना होगा। दरअसल, इन हॉस्टल्स में स्टाफ काफी कम होता है और इसलिए यहां पर रहने वाले लोग ही वॉलेंटियर के रूप में काम में हाथ बंटाते हैं। आप यहां पर वॉलेंटियर के रूप में बारटेंडिंग, रिसेप्शन, हेल्प डेस्क, हाउसकीपिंग और टूर गाइड के रूप में काम कर सकते हैं। जब आप उनके कामों में उनकी मदद करते हैं तो वे बदले में वे आपको फ्री में रहने की सुविधा प्रदान करते हैं। यहां पर रहकर वॉलेंटियर के रूप में काम करने से आपको एक लाभ यह भी होगा कि आप यहां पर दुनियाभर से आए लोगों से मिल पाएंगे। ऐसे में आपको कई नई चीजों को जानने का मौका मिलेगा।

**फोकलोर हॉस्टल में बिताएं वक्त**

फोकलोर हॉस्टल गोवा की उन बेहतरीन जगहों में से एक है, जहां पर आप फ्री स्टे कर सकते हैं। फोकलोर हॉस्टल आपको फ्री बेड और ब्रेकफास्ट का ऑप्शन देता है। हालांकि, इसके लिए आपको वहां पर वॉलेटिंयर के रूप में काम करना होगा। आप यहां पर कस्टमर्स के साथ बातचीत करके उन्हें आस-पास के दर्शनीय स्थलों के विकल्पों के बारे में बताएं। इस जगह की खासियत यह भी है कि अगर आप यहां पर हार्ड वर्क करते हैं और अपनी टारगेट सेल को पूरा करते हैं तो ऐसे में आपको कमीशन का एक निश्चित प्रतिशत दिया जाएगा। इसी तरह, यदि फ्रंट डेस्क वॉलेंटियर कस्टमर्स के साथ अच्छा बिहेव करके अच्छी समीक्षा अर्जित करता है तो उसे नकद मूल्य दिया जाता है। ऐसे में आप गोवा में ना केवल फ्री स्टे कर सकते हैं, बल्कि कुछ अतिरिक्त पैसे भी कमा सकते हैं।

**बीच पर बिताए वक्त**

गोवा में कई बीच है, जो आपको अच्छा वक्त बिताने का मौका देते हैं। इनकी खासियत यह होती है कि यहां पर रहने के लिए आपको कोई चार्ज देने की जरूरत नहीं है। साथ ही, यहां पर रहने के लिए आपको वॉलेंटियर बनने की भी आवश्यकता नहीं है। आप बीच पर ना केवल दिन में रूक सकते हैं, बल्कि रात में भी रह सकते हैं। यहां पर रहने का अपना एक अलग ही अनुभव होता है।

**फोकलोर हॉस्टल गोवा की उन बेहतरीन जगहों में से एक है, जहां पर आप फ्री स्टे कर सकते हैं। फोकलोर हॉस्टल आपको फ्री बेड और ब्रेकफास्ट का ऑप्शन देता है। हालांकि, इसके लिए आपको वहां पर वॉलेटिंयर के रूप में काम करना होगा।**

# राहुल द्रविड़ ने बदलवा दी नागपुर टेस्ट की पिच

## घास देख खुश नहीं थे टीम इंडिया के कोच

**एजेंसी। नागपुर**

**भारत** और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला नौ फरवरी से नागपुर के जामथा में खेला जाना है। खबर आ रही है कि इस मैच के लिए विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन (वीसीए) ने जो पिच तैयार करवाई थी वह टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ को पसंद नहीं आई। सूत्रों के मुताबिक द्रविड़ ने इसकी जगह पास वाली पिच को टेस्ट के लिए तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

### बदली गई साइट स्क्रीन की पोजीशन

भारतीय कोच के इस आदेश के बाद वीसीए को आनन-फानन में कई बदलाव करने पड़े हैं। साइट स्क्रीन की पोजीशनिंग में बदलाव करना पड़ा है। इसके अलावा मैच के लाइव टेलीकास्ट के लिए लगाए जा रहे कैमरे की जगह को भी बदला गया है।

इस स्टोरी में हम जानेंगे कि यह सब क्यों हुआ है। साथ ही हम यह भी जानने की कोशिश करेंगे कि इस टेस्ट के लिए पिच का इतना महत्व क्यों है? टेस्ट मैच के लिए वीसीए जो पिच तैयार करा



रहा थी वह स्पिन फ्रेंडली नजर नहीं आ रही थी। घरेलू परिस्थितियों में भारतीय टीम को ऐसी पिच ज्यादा रास आती है जो पहले दिन से स्पिन गेंदबाजी के लिए मददगार हो। द्रविड़ ने जब पिच का मुआयना किया तो उन्होंने पाया कि यह भारतीय टीम के लिए मुफीद नहीं होगी। इसके बाद उन्होंने पास वाली पिच को टेस्ट के लिए तैयार करने के निर्देश दिए। साइट स्क्रीन और ब्रॉडकास्टिंग कैमरे की पोजीशनिंग पिच के हिसाब से तैयार की जाती है। पिच में बदलाव की स्थिति में इनमें भी बदलाव किए गए हैं। अगले ग्राफिक में देखिए जामथा में टीम इंडिया का अब तक का रिकॉर्ड कैसा रहा है। इसके बाद उस किस्से की बात करेंगे जब नागपुर की पिच देखकर सौरव गांगुली कैसे बीमार पड़ गए थे।

# शुभम ने भारोत्तोलक में जीता कांस्य पदक

**इंदौर।** खेलो इंडिया युवा खेलों के दौरान लड़कों के 61 किलोग्राम भार वर्ग में मंगलवार को कांस्य पदक जीतने वाले महाराष्ट्र के भारोत्तोलक शुभम विजय कालभोर अपनी इस कामयाबी पर खुश हैं।

कालभोर ने खेलो इंडिया युवा खेलों में स्नैच और क्लीन एंड जर्क मिलाकर कुल 240 किलोग्राम वजन उठाया और तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने कहा, मैंने अपने बेहतरीन प्रदर्शन की कोशिश की। मैं अगर थोड़ा वजन और उठा लेता, तो रजत पदक जीत सकता था। अगली बार मैं बेहतर तैयारी के साथ खेलूंगा। कालभोर ने बताया कि उनका परिवार महाराष्ट्र के पुणे के पास ग्रामीण इलाके में खेती करता है और सब्जियां उगा कर बेचता है। उन्होंने कहा, मैं पहले किक बॉक्सिंग खेलता था।

## संक्षिप्त समाचार

### तुर्किये : लापता चेलसी के पूर्व फॉरवर्ड अत्सु को सुरक्षित निकाला

**लंदन।** चेलसी और न्यूकैसल के पूर्व फॉरवर्ड क्रिस्टियन अत्सु को तुर्किए में आए विनाशकारी भूकंप के बाद से मलबे से सुरक्षित निकाल लिया गया है। घाना फुटबॉल संघ ने ट्विटर पर यह जानकारी दी। घाना के खिलाड़ी अत्सु तुर्किये के क्लब हातायिस्पोर के लिए खेलते हैं। क्लब के प्रवक्ता मुस्तफा ओजात ने बताया था कि वह उस इमारत में थे जो नष्ट हो चुकी है। क्लब के दो खिलाड़ियों को मलबे से सुरक्षित निकाला जा चुका है। अत्सु के बारे में पता नहीं लग पा रहा था लेकिन घाना फुटबॉल संघ ने मंगलवार को अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर लिखा , हमें सकारात्मक खबर मिली है कि क्रिस्टियन अत्सु को सकुशल निकाल लिया गया है। उनका उपचार चल रहा है लेकिन उसके बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। तुर्किये और पड़ोसी देश सीरिया में सोमवार को आए 7.8 की तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप में पांच हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई जबकि हजारों की संख्या में लोग घायल हुए हैं। भूकंप से हजारों इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा है। हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका है, क्योंकि बचावकर्मी अब भी प्रभावित इलाकों में मलबे में फंसे लोगों की तलाश में जुटे हैं। सीमा के दोनों ओर भूंकप का झटका सूर्योदय से पहले महसूस हुआ और लोगों को सर्दी तथा बारिश के बावजूद बाहर आना पड़ा।

### सानिया और बेथानी अबु धाबी ओपन के पहले दौर से बाहर

**अबुधाबी।** भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और अमेरिका की बेथानी माटेक सैंड्स की जोड़ी को अबुधाबी ओपन के पहले दौर में बेल्जियम की क्रिस्टीन फ्लिपकेंस और जर्मनी की लौरा सीजमंड ने हरा दिया। सानिया और माटेक को करीब सवा घंटे तक चले मैच में 3-6, 4-6 से पराजय झेलनी पड़ी। छह बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन सानिया 19 फरवरी से शुरू हो रही दुबई टेनिस चैम्पियनशिप के बाद खेल को अलविदा कहने जा रही है। पिछले महीने सानिया और रोहन बोपन्ना आस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल में उपविजेता रहे थे। उन्हें ब्राजील के रफेल मातोस और लुइसा स्टेफानी ने हराया था। वह ग्रैंडस्लैम में सानिया का आखिरी मैच था।

# जनवरी के बेस्ट प्लेयर के लिए भारत के दो खिलाड़ी नामित

## दोहरा शतक लगाने वाले गिल प्रबल दावेदार

### शुभमन ने 2023 की शुरुआत शानदार अंदाज में की थी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**आईसीसी** ने मंगलवार को भारत के दो खिलाड़ियों को पुरुषों की कैटेगरी में जनवरी महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित किया है। शुभमन गिल और मोहम्मद सिराज को आईसीसी ने इस अवॉर्ड के लिए नामित किया है। दोनों खिलाड़ियों का प्रदर्शन जनवरी में शानदार रहा है। इनके अलावा पुरुषों में न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे तीसरे दावेदार हैं। महिलाओं के प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए ऑस्ट्रेलिया की फीबी लिचफील्ड, बेथ मूनी और इंग्लैंड की ग्रेस स्क्रिवेंस को नामित किया गया है।



शुभमन ने 2023 की शुरुआत शानदार अंदाज में की थी। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ इसी साल डेब्यू किया था। इसमें वह सिर्फ सात रन ही बना सके थे। इसके बाद पुणे में दूसरे टी20 मैच में भी वह दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके थे। राजकोट में तीसरे टी-20 में शुभमन 46 रन बना पाए थे।

श्रीलंका के खिलाफ वनडे में शुभमन शानदार फॉर्म में दिखे थे। उन्होंने तीन वनडे में 70, 21 और 116 रन की पारियां खेली थीं। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ शुभमन ने तो तहलका मचा दिया। हैदराबाद में पहले वनडे में उन्होंने 149 गेंदों पर 208 रन की पारी खेली थी, जिसमें उनके साथी बल्लेबाज 28 से ज्यादा का आंकड़ा नहीं छू सके थे। इसके बाद दूसरे वनडे में नाबाद 40 रन और तीसरे वनडे में 112 रन की पारी खेली थी। इस सीरीज में उन्होंने कुल 360 रन बनाए और तीन मैचों की वनडे सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में बाबर आजम के रिकॉर्ड की बराबरी की।

इसी फॉर्म को गिल ने फरवरी में भी जारी रखा और न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में 63 गेंदों पर 126 नाबाद रन की पारी खेली। 17 दिनों के अंदर गिल ने चार शतक जड़े। साथ ही भारत के पांचवें बल्लेबाज बने, जिनके नाम तीनों फॉर्मेट में शतक हैं। जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने के बाद से भारतीय तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी पूरी तरह से सिराज के ईर्दगिर्द घूम रही है। उन्होंने इस मौके का शानदार फायदा उठाया और कहर बरपाती गेंदों से विपक्षी बल्लेबाजों को खूब परेशान किया है। इसका नतीजा यह हुआ कि सिराज फिलहाल वनडे में नंबर वन बॉलर हैं।

श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में जब बाकी भारतीय गेंदबाजों की धुनाई हो रही थी, तब सिराज ने सात ओवर में मात्र 30 रन देकर दो विकेट झटके थे। इसके बाद दूसरे वनडे में भी उन्होंने 30 रन देकर दो विकेट और तीसरे वनडे में 32 रन देकर चार विकेट झटके थे। श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में वह हाईएस्ट विकेटटेकर रहे थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ हैदराबाद वनडे में सिराज ने 10 ओवर में 46 रन देकर चार विकेट झटके थे। रायपुर में दूसरे वनडे में सिराज ने छह ओवर में एक मेडन और 10 रन देकर एक विकेट लिया था। जनवरी में पांच मैचों में उनका इकोनॉमी रेट 3.82 का रहा।

# ऑस्ट्रेलिया बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2-1 से जीत सकता है: डुमिनी



**एजेंसी। कोलकाता**

**भारतीय** टीम टेस्ट मैचों में घरेलू परिस्थितियों में हमेशा मजबूत मानी जाती है लेकिन दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला जेपी डुमिनी का मानना है कि चार मैचों की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी होगा और टीम 2-1 इसे जीत सकती है। इस श्रृंखला में भारत को ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह जैसे अहम खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलेगी लेकिन हरफनमौला रविन्द्र जडेजा घुटने की सर्जरी से उबर कर वापसी करने के लिए तैयार हैं।

नागपुर में नौ फरवरी से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के बारे में पूछे जाने पर डुमिनी ने कहा, मेरा मानना है कि यह काफी करीबी श्रृंखला होगी लेकिन मुझे सच में लगता है कि ऑस्ट्रेलिया के पास अच्छा मौका है। वे निश्चित रूप से ऐसी टीम है जो भारत को हरा सकती है। डुमिनी ने दक्षिण अफ्रीका (एसए) टी-20 लीग के द्वारा आयोजित ऑनलाइन बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया की टीम इसे 2-1 से जीतेगी और

### जडेजा घुटने की सर्जरी से उबर कर वापसी करने के लिए तैयार

उस्मान ख्वाजा श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनकर उभरेंगे। ख्वाजा ने इस साल जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिडनी टेस्ट में नाबाद 195 रन की पारी खेली थी।

एसए टी-20 लीग में पार्ल रॉयल्स टीम को कोचिंग दे रहे डुमिनी ने हालांकि कहा कि घरेलू परिस्थितियों में भारत को कमजोर आंकना गलती होगी। उन्होंने कहा, आप (रविचंद्रन) अश्विन के बारे में सोचते हैं, जिनका भारत में शानदार टेस्ट रिकॉर्ड है, वह शायद टीम के लिए सबसे अहम होंगे।

बाएं हाथ के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, जब टेस्ट क्रिकेट की बात आती है, तो आपको अपने संसाधनों का उपयोग करना होता है। भारत के पास (चेतेश्वर) पुजारा, विराट कोहली जैसे खिलाड़ी जो टेस्ट क्रिकेट में शानदार हैं। वे काफी रन बनाते हैं।

# भारत के अनुज किचलू फीफा फुटबॉल एजेंट कार्यसमूह के एकमात्र एशियाई सदस्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**बाला** देवी और संदेश झिंगन जैसे खिलाड़ियों को यूरोपीय क्लब ट्रांसफर में मदद कर चुके भारत के अनुज किचलू को फीफा फुटबॉल एजेंट कार्यसमूह में चुना गया है जो इसमें शामिल होने वाली इकलौती एशियाई हैं।

फीफा ने सोमवार को 18 सदस्यीय कार्यसमूह का ऐलान किया जो क्षेत्र में फुटबॉल एजेंटों की कार्यप्रणाली को लेकर सलाह देगा। इसमें दुनिया भर के पेशेवर हितधारकों के प्रतिनिधि और एजेंट संगठन है जो फुटबॉल एजेंटों से जुड़े मसलों पर स्थाई सलाहकार संगठन होगा। कार्यसमूह में यूरोप और लातिन अमेरिका का वर्चस्व है। कोलकाता से काम करने वाले किचलू स्पेनिश एजेंसी बेस्ट आफ यू (बॉय) के सदस्य हैं और 2012 से फुटबॉल खिलाड़ियों के एजेंट का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, फीफा के कार्यसमूह में हमें अपनी सलाह देनी है कि भारत में और इस क्षेत्र में एजेंट कैसे काम करते हैं। कार्यसमूह में अलग अलग क्षेत्रों के लोग हैं और हर तरह के एजेंट है। फीफा सभी से सलाह लेगा। किचलू इस समय दो कोचों, छह विदेशी खिलाड़ियों और 45 घरेलू फुटबॉलरों का काम देख रहे हैं।



### डब्लयूटेटे स्टार कंटेंडर गोवा में ओलंपिक चैम्पियन मा लॉन्ग मुख्य आकर्षण

**पणजी।** मौजूदा ओलंपिक चैंपियन मा लॉन्ग और चीन की चेन मेंग 27 फरवरी से पांच मार्च तक यहां होने वाले विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटेटे) स्टार कंटेंडर गोवा के लिए भारत आने वाले पुरुष और महिला शीर्ष खिलाड़ियों में आकर्षण के केन्द्र होंगे। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी माने जाने वाले 34 साल के मा लॉन्ग दो बार के ओलंपिक चैंपियन हैं। इस स्पर्धा के पुरुष एकल वर्ग में उनके हमवतन और मौजूदा विश्व चैंपियन तथा विश्व रैंकिंग के शीर्ष खिलाड़ी फैन जेन्डॉन्ग भी चुनौती पेश करेंगे। अनुभवी शरत कमल और साथियान ज्ञानसेकरण भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे।महिला वर्ग में चेन के अलावा उनकी हमवतन और दुनिया की नंबर एक सन यिंग्शा ने भी भागीदारी की पुष्टि की है।

# पहले टेस्ट में बतौर बल्लेबाज उतर सकते हैं कैमरन ग्रीन

### बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान आई थी ऊंगली में चोट

**एजेंसी। सिडनी**

**महान** विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट का मानना है कि आस्ट्रेलिया भारत के खिलाफ बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में हरफनमौला कैमरन ग्रीन बतौर बल्लेबाज उतर सकते हैं। तेईस वर्ष के ग्रीन दाहिने हाथ की ऊंगली की सर्जरी के बाद अब फिटनेस हासिल करने की राह पर हैं।दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दिसंबर में बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान उनकी ऊंगली की हड्डी टूट गई थी।



आस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड पहले ही कह चुके हैं कि ग्रीन फिलहाल गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे। गिलक्रिस्ट ने कहा, मुझे लगता है कि चयनकर्ता उन्हें छठे नंबर पर उतारेंगे बशर्ते वह पूरी तरह से फिट हों और ऊंगली की चोट का असर नहीं हो। उन्होंने कहा, इस टीम को एक दूसरे पर काफी भरोसा है और हर हालत में एक दूसरे का साथ देने को तैयार है।

आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड भी चोटों के कारण पहला टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। ग्रीन के गेंदबाजी नहीं करने पर स्कॉट बोलैंड को मौका मिल सकता है। गिलक्रिस्ट ने कहा, अगर बोलैंड खेलता है तो टीम के लिए बहुत अच्छा होगा।

वह काफी आक्रामक और सटीक गेंदबाज है। उन्होंने कहा, स्टार्क का नहीं खेल पाना बहुत बड़ा झटका है लेकिन भारतीय टीम में भी तो ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह नहीं है। मुकाबला बराबरी का होगा।

# प्रधानमंत्री मोदी को गिफ्ट में मिली मेसी की जर्सी

### बेंगलुरु में अर्जेंटीना की पेट्रोलियम कंपनी वाईपीएफ के अध्यक्ष ने तोहफे में दी




**एजेंसी। बेंगलुरु**

**प्रधानमंत्री** मोदी को सोमवार को एक खास तोहफा मिला। अर्जेंटीना की पेट्रोलियम कंपनी के अध्यक्ष पाब्लो गोंजालेज ने सोमवार को इंडिया एनर्जी वीक के मौके पर पीएम मोदी को मेसी टी-शर्ट भेंट की।

फीफा वर्ल्ड कप फाइनल के बाद पीएम मोदी ने लियोनल मेसी और अर्जेंटीना टीम को जीत बधाई दी थी। उन्होंने लिखा था, फीफा फाइनल 2022 को सबसे रोमांचक फुटबॉल मैचों में से एक के रूप में याद किया जाएगा। वर्ल्ड कप चैंपियंस बनने पर अर्जेंटीना को बधाई! उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। शानदार जीत पर अर्जेंटीना और मेसी के लाखों भारतीय प्रशंसक खुश है। अर्जेंटीना ने फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूट आउट में 4-2 से हराया था। तय 90 मिनट तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर रही थी। एक्स्ट्रा टाइम के बाद मुकाबला 3-3 की बराबरी पर रहा था। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट से फैसला हुआ।

# ऑस्ट्रेलिया के एरोन फिंच ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास

### 2021 में जिताया वर्ल्ड कप, ऑस्ट्रेलिया के हाईएस्ट टी-20 रन स्कोरर

**एजेंसी। कैनबरा**

**ऑस्ट्रेलिया** के टी-20 कप्तान एरोन फिंच ने मंगलवार को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया। फिंच ने पिछले साल वनडे से संन्यास लिया था। अब उन्होंने टी-20 से भी रिटायरमेंट ले लिया है। फिंच ऑस्ट्रेलिया की 2021 टी-20 वर्ल्ड कप विनिंग टीम के हिस्सा थे। फिंच टी-20 में ऑस्ट्रेलिया के हाईएस्ट रन स्करेर भी है।

टी-20ई क्रिकेट के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल कप्तान, फिंच बिग बैश लीग (बीबीएल) में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेलना जारी रखेंगे। साल 2022 फिंच के लिए बतौर कप्तान अच्छा नहीं रहा। टी-20 वर्ल्ड कप में मेजबान ऑस्ट्रेलिया नॉकआउट स्टेज में जगह बनाने में नाकाम रहा। इससे उनकी कप्तानी भी सवालों के घेरे में भी आई थी।



रिटायरमेंट के लिए जारी किए स्टेटमेंट में फिंच ने कहा, मुझे लगता है कि मैं 2024 टी-20 वर्ल्ड कप नहीं खेल पाऊंगा। इसलिए अभी रिटायरमेंट लेने का सही समय है। मुझे मैनेजमेंट को अगले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम के निर्माण और नए कप्तान को सेट होने के लिए समय देना चाहिए। 12 साल तक कप्तानी करके और दुनिया के बेस्ट प्लेयर्स के साथ खेल कर बहुत अच्छा लगा। फिंच ने टी-20 क्रिकेट के जरिए रिकॉर्ड बनाए। फिंच ऑस्ट्रेलिया के सबसे ज्यादा समय तक रहने वाले कप्तान बने। उन्हें 2013 में टी-20 की कप्तानी सौंपी गई थी। फिंच ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 76 मैचों में कप्तानी की। फिंच ने इंटरनेशनल क्रिकेट में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा मैच खेले। फिंच 3120 रनों के साथ ऑस्ट्रेलिया के हाईएस्ट टी-20 इंटरनेशनल रन स्कोरर भी है।

# चार से 26 मार्च के बीच होगा विमेंस प्रीमियर लीग



13 को होगा प्लेयर्स ऑक्शन, मुंबई और गुजरात फ्रेंचाइज के बीच हो सकता है ओपनिंग मैच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**विमेंस** प्रीमियर लीग का पहला एडिशन चार मार्च से 26 मार्च तक मुंबई में खला जाएगा। ब्रेबॉर्न स्टेडियम और डीवाई पाटिल स्टेडियम टूर्नामेंट के सभी मैचों की मेजबानी करेगा। इसमें पहला मैच गुजरात और मुंबई की फ्रेंचाइज के बीच खेला जा सकता है। आईपीएल प्रेजिडेंट ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

13 फरवरी को डब्ल्यूपीएल का ऑक्शन होगा। इसमें लगभग 1500 खिलाड़ियों ने लीग के लिए रजिस्टर कराया है और फाइनल लिस्ट इस सप्ताह के अंत में जारी होने की उम्मीद है।

मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में एक दिन का मेगा ऑक्शन होगा। पिछले दिनों खबरें आ रही थीं कि बीसीसीआई को ऑक्शन कराने के लिए होटल नहीं मिल रहे हैं। शादी का सीजन होने के कारण मुंबई और दिल्ली के ज्यादातर होटल बुक हो चुके थे। अब जाकर बीसीसीआई को होटल मिला है। 13 फरवरी की तारीख फ्रेंचाइजी मालिकों से बात कर तय की गई। क्योंकि फ्रेंचाइजी मैनेजमेंट इस वक्त यूएई की इंटरनेशनल लीग टी-20 और साउथ अफ्रीका की टी-20 लीग में व्यस्त हैं। ऐसे में डब्ल्यूपीएल के लिए उन्हें पर्याप्त समय चाहिए था। 12 तारीख तक दोनों लीग के फाइनल हो जाएंगे, ऐसे में 13 ही सबसे बेस्ट डेट थी।

एक डब्ल्यूपीएल टीम को ऑक्शन में खिलाड़ी खरीदने के लिए 12 करोड़ रुपये का पर्स मिलेगा। हर साल पर्स में 1.5 करोड़ रुपये का इजाफा होगा। पुरुष आईपीएल के मुकाबले यह राशि बहुत कम है।

मेंम आईपीएल में एक टीम के पास 95 करोड़ रुपये का पर्स रहता है। टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को छह करोड़, रनर-अप को 3 करोड़ और तीसरे नंबर पर रहने वाली टीम को एक करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

### इन पांच शहरों को मिलीं टीमें

**विमेंस** प्रीमियर लीग की पांच टीमों की नीलामी भी हो गई है। सबसे ज्यादा बोली अहमदाबाद फ्रेंचाइजी के लिए लगी है। इस फ्रेंचाइजी के एवज में अडाणी ग्रुप 1,289 करोड़ रुपये बोर्ड को देगा। अहमदाबाद के अलावा मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और लखनऊ की फ्रेंचाइजी पर बोली लगी है। यानी यही पांच टीमें विमेंस प्रीमियर लीग में शिरकत करेंगी।

### अंडर-19 खिलाड़ियों पर भी लगेगी बोली

**एक** टीम में कितनी खिलाड़ी शामिल हो सकती हैं, इस पर बीसीसीआई ने अभी तक कुछ नहीं कहा है। लेकिन, एक टीम में अगर 15 से 18 प्लेयर्स भी हुईं तो भी पांच टीमें करीब 75 से 90 खिलाड़ियों को खरीदेंगी। ऐसे में दुनिया भर की टॉप क्रिकेटर्स समेत भारत को अंडर-19 वर्ल्ड जिताने वालीं खिलाड़ियों पर भी बड़ी बोली लग सकती है।

# स्नेह राणा कैरियर की सर्वश्रेष्ठ छठी रैंकिंग पर, दीप्ति एक पायदान नीचे पहुंची

**एजेंसी। दुबई**

**भारत** की स्नेह राणा आईसीसी महिला टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ छठी पायदान पर पहुंच गई हैं जबकि दीप्ति शर्मा एक पायदान नीचे तीसरे स्थान पर आ गई हैं। ऑफ स्पिनर राणा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में 21 रन देकर दो विकेट लिए थे।

दक्षिण अफ्रीका की बाएं हाथ की स्पिनर एन एमलाबा ने दीप्ति को पछाड़कर दूसरे स्थान पर कब्जा कर लिया। भारत के खिलाफ फाइनल में उन्होंने 16 रन देकर दो विकेट लिए थे। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर एक पायदान ऊपर दसवें स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं दीप्ति शर्मा दो पायदान चढ़कर 23वें और हरलीन देयोल 20 पायदान चढकर 110वें स्थान पर है।

दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला चोले ट्रायोन शीर्ष पर बनी हुई हैं। दस फरवरी से शुरू हो रहे महिला टी-20 विश्व कप के दौरान आस्ट्रेलिया की बल्लेबाज ताहलिया मैकग्रा सर्वाधिक रेटिंग अंक हासिल करने वाली खिलाड़ी बन सकती हैं। वह चार्लोट एडवडर्स का 843 अंक का रिकार्ड तोड़ने से 40 अंक पीछे हैं।